# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 30 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-134 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका और ईरान एक-दूसरे पर हमले रोकने पर राजी

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान ने फिलहाल एक-दूसरे पर सैन्य हमले रोकने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच पिछले 3 दिनों से हमले जारी थे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान में 17 जून को हुए समझौते के सभी बिंदुओं पर बातचीत जारी रहेगी। इसी सिलसिले में मंगलवार को कतर में दोनों देशों के प्रतिनिधि तकनीकी स्तर की वार्ता करेंगे। समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही नहीं रोकी जाएगी। हाल के दिनों में इसी जलमार्ग को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था।

### रेप-हत्या के दोषी 65 साल के व्यक्ति को फांसी की सजा

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में 3 साल की बच्ची से रेप और हत्या करने के आरोपी 65 साल के दोषी भीमराव कांबले को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट का यह फैसला वारदात के 60 दिन बाद आया है। अदालत ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी का बताते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य बेहद क्रूर, अमानवीय और बर्बर था। सोमवार सुबह 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को अदालत में पेश किया गया था। कांबले पेशे से मजदूर हैं। वह 7 बच्चों का पिता और 11 बच्चों के दादा हैं। वकील ने कहा था कि कांबले सुधरने योग्य नहीं है। इससे पहले वह एक 62 साल की महिला, एक 17 साल की लड़की और एक पशु के साथ भी अपराध कर चुका है।

### रफ्तार का कहर : सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत, दस घायल

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में रविवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सिंघौल थाना क्षेत्र के अंग्रेजी ढाला के पास एनएच-31 पर दो स्कॉर्पियो की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। जानकारी के मुताबिक रविवार रात हिमांशु के दोस्त का जन्मदिन था। पार्टी में 6 युवक शामिल हुए। इसके बाद सभी रात करीब 12:30 बजे एक स्कॉर्पियो से गंगा स्नान करने के लिए सिमरिया चले गए।

# बिहार के हाईवे प्रोजेक्ट्स पर केंद्र सरकार के साथ बनी सहमति

## नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले सीएम सम्राट चौधरी



**नई दिल्ली/ पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को दिल्ली पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस बैठक में बिहार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र और विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बिहार के अंदर रोड कनेक्टिविटी और नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट्स की बारीकी से समीक्षा की गई। सीएम सम्राट ने कहा कि इस मुलाकात का मकसद बिहार की सड़क परियोजनाओं को एक नई और तेज गति देना है।

**गोरखपुर-सिलीगुड़ी और बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे पर सहमति :** करीब आधे घंटे तक चली इस बैठक के बाद पथ निर्माण मंत्री शैलेंद्र ने मीडिया को बताया कि बिहार के लगभग सभी हाईवे प्रोजेक्ट्स पर केंद्र सरकार के साथ सहमति बन गई है। बैठक में मुख्य रूप से गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, रक्सौल-हल्दिया और बक्सर-भागलपुर जैसे बड़े हाईवे को लेकर चर्चा हुई और उनके काम को आगे बढ़ाने पर मुहर लगी। इसके अलावा, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जो प्रोजेक्ट जमीन अधिग्रहण या अतिक्रमण की वजह से फंसे हुए थे, उनका भी समाधान निकाल लिया गया है।

**फोरलेन को सिक्सलेन में बदलने की तैयारी :** पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि बिहार सरकार ने केंद्र के सामने राज्य के फोरलेन हाईवे को सिक्सलेन में बदलने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही जहां भी जमीन मिलने में दिक्कत आ रही है या वन विभाग के क्लीयरेंस की वजह से काम रुका हुआ है, उन रुकावटों को तेजी से दूर किया जा रहा है। बता दे सीएम सम्राट चौधरी सोमवार दोपहर पटना से दिल्ली आए थे, हवाई अड्डे से सीधे बिहार भवन और फिर गडकरी के आवास पहुंचे। वे आज रात ही वापस पटना लौट जाएंगे।

### मोदी कैबिनेट में फेरबदल की चर्चाओं के बीच मुलाकात

यह बैठक ऐसे समय पर हुई है जब दिल्ली के सियासी गलियारों में नरेंद्र मोदी कैबिनेट के विस्तार और फेरबदल की खबरें तेज हैं। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जल्द ही बड़ा बदलाव हो सकता है, जिसके तहत कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है और कुछ के विभाग बदले जा सकते हैं।

### वेयर हाउस में आग, 50 लाख से अधिक की संपत्ति राख

**पटना (एनएसबी)।** पटना सिटी के महुली रोड पर एक वेयरहाउस में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मियों को जेसीबी से दीवार तोड़कर अंदर जाना पड़ा। आग इतनी भयावह थी कि फायर ब्रिगेड की 21 गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। इस अगलगी की घटना में डालडा, रिफाइंड और सरसों तेल सहित 50 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करमली चक इलाके में रविवार की रात करीब 12:30 बजे घटना घटी। पड़ोस के गार्ड अजीत ने सबसे पहले गोदाम से धुआं उठते देखा।

# पटना मेट्रो रेल परियोजना को तय समय में करें पूरा : सीएम

## 2 को मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल परियोजना के विस्तारीकरण का होगा लोकार्पण



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार एवं पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों ने न्यू आईएसबीटी से अकाशवाणी तक प्रस्तावित कॉरिडोर 1 तथा न्यू आईएसबीटी से मीठापुर (जगनपुरा होते हुए) तक चल रहे कार्यों सहित पूरे परियोजना की कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 2 जुलाइ को मलाही पकड़ी तक के मेट्रो रेल परियोजना के विस्तारीकरण का लोकार्पण किया जायेगा। इससे शहरवासियों को आवागमन में सहूलियत होगी, साथ ही समय की भी बचत होगी। पटना मेट्रो शहर की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनानेवाली एक महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट कार्ययोजना एवं समयसीमा निर्धारित करते हुए सभी कार्य समय पर पूर्ण करें। सीएम ने कहा कि मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए प्रभावी एवं वैज्ञानिक ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करें। उन्होंने पूरे पटना शहर की यातायात व्यवस्था का व्यापक अध्ययन कर जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समग्र ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने को कहा। सीएम ने कहा कि परियोजना के विभिन्न स्थलों पर एक साथ तेजी से कार्य किए जाएं, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना पूरी की जा सके। निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति की सतत समीक्षा करें और समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो के संचालन से राजधानीवासियों को सुरक्षित, तेज, आधुनिक एवं विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे सड़क यातायात का दबाव कम होगा, प्रदूषण में कमी आएगी तथा लोगों का आवागमन अधिक सुगम और सुविधाजनक होगा।

**मुख्य बिंदु**

- सीएम ने की पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा
- निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा बर्दाश्त
- आम नागरिकों के मद्देनजर प्रभावी ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने का निर्देश

### सैटेलाइट टाउनशिप के मास्टर प्लान को समयसीमा में तैयार करें

**पटना।** सीएम सम्राट ने समीक्षा बैठक के दौरान पटना के प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप के मास्टर प्लान को निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजधानी के सुनियोजित विस्तार एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सैटेलाइट टाउनशिप का विकास समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाना आवश्यक है। उक्त बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर. पुडुकलकट्टी, भवन निर्माण विभाग के सचिव प्रणव कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राजद सांसद ने आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारियों पर उठाए सवाल

**रिशुश्री टेंडर मामला**
**पूरे मामले की कोर्ट निगरानी में हो जांच**



**पटना (एनएसबी)।** राजद सांसद सुधाकर सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिशु श्री टेंडर मामले को लेकर बिहार सरकार और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारियों को निशाने पर लेते हुए पूरे मामले की अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की।

सुधाकर सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षा विभाग में घोटालों की शुरूआत आनंद किशोर के कार्यकाल में हुई। उनका दावा है कि पिछले 10 वर्षों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पहले टॉपर घोटाला हुआ था और इस बार भी उसी तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बक्सर सांसद ने आनंद किशोर पर बेहद गंभीर आरोप लगाए और उन्हें सबसे बड़ा माफिया तक कह दिया। उन्होंने दावा किया कि कथित रिशु श्री को सबसे पहला टेंडर आनंद किशोर ने ही दिया था। सांसद ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार पर भी आरोप लगाया कि उनके संरक्षण में आनंद किशोर कथित घोटालों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारी इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार हैं। सुधाकर सिंह ने कहा कि जिस तरह चारा घोटाले की जांच न्यायिक निगरानी में हुई थी, उसी तर्ज पर इस पूरे मामले की भी कोर्ट की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए।

### खड़गे फिर से राज्यसभा में बने विपक्ष के नेता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर से राज्यसभा में विपक्ष के नेता बन गए है। 25 जून 2026 को मल्लिकार्जुन खड़गे का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसके उपरांत वे तकनीकी रूप से राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद पर नहीं रह गए थे। हालांकि सोमवार को जारी एक आधिकारिक संसदीय बुलेटिन में बताया गया कि खड़गे के राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के साथ ही उनको सदन में नेता विपक्ष के तौर पर मान्यता प्रदान की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।

# राष्ट्रपति ने 105 सैन्य अधिकारियों और कर्मियों को विशिष्ट सेवा अलंकरण से किया सम्मानित

## इनमें 7 सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, 30 परम विशिष्ट ,12 उत्तम युद्ध व 56 अति विशिष्ट सेवा पदक शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह 2026 (द्वितीय चरण) में सशस्त्र सेनाओं तथा भारतीय तटरक्षक बल के 105 अधिकारियों और कर्मियों को विशिष्ट सेवा अलंकरण प्रदान किए। इन सम्मानों में 7 सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, 30 परम विशिष्ट सेवा पदक, 12 उत्तम युद्ध सेवा पदक तथा 56 अति विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। ये अलंकरण उन सैन्य अधिकारियों और कर्मियों को प्रदान किए गए, जिन्होंने शांति और ऑपरेशनल दोनों परिस्थितियों में असाधारण नेतृत्व, उत्कृष्ट पेशेवर दक्षता तथा राष्ट्र सेवा के प्रति अद्वितीय समर्पण का परिचय दिया।

समारोह में थल सेना, नौसेना, वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अति विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में एयर मार्शल तरुण चौधरी, लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वर्ष्णेय, लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहेला, लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वंड्रा, लेफ्टिनेंट जनरल मोहिंदर पाल सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल शमशेर सिंह विर्क, लेफ्टिनेंट जनरल आदित्य विक्रम सिंह राठी, लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल पुनीत आहूजा प्रमुख रहे। नौसेना से वाइस एडमिरल आनंद वाई सरदेसाई, वाइस एडमिरल रजत कपूर, वाइस एडमिरल श्रीनिवास कुदारावल्ली, वाइस एडमिरल सुशील मेनन और वाइस एडमिरल अनिल जग्गी को सम्मानित किया गया। वायु सेना के एयर मार्शल मेहताब सिंह देसवाल, एयर मार्शल के. ए. ए. संजीब तथा एयर मार्शल एस. श्रीनिवास राव को भी अति विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। भारतीय तटरक्षक बल के अतिरिक्त महानिदेशक डॉनी माइकल को भी इस सम्मान से अलंकृत किया गया। मेजर जनरल स्तर के अधिकारियों में सुधीर कुमार शर्मा, सुजीत शिवाजी पाटिल, गुरप्रीत सिंह चौधरी, आशीष शाह, अमर रामदासानी, विकास चौधरी, तरुण अग्रवाल, विक्रांत सुरेश देशपांडे, विवेक नारंग, परनवीर सिंह पुनिया, अरिंदम साहा और महिपाल सिंह राठौड़ सहित कई अधिकारियों को अति विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। विशेष रूप से 9 असम रेजिमेंट के सूबेदार एच होकाटो सेमा को भी अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान किसी जूनियर कमीशंड अधिकारी को प्रदान किया जाना उनकी विशिष्ट और प्रेरणादायी सेवा का प्रमाण माना जा रहा है।

**सीबीएसई का फैसला**

### तीसरी भाषा में बोर्ड परीक्षा नहीं होगी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीएसई ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की।बोर्ड ने साफ किया है कि मौजूदा 10वीं के छात्रों पर थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू नहीं होगी। वहीं, अभी 7वीं, 8वीं और 9वीं में पढ़ रहे छात्रों को 10वीं में पहुंचने पर तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देना होगा। सीबीएसई की अकादमिक निदेशक प्रज्ञा एम सिंह ने बताया कि 2026-27 में पहले से 9वीं में पढ़ रहे छात्रों को एक बार की छूट भी दी है। ऐसे छात्र दो विदेशी (गैर-भारतीय) भाषाएं पढ़ना जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें तीसरी भाषा के रूप में एक भारतीय भाषा जोड़नी होगी। इस तीसरी भाषा का मूल्यांकन स्कूल करेगा और 10वीं बोर्ड परीक्षा में इसका पेपर नहीं होगा।इससे पहले बोर्ड ने कहा था कि विदेशी भाषा तभी चुनी जा सकेगी, जब छात्र दो भारतीय भाषाएं पढ़ें या उसे चौथी अतिरिक्त भाषा के रूप में लें।

**केंद्र का बड़ा फैसला**

### एक जुलाई से हटेंगे पेट्रोल-डीजल बिक्री पर लगे सभी प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बिक्री एवं वितरण पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंधों को वापस लेने का फैसला किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने घोषणा की है कि 1 जुलाई 2026 से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के खुदरा बिक्री केंद्रों के माध्यम से मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) और हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की बिक्री पर लागू अस्थायी नियामक उपाय समाप्त कर दिए जाएंगे। सरकार ने बताया कि पश्चिम एशिया में पैदा हुए भू-राजनीतिक संकट के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई थी। इसके बावजूद सरकार ने देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर बनाए रखा, ताकि आम उपभोक्ताओं पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ न पड़े। हालांकि, खुदरा कीमतें स्थिर रहने और थोक उपभोक्ताओं के लिए लागू कीमतों में अंतर बढ़ने के कारण कई औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत उपभोक्ताओं ने खुदरा पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदना शुरू कर दिया। इससे कई स्थानों पर ईंधन की जमाखोरी, हेराफेरी और कालाबाजारी की शिकायतें सामने आईं, जिससे आम उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की समान और सुचारु आपूर्ति प्रभावित होने लगी।

# खामेनेई की अंतिम विदाई में बिहार के राज्यपाल करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**प्रधानमंत्री मोदी को आया था निमंत्रण, अब सैयद अता हसनैन और एमओएस पबित्रा मार्गेरिटा होंगे शामिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान के पूर्व सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को मौत के लगभग 130 दिनों के बाद 4 जुलाई को दफनाया जाएगा। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा खामेनेई के जनाजे और दफनाने की रस्मों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया था। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार, ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को दफनाने का कार्यक्रम 4 से लेकर 9 जुलाई तक होगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, खामेनेई और उनके परिवार के सदस्यों के लिए समारोह तेहरान, कोम और मशहद में होंगे। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से किए गए हमले में अयातुल्लाह अली खामेनेई और उनके परिवार के कुछ लोगों की मौत हो गई।

### राम मंदिर चढ़ावा मामला : 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए गिरफ्तार सभी आठ आरोपी

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों को सोमवार को अयोध्या की एक अदालत में पेश किया गया। आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से सभी आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले में सभी आरोपियों को अब 13 जुलाई को कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। कोर्ट में पुलिस ने कहा कि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। अभी कई पहलुओं से जांच की जानी है, ऐसे में आरोपियों को न्यायिक हिरासत में रखना जरूरी है। पुलिस ने पहले ही कहा था कि फिलहाल वह उनकी हिरासत नहीं मांगेगी, बल्कि जांचकताओं द्वारा पूछताछ के लिए प्रश्नों की विस्तृत सूची तैयार करने के बाद आने वाले दिनों में हिरासत में लेगी।

## खबरें : एक नजर में

### लावारिस ट्रक से 400 कार्टन बियर बरामद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अगमकुआं थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ 30 एनआरएल पेट्रोल पंप के पास खड़े लावारिस ट्रक से 400 कार्टन बियर बरामद। 300 कार्टन बिहार सरकार को सप्लाई लिखा दवा की ओट में लाया गया। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि एक्साइज इंस्पेक्टर अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में जब्त बियर की कीमत करीब 15 लाख है।

### सड़क मरम्मत कार्य के कारण आरएन सिंह मोड़ राजेंद्र नगर मार्ग में परिवर्तन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** यातायात पुलिस के मुताबिक सभी आम नागरिकों और वाहन चालकों को सूचित किया जाता है कि अति-आवश्यक सड़क मरम्मत कार्य के कारण शहर के यातायात मार्ग में अस्थायी बदलाव किया गया है।

29 जून रात्रि और 30 जून की मध्यरात्रि के बाद प्रातः 2 बजे से सुबह 5 बजे तक), आर.एन. सिंह रोड से राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूर्णतः बंद रहेगी। यात्रीगण समय का विशेष ध्यान रखें, यह कार्य केवल आज की रात (मंगलवार सुबह होने तक) ही निष्पादित किया जाएगा।

### बिहार में घोटाले की जांच में ही घोटाला, एनडीए शासन की असली तस्वीर : कुणाल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने शिक्षा विभाग में हुए घोटाले की जांच में ही हुए घोटाले पर तीखी प्रतिक्रिया दी एवं सरकार पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बिहार के सरकारी स्कूलों में 885 करोड़ की खरीद योजना में घोटाले की जांच में ही घोटाला होना एनडीए सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मंत्रालयों से लेकर अधिकारियों तक की मिलीभगत को उजागर कर रहा है। भाजपा भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की बजाए संरक्षण देती है। एनडीए राज में भ्रष्टाचार संस्थागत हो चुका है। बिहार के स्कूलों में बेंच, डेस्क, बैग, बोरिंग थाली की खरीद में भारी गड़बड़ी हुई थी जिसे विधानसभा में भी उठाया गया था। उसके बाद बनी जांच समिति ने गड़बड़ी को उजागर करती हुई फाइलों को ही गायब कर दिया। जिसे दोष तय करना था उसने ही मामले को दबाने एवं गड़बड़ियों को छुपाने की कोशिश की। क्या यह सरकार के इशारे पर नहीं हुआ हैएक तरफ शिक्षा मंत्री भ्रष्टाचार पर जीरो टलरेंस का दावा करते हैं ,वही दूसरी तरफ घोटाले की जांच में ही घोटाला हो रहा है। मामले में दोषियों पर अविलंब कार्रवाई हो। घोटाले की जांच भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष समितियों से कार्रवाई जाए।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने किया दरियापुर भट्ठी में नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

### स्थानीय लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**पटना / एनएसबी।** पटना के वार्ड-38 स्थित दरियापुर भट्ठी में सोमवार को नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा मौजूद रहे।

यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के हजारों लोगों को उनके घर के निकट बेहतर और सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास 21 फरवरी 2025 को एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया था।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि केंद्र में दो एमबीबीएस डॉक्टर, पाँच एएनएम, एक लैब तकनीशियन, एक फार्मासिस्ट तथा एक डाटा एंट्री ऑपरेटर की तैनाती की गई है। वर्तमान में यहां दो बेड की व्यवस्था है, जिसे आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यहां दवाइयां, चिकित्सक और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा यह केंद्र स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरे बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य में 11 लेवल-3 ट्रामा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही बिहार के पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी और मध्य जोन में पाँच लेवल-2 ट्रामा सेंटर विकसित करने की योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है।



पटना के वार्ड-38 स्थित दरियापुर भट्ठी में सोमवार को नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने किया।

उन्होंने बताया कि एलएनजेपी अस्पताल में जल्द ही 400 बेड की नई सुविधा शुरू होगी, जहां ऑर्थोपेडिक एवं स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर स्थापित किया जाएगा। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए राज्य के लगभग 15 हजार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एक विशेष सफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से डॉक्टरों की उपस्थिति, ओपीडी, आईपीडी, सर्जरी तथा वार्ड राउंड की निगरानी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जाएगी।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में रिक्तपदों को भरने के लिए जल्द नई नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी तथा सामुदायिक अस्पतालों को स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि राज्य के लोगों को अपने जिले में ही बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

### बिहार की जियो-टैगिंग पहल को ग्रामीण आवास के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना

**नई दिल्ली / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने नई दिल्ली में दो दिवसीय (28 व 29 जून) आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री शामिल हुए और ग्रामीण समृद्धि को गति देने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा की गई।

'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' थीम पर आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में गांवों के विकास को केंद्र में रखा गया। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। उन्होंने विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में गांवों की अहम भूमिका को रेखांकित किया।

इस दौरान बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्र सरकार से पीएम आवास योजना और वीबी जी राम जी में कुछ अहम बदलाव को लेकर सुझाव दिए। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत 61 लाख आवासों के लिए जल्द राशि जारी की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना में बीबी जी राम जी के तहत मजूदरी भी दी जाए। ठीक उसी तरह जैसे पीएम आवास योजना में प्रदान की जाती है। पीएम आवास योजना 2015 से लागू है, इसके तहत बने आवासों की मरम्मति के लिए केंद्र सरकार अतिरिक्तराशि प्रदान करे।

### सहकारिता सप्ताह समारोह के तहत 6 जुलाई तक राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार का सहकारिता विभाग राष्ट्रीय सहकारी नीति-2025 के तर्ज पर बिहार सहकारिता नीति-2026 को जल्द लागू करने वाला है। बिहार को 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का रास्ता कृषि और सहकारिता (कोऑपरेटिव) क्षेत्र से होकर ही जाएगा। इसके लिए सहकारी समितियों का मजबूत तंत्र तैयार करना होगा।

ये बातें सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने सोमवार को ऊर्जा अडिटोरियम में कहीं। वे भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारिता सप्ताह के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल), नई दिल्ली तथा सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित किया गया था।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता की अवधारणा राष्ट्रीय चेतना में रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जुलाई 2021 को अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। भारत सरकार के सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में एक आधुनिक सहकारिता नीति लाई गई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए बिहार को भी 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना होगा। बिहार के पास आज युवाओं की बड़ी आबादी है। हमें अपनी नई नौजवान पीढ़ी को उनके घर के पास रोजगार देना है और पलायन को रोकना है। सहकारिता क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में लाखों नए रोजगार सृजित करने की असीम संभावनाएं हैं। सहकारिता में इतनी क्षमता है कि वह प्रत्येक पंचायत को आर्थिक पावर हाउस बना सकती है।

# भाजपा ही बढ़ाएगी अति पिछड़ा समाज का राजनीतिक प्रतिनिधित्व : डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 22 जून को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित आभार सह अभिनंदन समारोह (अति पिछड़ा सम्मेलन) के सफल आयोजन के उपरांत सोमवार को पटना में 18 जिलों से आए कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन की सफलता, संगठनात्मक मजबूती एवं समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से बिहार सरकार के मंत्री एवं अति पिछड़ा समाज के सर्वमान्य नेता डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी को इस भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के लिए बधाई एवं अनंत मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस सम्मेलन ने अति पिछड़ा समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान की है तथा समाज के लोगों में राजनीतिक जागरूकता एवं संगठनात्मक एकजुटता को और मजबूत किया है।



समीक्षा बैठक में बोलते मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ।

इस अवसर पर डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि अति पिछड़ा समाज संगठित होकर अपनी राजनीतिक पकड़ को और अधिक सशक्त बना सकता है तथा अपनी भागीदारी को बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय हिंदुत्व और भारतीय जनता पार्टी के विचारों को आगे बढ़ाने का दौर है। यदि अति पिछड़ा समाज भाजपा से मजबूती से जुड़ता है तो पार्टी और सरकार में उसकी भूमिका तथा सम्मान दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने हाल ही में अति पिछड़ा समाज के दो प्रतिनिधियों को विधान परिषद का सदस्य बनाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा इस वर्ग की राजनीतिक भागीदारी को निरंतर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने समाज के लोगों से आपसी भाईचारा, सहयोग और एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता और संगठन ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। समाज के सभी वर्गो को मिल-जुलकर रहना चाहिए और अपने सामूहिक हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

डा. चंद्रवंशी ने कहा कि यह आम धारणा रही है कि अति पिछड़ा समाज अपने विवेक से मतदान नहीं करता, बल्कि विभिन्न प्रभावों में आकर निर्णय लेता है। अब समय आ गया है कि इस सोच को पूरी तरह बदला जाए और समाज अपने हितों, विकास तथा राजनीतिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए जागरूकता के साथ निर्णय ले। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

बैठक में 18 जिलो से आये सभी कार्यकर्ताओं को मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार तथा अति पिछड़ा समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में सरजू ठाकुर, राजदेव पंडित, दारो बिंद, मुकेश शर्मा, डा. अरविंद, शिवशंकर राम, टुनटुन साव, विजय साहनी समेत 18 जिले के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## खबरें खास-खास

### बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डा. संजीव चौरसिया ने दो पुस्तकों का किया विमोचन

#### डा. डीके श्रीवास्तव हैं दोनों पुस्तकों के लेखक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डा. संजीव चौरसिया ने रविवार को चाणक्य होटल में आयोजित समारोह में प्रख्यात चिकित्सक व साहित्यकार डा. डीके श्रीवास्तव द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया।

विमोचित पुस्तकों में 'मधुमेह : एक मार्गदर्शिका' तथा 'जब ये दिन ढल जाएंगे' शामिल हैं। 'मधुमेह : एक मार्गदर्शिका' स्वास्थ्य जागरूकता और मधुमेह संबंधी उपयोगी जानकारी पर आधारित है जबकि 'जब ये दिन ढल जाएंगे' एक काव्य-संग्रह है। इसमें जीवन के विविध भावों की अभिव्यक्ति झलकती है।



पुस्तकों के विमोचन समारोह में उपस्थित लोग।

अपने संबोधन में मुख्य सचेतक ने डा. श्रीवास्तव के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा के साथ साहित्य सृजन के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने डा. श्रीवास्तव के उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनकी रचनाएं समाज को नई दिशा देने का काम करेंगी।

विमोचन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सीपी ठाकुर, सेवानिवृत्त जज समरेंद्र प्रताप सिंह, डा. शांति राय, डा. एसएन आर्य, डा. गोपाल प्रसाद, डा. आरएन सिंह, डा. विजय प्रसाद, डा. हेमंत केसरी सहित राजधानी के कई वरिष्ठ चिकित्सक और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पटना कोतवाली थाना परिसर में नमाज अदा करने पर लगी रोक, वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन

**पटना / एनएसबी।** पटना के कोतवाली थाना एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि-व्यवस्था-01) कार्यालय परिसर में नमाज अदा किए जाने के मामले में प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए थाना परिसर में नमाज नहीं पढ़ने का निर्णय लिया है। यह कार्रवाई बिहार सरकार के ष्सहयोगष पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 64503 दिनांक 17 मई 2026 के आलोक में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पत्रकार सदन, पहलवान घाट, पटना निवासी प्रभाष चन्द्र शर्मा द्वारा सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया गया था कि कोतवाली थाना सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में नमाज अदा की जा रही है, जिससे कार्यालय के नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

शिकायत के बाद कोतवाली थाना प्रशासन द्वारा थाना परिसर स्थित मस्जिद के इमाम तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि शुक्रवार (जुम्मा) की नमाज में अधिक संख्या में लोग शामिल होते हैं और मस्जिद में स्थान कम पड़ने पर कुछ लोग थाना परिसर के खाली स्थान का उपयोग करते रहे हैं। बैठक के दौरान मस्जिद प्रबंधन एवं उपस्थित लोगों ने आश्वासन दिया कि आगामी शुक्रवार से थाना परिसर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में नमाज अदा नहीं की जाएगी। इसके लिए नमाजियों हेतु वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाएगा तथा पूर्व सूचना देकर लोगों को अवगत कराया जाएगा, ताकि कोई भी नमाजी थाना परिसर में न पहुंचे।

इस संबंध में कोतवाली थानाध्यक्ष ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विधि-व्यवस्था-01, पटना को प्रतिवेदन भेजकर की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

### 5 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस समारोह, उत्सव के रूप में होगा आयोजित

**पटना / एनएसबी।** 5 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस समारोह राज्य भर में उत्सव के रूप में जिला स्तर पर मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए हर जिला में तैयारी समिति की बैठक की जा रही है। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद के मुताबिक 05 जुलाई के पूर्व 01 जुलाई को यह कार्यक्रम राष्ट्रीय जनता दल के राज्य मुख्यालय पटना में आयोजित किया जाएगा। 30 जून से ही राज्य मुख्यालय के परिसर और बाहर में सजावट एवं प्रकाश के साथ सौंदर्यीकरण करके कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 30 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है, जिसका विशेष महत्व है। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में उपसमिति का गठन किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, प्रदेश प्रधान महासचिव विजय साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारी अध्यक्ष अनीता भारती उप समिति के सदस्य बनाए गए हैं। जो 01 जुलाई के कार्यक्रम की व्यवस्था और तैयारी पर कार्य करेंगे। 01 जुलाई को पटना के राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में होने वाले कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल जी सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ, सांसद पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद, गत लोकसभा और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष, जिला के प्रधान महासचिव, पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश के पदाधिकारी,सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष , जिला के अध्यक्ष,सहित अन्य गणमान्य नेता गण उपस्थित रहेंगे।



एजाज अहमद।

### 211 नवस्थापित महाविद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश राज्य सरकार, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निरस्त किया जाना स्वागतयोग्य कदम : एबीवीपी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), दक्षिण बिहार ने 211 नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों में सरकारी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से संबंधित उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व आदेश को निरस्त किए जाने का स्वागत किया है। परिषद ने इसे छात्रहित, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा उच्च शिक्षा के मानकों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक निर्णय बताया है। साथ में विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा के विषय कि निम्नलिखित मांग को भी पूरा करने का आह्वान करती है।

7. 5 सीजीपीए से संबंधित संशय व ऊहापोह की स्थिति : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में 4 वर्षीय डिग्री कोर्स लागू करने के निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वागत करती है। छात्र हित में इस नई शिक्षा व्यवस्था (4 ईयर डिग्री कोर्स) में नामांकित छात्रों में सातवें सेमेस्टर में नामांकन हेतु न्यूनतम. सीजीपीए की बाध्यता से असंतोष की स्थिति है। परिषद् का यह मानना है कि इस नए पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार समुचित शैक्षणिक व्यवस्था और संसाधन उपलब्ध कराना, छात्रों में इस नए कोर्स के आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता है। ऐसे छात्र जो 7.5 सीजीपीए की बाध्यता के कारण 7जी सेमेस्टर में नामांकन से वंचित हो रहे हैं वैसे छात्रों को से एक सप्लीमेंट्री परीक्षा लेकर महाविद्यालय विश्वविद्यालय एक अवसर दे ताकि छात्र 7.5 सीजीपीए के कटअफ को पार कर पाए। चूंकि बहुत से छात्र इस नए फोर ईयर डिग्री कोर्स की व्यवस्था के नियमों से सुपरिचित नहीं है इसलिए विश्वविद्यालय कम से कम 1 वर्ष के लिए सप्लीमेंट्री एग्जाम के माध्यम से छात्रों को एक अवसर दे सकती है।

बिहार सरकार और शिक्षा विभाग ने बिहार के विभिन्न जिलों में कुल 211 नए डिग्री महाविद्यालय को खोलने का निर्णय प्रखंड स्तर पर लिया है। बिहार में लगातार बढ़ रहे छात्र-छात्राओं की संख्या उनके महाविद्यालयीन शिक्षा को ध्यान में रखते हुए इसी वर्ष के शैक्षणिक सत्र से कुल 211 नए डिग्री महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू करने निर्णय लिया है। इस निर्णय का विद्यार्थी परिषद स्वागत करती है, परंतु जिस तरह से इलेक्ट्रनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम इन नए महाविद्यालयों के संचालन की व्यवस्था एवं इसमें पठन-पाठन संबंधित संभावित अव्यवस्था की जो लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं उससे शिक्षा जगत में एक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

ऐसी स्थिति में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यह समेकित निर्णय लिया है कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं शिक्षक इन सभी नवसृजित डिग्री महाविद्यालय की अद्यतन जमीनी स्थिति की जानकारी हासिल करेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की टोली सभी नवसृजित महाविद्यालय के संचालन हेतु चिन्हित जगहों में उपलब्ध मूलभूत शैक्षणिक संरचनाओं, शिक्षक, कर्मचारियों की उपलब्धता सहित नामांकित होने वाले छात्र-छात्राओं के विभिन्न शैक्षणिक एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता, उनके आवागमन, अध्ययन अध्यापन संबंधी विभिन्न आयामों पर समग्र जानकारी इकट्ठा करते हुए इन महाविद्यालयों का मूल्यांकन एवं आकलन कर इन सभी बिंदुओं पर परिषद् की टोली विस्तृत सर्वे रिपोर्ट अविलंब तैयार करेगी।

इस रिपोर्ट के सघन अध्ययन एवं समीक्षा के पश्चात जो भी आवश्य विषय दृष्टिगत होगी उसके निराकरण एवं निवारण हेतु अविलंब बिहार सरकार तथा शिक्षा विभाग उच्च पदाधिकारीयों को अवगत कराते हुए परिषद उन मुद्दों का अविलंब निदान कराने का प्रयास करेगी।

# ज्ञान-मार्गी महान संतकवि थे कबीर, कविता की संज्ञा थे नागार्जुन : अनिल

### जयंती पर साहित्य सम्मेलन में श्रद्धा से स्मरण किए गए दोनों मनीषी, आयोजित हुई कवि-गोष्ठी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ज्ञान-मार्गी महान संतकवि थे कबीर। कबीर ने हमें सिखाया कि माया और मोह से ग्रस्त व्यक्ति न तो स्वयं का भला कर सकता है न समाज का। वे निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे। अपनी रचनाओं में उन्होंने यह सीख दी कि, हम जिस व्यवहार की अपेक्षा अपने लिए करते हैं, वही व्यवहार औरों के साथ करें। वे धार्मिक आडम्बर के विरोधी और शुद्ध-चेतना के हिमायती थे। यात्रीजी के नाम से चर्चित हिन्दी और मैथिली के कवि वैद्यनाथ मिश्र नागार्जुन पर कबीर का गहरा प्रभाव था। कविता की संज्ञा थे नागार्जुन।

यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, दोनों काव्य-विभूतियों की जयंती पर आयोजित कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए,सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, मनुष्यों ने कबीर के दोहों को रट तो लिया, उन पर व्याख्यान और उपदेश भी दिए, पर उन पर अमल नहीं किया। कबीर ने जिस वितराग और त्याग को, सार्थक जीवन का आधार और सोपान बताया, हमने उसे अपना ज्ञान प्रदर्शित करने का साधन समझा, आचरण योग्य नही माना। आज वासनाओं में डूबा संसार उसी पाखंड का परिणाम है।

डा. सुलभ ने कहा था कि नागार्जुन एक जीवंत कवि थे। संतकवि कबीर की तरह अखंड और फक्कड़ थे। बेतरतीब बिखरे बाल, बढ़ी हुई दाढ़ी और उसमें भी छोटा कद ! उन्हें एक विचित्र सा, किंतु स्तुत्य व्यक्तित्व प्रदान करता था। एक निरंतर गतिमान, महात्मा बुद्ध के उद्घोष - बहुजन हिताए, बहुजन सुखाए, लोकानुकंपाए, चरैवेति! चरैवेति! के प्रत्यक्ष और जीवंत उदाहरण थे बाबा! इसलिए कहीं एक जगह ठहरते नहीं थे।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, चित्तरंजन लाल भारती, इरफान अहमद बेलहरबी, आचार्य सचिन बृजनाथ, कुमार अनुपम, विभा रानी श्रीवास्तव, ई अशोक कुमार, इन्दु भूषण सहाय, कमल नयन श्रीवास्तव, डा मदन कुमार चौरसिया, अरविंद कुमार वर्मा आदि कवियों ने अपनी रचनाओं से उत्सव को मधुमय बनाया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।



बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में काव्य-विभूतियों की जयंती पर आयोजित कवि-गोष्ठी।

### राज्यभर में प्रशिक्षकों का तैयार किया जा रहा विशेष समूह, अधिकारी से पदाधिकारी तक को किया जाएगा प्रशिक्षित : मुख्य सचिव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के मामले में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) एक ख्याति प्राप्त संस्थान है। यहां प्रशिक्षित होने वाले सभी मास्टर ट्रेनर्स आने वाले समय में अपने ज्ञान को पूरे बिहार में फैलाएंगे और अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 के साथ बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियमों से पदाधिकारियों को रूबरू कराएं।

मुख्य सचिव श्री अमृत बिहार मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की तरफ से आईएसटीएम में आयोजित इस छह दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसे संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से प्रशिक्षकों के लिए आयोजित कार्यक्रम (टीओटी) है। इसके तहत राज्यभर में मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार में प्रशिक्षकों का एक विशेष समूह तैयार करने की दिशा में यह एक पायलट योजना है। यहां जो भी पदाधिकारी प्रशिक्षित हो रहे हैं, वह बिहार लौटने के बाद अपने प्रशिक्षण के ज्ञान को दूसरे पदाधिकारियों और कर्मचारियों को लाभान्वित करेंगे।

# टॉल-फ्री हेल्पलाइन नंबर से एससी-एसटी समुदाय के लोगों को 24 घंटे मिल रही सहायता

### 23 हजार से अधिक शिकायतों का निपटारा, जमीन विवाद सबसे ज्यादा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार महादलित विकास मिशन ने राज्य के एससी-एसटी समुदाय के लोगों की सहायता के लिए एक टल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003456345 काम करता है।

इस हेल्पलाइन पर सबसे ज्यादा जमीन विवाद के मामले दर्ज हो रहे हैं। इसके अलावा अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित मामले, विकास मित्र से संबंधित शिकायतें, डा अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, प्रोत्साहन राशि समेत कई तरह के मामले दर्ज की गई है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 से मई 2026 तक हेल्पलाइन पर कुल 23,154 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 23,151 मामलों का निपटारा कर दिया गया है।

इनमें अत्याचार अधिनियम से संबंधित 139 मामले भी शामिल हैं। इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की टॉल-फ्री हेल्पलाइन 14566 पर अत्याचार अधिनियम से संबंधित 853 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 811 का निपटारा किया जा चुका है। शेष मामलों पर विभाग सक्रियता से कार्रवाई कर रहा है।

यह हेल्पलाइन पूरी तरह मुफ्त है और राज्य के किसी भी कोने से एससी-एसटी समुदाय के लोग आसानी से संपर्क कर सकते हैं।

इस हेल्पलाइन के माध्यम से बिहार महादलित विकास मिशन की विभिन्न योजनाओं (आवास, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, स्वरोजगार आदि) की जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की पूरी डिटेल दी जाती है।

जाति आधारित अत्याचार, उत्पीड़न या एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आने वाली किसी भी घटना की शिकायत पर तुरंत संबंधित जिला और राज्य स्तर के अधिकारियों को सूचित किया जाता है।

साथ ही योजनाओं के लाभ वितरण में आने वाली दिक्कतों, आवेदन की स्थिति आदि का भी त्वरित निपटारा किया जाता है। लोग हेल्पलाइन के अलावा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और जिला कल्याण कार्यालयों के माध्यम से भी सहायता ले सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### विकलांग गर्भवती महिला के साथ पति एवं ससुराल वालों ने किया मारपीट

**दरभंगा (एनएसबी)।** बहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनौली निवासी स्वर्गीय उमेश शाह की लड़की रचना कुमारी की शादी चार साल पहले फेकला थाना क्षेत्र के अंतर्गत वरूआरा निवासी संजय दास से हुई थी। संजय दास नशा पान बहुत करते हैं ।एक बार संजय दास अपने ससुराल में भी पत्नी को पैसा के लिए मारपीट किया था।फ स्वरुप ग्रामीण के द्वारा बहेरी थाना को खबर किया गया, बहेरी थाना पुलिस आकर संजय दास को पकड़ कर ले गई। संजय दास की सास दुखनी देवी का कहना है कि मेरी बेटी विकलांग है जिसके फल स्वरुप संजय दास हमसे पैसे की मांग करते रहते हैं। हम गरीब हैं पैसा देना संभव नहीं है ।संजय दास बिदागरी कराकर अपने घर ले गए एवं मेरी बेटी को मारपीट करते रहते हैं ,जबकि मेरे बेटी के पेट में बच्चा पल रहा है। आज वह लात से पेट पर मारा है एवं गरदन को दबा दिया है। वहां के आदमी के द्वारा मुझे खबर मिला मैं अपने ग्रामीण के साथ जाकर अपने बेटी को उठाकर डीएमसीएच इमरजेंसी लाई हूं।

### भूमि विवाद में दो आदमी का सिर फटा, डीएमसीएच इमरजेंसी मे भर्ती

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत रजवा निवासी जीवछ शर्मा के पुत्र रामबालक शर्मा उम्र 65 साल एवं रामबालक शर्मा की पत्नी अनार देवी उम्र 60 वर्ष बिरौल पीएससी से रेफर होकर डीएमसीएच इमरजेंसी विभाग में पहुंचे है। इन्हें अपने फरीक से 10 साल से लेकर 10 धूर जमीन के लिए विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद के कारण दोनों में मारपीट हुआ है।रामबालक शर्मा की बेटी राधा कुमारी ने बताया कि दिनेश शर्मा, लाल बाबू शर्मा, राजेश शर्मा सभी लोग लाठी डंडों से लैस होकर मेरे जमीन को कब्जा कर रहे थे। मेरे पिताजी खाली हाथ रोकने के लिए गये जिस पर उन लोगों ने वार कर दिया। जिसके फल स्वरुप मेरे पिताजी एवं मेरी मां का कपार फूट गया है। हम लोग उठाकर उन्हें बिरौल पीएचसी ले गए।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने इन्हें डीएमसीएच इमरजेंसी रेफर कर दिया है।

### फरार अभियुक्त के खिलाफ इश्तेहार चस्पा

**सिंहवाड़ा/एनएसबी।** सिमरी थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी रामनाथ सहनी को खिलाफ फरार घोषित करते हुए घर पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। यह कार्रवाई न्यायालय दरभंगा के आदेश पर किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पूर्व में वारंट जारी किया गया था।

### आज एल टी लाइन शिफ्टिंग के कारण सैदनगर फीडर की दो ट्रांसफार्मरों की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा/एनएसबी।** दिनांक 30 जून,2026 को 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैद नगर फीडर में प्रातः 7 बजे से 10 बजे पूर्वाह्न तक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से हनुमान मंदिर तक "गावर एजेंसी" के द्वारा एल टी लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण किसान नर्सरी एवं पेट्रोल पंप अवस्थित ट्रांसफार्मर का लाइन बंद रहेगा।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मालती ज्वेलर्स के प्रोपराइटर उदय साह के असामयिक निधन पर जिला भाजपा ने जताया शोक




**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी दरभंगा (पश्चिमी) परिवार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मालती ज्वेलर्स के प्रोपराइटर श्री उदय साह जी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं समाज तथा संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। अपने शोक संवेदना में जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा की स्वर्गीय उदय साह सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र के साथ-साथ संगठनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। इस अवसर पर लोजपा आर के जिला अध्यक्ष देवेंद्र झा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी,मनोज कुमार झा पप्पू, अभयानंद झा,अमलेश कुमार झा,प्रोफेसर अरुण सिंह,आनंद प्रकाश झा, नथुनी पासवान,राजू पासवान सहित अनेकों लोगों ने संवेदनाएं व्यक्त की।

### महारुद्र यज्ञ सह श्री राम कथा में शामिल हुए सांसद, जगतगुरू राघवाचार्य से लिया आशीर्वाद



**बेनीपुर (एनएसबी)।** विधानसभा के चौगमा बसुहाम में श्री महारुद्र यज्ञ सह श्री रामकथा में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर सोमवार को शामिल हुए। सांसद डा ठाकुर ने इस मौके पर विश्व कथा वाचक जगतगुरू श्री राघवाचार्य को मिथिला की संस्कृति और परंपरा के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद डा ठाकुर ने इस मौके पर धार्मिक आत्मसात को मानव जीवन का मूल पहचान बताते हुए कहा कि धर्म के बिना मानव जीवन अधूरा है।सांसद डा ठाकुर ने श्रद्धालुओं से धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर झा सचिव आनंद झा उपाध्यक्ष संतोष झा स्थानीय मंडल अध्यक्ष प्रवीण झा सहित अन्य हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से स्वर्ण व्यवसायी की मौत

**दरभंगा(एनएसबी)।** लहेरियासराय चट्टी रेलवे गुमती नंबर 21 के पास ट्रेन की चपेट में आने से स्वर्ण व्यवसायी की मौत हो गई। घटना सुबह 6:30 की बताई जाती है। स्वर्ण व्यवसायी की पहचान बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बाबू साहेब कॉलोनी निवासी स्वर्गीय रामनाथ साह के 76 वर्षीय पुत्र उदय नारायण साह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह प्रतिदिन की तरह आज भी मॉर्निंग वॉक में निकले थे। स्थानीय लोगों के अनुसार रेलवे लाइन की ओर कभी नहीं जाते थे। आज मॉर्निंग वॉक के दौरान रेलवे ट्रैक से होते हुए बलभद्रपुर जा रहे थे। अचानक समस्तीपुर से दरभंगा की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई। स्वर्ण व्यवसाई संघ में भी सक्रिय सदस्य थे। वहीं उदय नारायण साह भाजपा के जनसंघ के नेता भी थे। लहेरियासराय थाना क्षेत्र के चट्टी चौक पर मालती ज्वेलर्स आभूषण का शोरूम के संचालक थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। लोग उनके घर पहुंच कर सांत्वना दी। उन्हें दो पुत्र व पत्नी है। जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। सूचना मिलते हीं दोनों पुत्र लहेरियासराय रेलवे स्टेशन पहुंचकर पुलिस से अनुरोध किया कि पोस्टमार्टम नहीं करवाना है। पुलिस ने पंचनामा करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। शव दाह संस्कार के लिए सिमरिया घाट लेकर चले गए।

### राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर विश्वविद्यालय गणित विभाग द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर गणित विभाग के द्वारा आज 'राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस' के अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन एवं रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में ह्यराष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का महत्वह्न विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के कमला नेहरु महाविद्यालय में कार्यरत अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर (वरीय वेतनमान) श्री अजय कुमार यादव थे। अजय कुमार ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के ऊपर एक विस्तृत वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस प्रसिद्ध भारतीय अर्थशास्त्री प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस के जन्म दिवस के दिन मनाया जाता है. उन्होंने महालनोबिस के विशिष्ट योगदानों की भी विशेष रूप से चर्चा किया। उन्होंने बताया कि जिस सूत्र का प्रयोग प्रोफेसर महालनोबिस ने दिया था, आज उसका प्रयोग ए. आई. में भी हो रहा है।

# कोल्हटा पटोरी में केन्द्रीय विद्यालय 3 के भवन तथा वर्ग कक्ष का हुआ शुभारम्भ

**बाल वाटिका 1-3 तथा कक्षा 1 से पांच तक कुल 320 छात्र छात्राओं के लिए पठन पाठन की सभी औपचारिकताओं हुआ पूरा**



उद्घाटन करते सांसद, मंत्री एमएलसी एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर विधानसभा के कोल्हटा पटोरी में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक संख्या 3 के भवन तथा वर्ग कक्ष का शुभारंभ किया। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी पूर्व मंत्री हरि सहनी एमएलसी सर्वेश कुमार सहित कालेज के प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया तथा छात्र छात्राओं को सुपुर्द किया।

सांसद डा ठाकुर ने इस केंद्रीय विद्यालय के भवन तथा वर्ग कक्ष का शुभारंभ करते हुए कहा कि बाल वाटिका 1-3 तथा कक्षा 1 से पांच तक कुल 320 छात्र छात्राओं के लिए पठन पाठन की सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है तथा नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

सांसद डा ठाकुर ने कहा कि इस विद्यालय के भवन के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 50 करोड़ रुपए आवंटित कर दिए गए हैं तथा समय सीमा में इस विद्यालय के लिए नए आधारभूत संरचना निर्माण कर लिया जायेगा।सांसद डा ठाकुर ने मंत्री तथा एमएलसी के साथ वर्ग कक्ष का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर बहादुरपुर के विधायक सह मंत्री मदन सहनी , पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद हरि सहनी , विधान पार्षद सर्वेश कुमार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं केंद्रीय विद्यालय परिवार के शिक्षकगण, कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद थे।

सांसद डा ठाकुर अपने संबोधन में कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन देश में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाला अग्रणी संस्थान है तथा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांकझ्3 की स्थापना से स्थानीय विद्यार्थियों को आधुनिक, संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नवाचार की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने इस विद्यालय को शुरू करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस विद्यालय के संचालन से इस क्षेत्र में शिक्षा का नया अलख जगेगा। सांसद डा ठाकुर ने कहा बिहार में पहले मात्र 16 केंद्रीय विद्यालय संचालित थे, लेकिन 2026 के बजट में 19 नए केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी दी गई तथा उसके लिए 2135 करोड़

रुपए का आवंटन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने 196 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति दी तथा अब देश स्तर पर लगभग 14 सौ केन्द्रीय विद्यालय संचालित है जो गर्व का विषय है। नई शिक्षक नीति की जमकर सराहना करते हुए कहा कि 2026-27 के बजट में शिक्षा मद में 1.39.289.48 करोड़ रुपए आवंटित किए गए जो इस बात के प्रमाण है कि देश में शिक्षा और नवाचार को बढ़ाने के लिए मोदी सरकार तत्पर है। सांसद डा ठाकुर ने मोदी सरकार द्वारा पीएम ऊषा योजना में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को शोध विश्वविद्यालय के रूप में सौ करोड़ रुपए के आवंटन को मिथिले के लिए वरदान बताते हुए कहा कि आने वाले समय में दरभंगा को शिक्षा का हब बनाने की पहल की जा रही है।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी ने इस केंद्रीय विद्यालय को बहादुरपुर विधानसभा के लिए वरदान बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के साथ- साथ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति इस योगदान के लिए जितनी सराहना की जाए वह कम है। इस केंद्रोय विद्यालय के लिए स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर को विशेष तौर पर धन्यवाद दिया।

विधान पार्षद हरि साहनी एवं सर्वेश कुमार ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। विद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत करते हुए विद्यालय की भावी योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीतिझ2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

## भरत भूषण तिवारी के परिवार वालों को धमकीं दिए जाने पर निकाला विरोध मार्च



दरभंगा में विरोध मार्च निकालते न्याय मंच के सदस्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** भरत भूषण तिवारी न्याय मंच दरभंगा के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने भोजपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा वीर शहीद भरत भूषण तिवारी के परिवार वालों को धमकीं दिए जाने के विरोध में लाल बहादुर शास्त्री चौक दरभंगा विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च शास्त्री चौक से होते हुए स्टेशन रोड दरभंगा के निकट भोजपुर एस पी का पुतला दहन किया गया। विरोध स्वरूप भोजपुर एस पी कों साड़ी, साया, ब्लाउज, चुड़ी पहनाया गया था। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी प्रियंका झा ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ शिशिर कुमार झा ने कहा कि भोजपुर एस पी की मानसिक स्थिति बिगड़ गई हैं। अगर ऐसी बात नहीं होती तो भोजपुर एसपी को पता होना चाहिए कि वीर भरत भूषण तिवारी जों शहीद हुए हैं वो एक ऐसी चिंगारी थें जिन्होंने अपनी शहादत देकर सैकड़ों हजारों नहीं लाखों ऐसे भरत भूषण तिवारी को अपने परिवार की रक्षा के लिए जन्म दे दिया है जहां पूरे बिहार पुलिस की कारतूस खत्म हो जाएगी लेकिन गोली खाने वाले सीने की कमी नहीं होगी। युवा नेता दीपक झा, मो जियाउर रहमान, नंदकिशोर शाह, मोहम्मद खालिद ने एक स्वर में भरत तिवारी कों इंसाफ की मांग की अन्यथा भरत भूषण तिवारी न्याय मंच दरभंगा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अंतिम दम तक ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी। कार्यक्रम में ब्राह्मण फेडरेशन के जिला अध्यक्ष पप्पू चौधरी, रौशन कुमार झा, फुल बाबू टेकटरिया, मो ऐनूल , गिरिश कुमार झा, विभूति झा अमन, मनिष कुमार झा, कुणाल पांडे मो कफिल, शिवा यादव, दिनेश गंगानी , अतीश झा, मनिया सुरभे बिट्टू मो नईम सिन्टू सिंह मुन्ना खान मुकेश सहनी अभिजीत मुखर्जी सौरभ झा रौशन झा, बिट्टू कुमार, शिवम कुमार झा मुकुंद खां विवेक कुमार घिरज कुमार कृष्ण कुशवाहा चिंटू कुमार रिषभ कुमार मुख्तार अहमद रौशन कुमार झा पिंटू कुमार आशिष कुमार झा मुकेश महराज झा एडवोकेट मनिष कुमार झा मुन्ना भगत रामबिहारी झा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मुन्नार में जल संसाधन प्रबंधन पर मंथन, अध्ययन दौरे में शामिल हुई राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता




**दरभंगा (एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने केरल के मुन्नार में आयोजित जल संसाधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे में भाग लिया। इस दौरान जल संरक्षण, भूजल संवर्धन, सिंचाई व्यवस्था तथा जल संसाधनों के प्रभावी एवं सतत प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया गया और विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श हुआ।

डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि "जल ही जीवन है और जल संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा है।" उन्होंने कहा कि अध्ययन दौरे के दौरान जल संसाधनों के बेहतर उपयोग, किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा भविष्य में संभावित जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। संसदीय समिति के इस अध्ययन दौरे में विशेषज्ञों के अनुभव और विभिन्न राज्यों के सफल मॉडल साझा किए गए, जिनसे भविष्य की नीतियों और योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि ऐसे अध्ययन दौरे जनप्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे जल संरक्षण, क्षेत्रीय विकास और जनकल्याण के लिए नई सोच विकसित होती है तथा टिकाऊ जल प्रबंधन की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त होता है।

### सिमरी मे हुई बकरी चोरी मामले मे एक गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के बनौली गांव में हुई बकरी चोरी मामले में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मब्बी थाना क्षेत्र के शिवधारा वार्ड संख्या-सात निवासी मो नेयाज बताया गया है। चोरी की गई बकरियों की बरामदगी एवं अन्य संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बताया गया है कि बनौली निवासी गणेश महतो ने सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। आवेदन देकर आरोप लगाया था कि 16 नवंबर, 2025 की रात एक सफेद स्कॉर्पियो वाहन से उनके घर से दो बकरियों की सहित राजकुमार महतो, गांव के ही मो फिरोज और शिववंश राम की कुल नौ बकरी एवं खस्सी चोरी कर ली गई थी।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज व राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला : डॉ. मुरारी मोहन झा

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिलाः डॉ. मुरारी मोहन झा**



बैठक में विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा एवं अन्य ।

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को भी उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध हो सके। उक्त बाते केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने बासुदेव मिश्र उच्च विद्यालय, सिमरी में सोमवार को प्रबंध समिति की बैठक मे कही। उन्होने कहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल, आधुनिक सुविधाएं और अनुशासित शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। विधायक सह-प्रबंध समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल के निर्देशन में स्वागत गान प्रस्तुती से की गई। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. शंकर शरण प्रसाद ने विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा सहित अन्य आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ, पाग एवं चादर देकर सम्मानित किया। बैठक में विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय में प्रधानाध्यापक डॉ. शंकर शरण प्रसाद द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यों की सराहना की। बैठक में प्रद्युम्न श्रीवास्तव, जयशंकर गौतम, अखिलेश कुमार, सतीश कुमार, विष्णुदेव दास, रामबली सहनी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## बेनीपुर में आंधी–बारिश से 20 घंटे से गुल है बिजली, पेयजल संकट गहराया

**लक्ष्मीसागर तांत्रिक बाबा चौक रोड पर बाढ़ का नजारा, जलभराव से घर से निकलना हुआ मुश्किल**



**दरभंगा/बेनीपुर (एनएसबी)।** रविवार रात आई तेज आंधी-बारिश ने दरभंगा जिला मुख्यालय सहित बेनीपुर प्रखंड की बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। ग्रामीण इलाकों में पिछले 20 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जबकि नगर क्षेत्र में करीब 12 घंटे बाद बिजली धीरे-धीरे बहाल की जा रही है। बिजली गुल होने से पूरे क्षेत्र में हाहाकार मच गया है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण घरों में पानी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं दुकान, कोल्ड स्टोरेज और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कामकाज भी ठप पड़ गया है। लगातार कटौती से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई है।

इस संबंध में विभागीय ग्रामीण कनीय अभियंता ब्रजेश कुमार ने बताया कि सझुआर, मकरमपुर सहित अन्य गांवों में आंधी के कारण तकनीकी खराबी आ गई है। कर्मी युद्धस्तर पर 33 हजार तार को मरम्मत करने में कर्मी जुटे हुए हैं। उन्होंने दावा किया है कि देर शाम तक सभी गांवों में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। फिलहाल लंबे समय तक बिजली बाधित रहने से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। फिर भी हल्की बारिश होने पर बिजली आपूर्ति ठप हो जाएगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, फिलहाल माऊबेहट फीडर से बिजली आपूर्ति किया जा रहा है। दरभंगा शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। लक्ष्मीसागर की दूसरी मुख्य सड़क गैस गोदाम से तांत्रिक बाबा चौक रोड पर बाढ़ जैसा नजारा बन गया, जिससे लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया। बिगत 20 सालों से इस सड़क की यही स्थिति है।

## संक्षिप्त खबरें

### नल-जल योजना की टोटी से निकला संपोला, ग्रामीणों में दहशत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड की सिमरी पंचायत के वार्ड संख्या-8 में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नल-जल योजना के एक घर की टोटी खोलने पर पानी के साथ सांप का एक बच्चा बाहर निकल आया। इस अप्रत्याशित घटना को देखकर घर के लोग घबरा गए और देखते ही देखते आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह पानी भरने के दौरान जैसे ही टोटी खोली गई, उसमें से सांप का बच्चा निकल पड़ा। घटना के बाद लोगों ने तुरंत पानी का उपयोग बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सांप दिखाई नहीं देता तो किसी के साथ अप्रिय घटना हो सकती थी। घटना के बाद पूरे वार्ड में भय का माहौल है। लोगों ने आशंका जताई कि पाइपलाइन या जल टंकी में गंदगी अथवा किसी तरह की तकनीकी खामी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई होगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पाइपलाइन एवं जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कराने तथा टंकी की सफाई और सैनिटाइजेशन की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों का कहना है कि शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए संबंधित विभाग को मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।



### खबर असरः विद्यापतिधाम स्टेशन के प्रतीक्षालय का बंद ताला खुला, यात्रियों में खुशी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** खबर प्रकाशित होने के बाद विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बने प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम) का बंद ताला खोल दिया गया। लंबे समय से प्रतीक्षालय बंद रहने के कारण यात्रियों, खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ताला खुलने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें ट्रेन का इंतजार करने के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस संबंध में स्टेशन मास्टर मुन्ना कुमार पासवान ने बताया कि प्रतीक्षालय के एक गेट को इसलिए बंद किया गया था क्योंकि मवेशियों के प्रवेश करने से अंदर गंदगी फैल जाती थी। सफाई व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गेट बंद किया गया था। अब यात्रियों की सुविधा को देखते हुए बंद गेट को खोल दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाए जाने का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से स्टेशन परिसर की नियमित सफाई, सुरक्षा और अन्य यात्री सुविधाओं को भी बेहतर बनाए रखने की मांग की है।

### जर्जर जलमीनार, हादसे के प्रबल आसार, ग्रामीणों ने लगाई मरम्मत की गुहार



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** हरपुर बोचहा पंचायत के वार्ड संख्या-4 में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत स्थापित हर घर नल का जल योजना की पानी टंकी (जलमीनार) की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी में जंग लगने के साथ कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे कभी भी एक बड़ा हादसा होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जलमीनार के रखरखाव के अभाव में इसकी स्थिति खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलमीनार की खराब स्थिति का असर पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ सकता है। यदि समय रहते आवश्यक मरम्मत नहीं हुई तो वार्ड के सैकड़ों परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाई हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पानी टंकी की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए और आवश्यक मरम्मत का कार्य जल्द शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे तथा किसी संभावित दुर्घटना से बचाव हो सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करते हुए लोगों की सुरक्षा और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

### कुसुम सदन में काव्य गोष्ठी आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कुसुम पाण्डेय स्मृति साहित्य संस्थान के तत्वावधान में केन्द्रीय विद्यालय समस्तीपुर के निकट स्थित कुसुम सदन के प्रागंण में रविवार को एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दूरझ्रदूर से बड़ी संख्या में रचनाकार उपस्थित हुए। रेल के पूर्व राजभाषा अधिकारी भुवनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध युवा शायर प्रवीण कुमार चुन्नू ने किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम डॉ रामेश गौरीश ने उपस्थित सभी रचनाकारों का हार्दिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मुकेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पाण्डेय ने जुन महीने में जन्मे हिन्दी साहित्य के आधार स्तम्भ कलक्टर सिंह केशरी, राम नाथ पांडेय, राजमणि राय मणी, श्याम नन्दन प्रसाद, सांवलिया बिहारी लाल वर्मा, राजदेव झा, डॉ हरिवंश तरुण, देवकीनंदन खत्री, बाबा नागार्जुन, विष्णु प्रभाकर,




रियासत हुसैन रिजवी, बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय, ललित कुमार सिंह नटवर, उमेशचंद्र कंठ आदि के कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर विशद चर्चा करते हुए उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात डॉ. राम सूरत प्रियदर्शी द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम ने दिशा पकड़ी। फिर तो हिंदी, मैथिली, भोजपुरी और बज्जिका भाषाओं में गजल, हास्यझ्रव्यंग्य, भक्ति, श्रृंगारिक एवं पर्यावरण संबंधी रचनाओं की ऐसी धारा बही कि घंटों लोग सम्मोहन की अवस्था में वाह! वाह! करते तालियां बजाते दिखे। इस अवसर पर राज कुमार चौधरी, विष्णु कुमार केडिया, राम-लखन यादव, दीपक कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार राय राजेश, रामाश्रय राय राकेश, डॉ नरेंद्र कुमार सिंह त्यागी , अरुण कुमार सिंह मालपुरी, स्मृति झा, काविश जमाली, मो जावेद, कुमोद प्रसाद गिरि, बब्बन गिरि, अरविंद सत्यदर्शी, आदि की रचनाएं खूब पसंद की गई। समापन वरदान महादेव के धन्यवाद ज्ञापन से की गई।

# महिलाओं को परिवर्तन वाहक मानकर प्रसार तंत्र, शोध और बजट में उन्हें समुचित जगह देने की जरूरत : डॉ. पीएस पाण्डेय

**झ कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका को पुनर्परिभाषित करनाः सतत कृषि विकास के लिए विस्तार रणनीतियाँह्व विषयक तीन दिवसीय सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न ● 86 शोध पत्र और 48 पोस्टर प्रदर्शित ● 300 से अधिक कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ हुए शामिल**



समापन सत्र के साक्षी।

**पूसा (एनएसबी)।** ासशक्तिकरण का मतलब केवल आय बढ़ाना नहीं, बल्कि इसमें, आर्थिक स्वावलंबन के साथ साथ आत्मनिर्भर बनने, निर्णय लेने, और गरिमापूर्ण जीवन यापन करने का अवसर प्रदान करना भी अंतर्निहित है। इस केलिए तकनीक को महिला के खेत और रसोई तक पहुंचाना होगा, तभी यह नवाचार पूरा होगा। सोमवार को विद्यापति सभागार में आयोजित कृषि विशेषज्ञों व वैज्ञानिकों के तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस पाण्डेय ने उक्त बातें कही।

इस क्रम में उन्होंने कहा कि, इतिहास साक्षी है कि, हर युग में, हर दौर में महिलाएं परिवर्तन या नव सृजन का वाहक रही हैं। भारत में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं कृषि से जुड़ी हैं, मगर विडम्बना यह है कि, नीति निर्धारण और तकनीक में उनकी हिस्सेदारी सीमित है। इसलिए, हमें महिलाओं को परिवर्तन वाहक मानकर प्रसार तंत्र, शोध और बजट में उन्हें समुचित जगह देनी होगी।

बताते चलें कि, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में 27 से 29 तक आयोजित ह्लकृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका को पुनर्परिभाषित करनाः सतत कृषि विकास के लिए विस्तार रणनीतियाँह्व विषयक तीन दिवसीय सम्मेलन का विश्वविद्यालय स्थित विद्यापति सभागार में समारोह पूर्वक समापन हो गया। इस क्रम में सम्मेलन की प्रमुख सिफारिशें जारी की गईं और लिंग संवेदी प्रसार सेवाओं का रोडमैप प्रस्तुत किया गया।

डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पूर्वोत्तर राज्यों से 300 से अधिक वैज्ञानिक, नीति निमार्ता, प्रसार विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस दौरान तीन दिनों में कुल 12 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। जिसमें कुल 86 शोध पत्र, 48 पोस्टर प्रस्तुतियां और कई संदर्भित विषयों पैनल चचाएं हुईं। समापन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय ने कहा कि ह्लयह सम्मेलन केवल अकादमिक चर्चा नहीं, बल्कि बदलाव का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कृषि का स्वरूप तेजी से बदलेगा इसके लिए डिजिटल एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं अन्य इंटरनेट बेस्ड थिंग्स को भी बढ़ावा देना होगा। इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन के अध्यक्ष एवं कृषि विश्वविद्यालय बैंगलोर के पूर्व कुलपति प्रो. के. नारायण गौड़ा ने कहा कि कृषि शिक्षा और अनुसंधान के तीर्थ डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के साथ इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भागीदार बनकर उन्हें गवार्नुभूति हो रही है। विश्वविद्यालय ने पिछले तीन वर्षों में देश भर में अपना परचम लहराया है जिसकी चर्चा हर ओर है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि की असली ताकत महिला किसान हैं, लेकिन हमारा प्रसार तंत्र उनकी विशेष जरूरतों को अक्सर नजरअंदाज करता रहा है। यहां प्रस्तुत शोध और केस स्टडी साबित करते हैं कि जब महिलाओं को सही उपकरण, प्रशिक्षण और मंच मिलता है तो उत्पादकता के साथ साथ परिवार के पोषण का स्तर तेजी से सुधरता है। उन्होंने कहा कि, आईएनसीसीए इन सिफारिशों को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाएगा और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान व राज्य सरकारों के साथ मिलकर लिंग संवेदी रणनीतियों को मुख्यधारा के प्रसार ढांचे में शामिल करने पर काम करेगा। यह सम्मेलन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में महिला किसानों की भूमिका तय करने वाला मील का पत्थर बनेगा। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने माना कि जलवायु परिवर्तन, पोषण सुरक्षा और ग्रामीण उद्यमिता की चुनौतियों का समाधान महिला किसानों को केंद्र में रखे बिना संभव नहीं है। सत्रों में बार-बार यह बात उभरी कि बीज प्रबंधन, पशुपालन, फसल कटाई उपरांत कार्य और खाद्य प्रसंस्करण में महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान है, लेकिन ऋण, भूमि स्वामित्व, मशीनीकरण और सलाह सेवाओं तक उनकी पहुंच कम है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, बिहार और महाराष्ट्र के केस स्टडी से पता चला कि, जब महिला स्टार्टअप या व्यवसायिक क्षेत्र में कदम बढ़ाती है तो तकनीक अपनाने की दर 40 से 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

आयोजन सचिव डॉ. राम दत्त के नेतृत्व में तैयार सिफारिशें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नीति आयोग और उअउढ को भेजी जाएंगी। वहीं डॉ. उषा सिंह ने कहा कि, ह्लकोई एक विभाग इसे अकेले हल नहीं कर सकता। केवीके, कृषि विभाग, नाबार्ड, एग्री-स्टार्टअप और महिला समूहों को मिलकर काम करना होगा। सम्मेलन ने हमें जमीन पर परखे मॉडल दिए हैं। अब इन्हें संस्थागत करने की आवश्यकता है।" स्कूल ऑफ एग्रीझ्रबिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट के अधिष्ठाता एवं आयोजन कमिटी के सचिव डॉ. रामदत्त ने धन्यवाद ज्ञापन के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिशों को कागज से खेत तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर याद किए गए सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस



उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के स्नातकोत्तर गणित विभाग के तत्वावधान में महान वैज्ञानिक व भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शशि भूषण कुमार शशि ने की। परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मैथिल परंपरानुसार पुष्पमाला, पाग और चादर से आगत अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शशि ने अपने संबोधन में कहा कि, हमारे जीवन में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अभाव में सफल व समृद्ध जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए इस वर्ष का थीम है - 'प्रशासनिक डेटा की क्षमता को अनलॉक करना' निर्धारित की गई है। प्रशासनिक डेटा को 'अनलॉक' करने का अर्थ सरकारी विभागों या संस्थाओं द्वारा अपने कामकाज के दौरान एकत्र किए गए रिकॉर्ड्स को शोध और जनहित के लिए सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराना है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने सहयोग मिलेगा। गणित विभागाध्यक्ष डॉ शिवानंद पटेल नेअपने संबोधन में कहा कि संसार के सभी क्रियाकलाप गणितीय आधार पर संपादित होती है। डेटा संग्रहण और प्रायिकता आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। प्रायिकता, एकत्र किए गए डेटा के पैटर्न का विश्लेषण करके भविष्य के परिणामों की भविष्यवाणी करने का गणितीय आधार प्रदान करती है। डॉ श्वेता दुबे ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में गणित की भूमिका और बढ़ गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीकी अध्ययन, अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान, भू-विज्ञान आदि सहित सभी क्षेत्रों में सांख्यिकी का सहयोग लेना अपरिहार्य बन गया है। क्योंकि आज यह केवल संख्या मात्र नहीं बल्कि समाज एवं जीवन को विकास के पथ पर प्रामाणिक रूप से अग्रसर रखने का साधन है। इसलिए गणित का ज्ञान अर्जन करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ शालिनी कुमारी भावसिंका, डॉ कविता रावत, डॉ चांदनी रानी, डॉ जितेन्द्र प्रसाद, डॉ कौशलेंद्र झा, श्री शशि शेखर प्रसाद यादव, चंदन कुमार यादव, प्रमेश पावन, रामधनी शर्मा सहित गणित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सिरफिरे युवक ने रॉड से पीट कर ले ली पत्नी की जान, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर भिंडी पंचायत में घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविवार देर रात एक युवक ने अपनी पत्नी की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। चीख पुकार सुन कर जुटे ग्रामीणों ने घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे मृतका के पति को दबोच लिया। सूचना मिलते ही ताजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बीच ससुराल के अन्य सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए। बाद में ग्रामीणों की मौजूदगी में महिला का अंतिम संस्कार किया गया।

इस बाबत पूर्व मुखिया सुरेंद्र राय ह्यअटलह्ण ने बताया कि आरोपी की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं बताई जा रही थी और घर में अक्सर विवाद होता रहता था। परिवार में उसकी वृद्ध मां और अविवाहित बहन रहती हैं, जबकि पिता पश्चिम बंगाल के वर्धमान में मजदूरी करते हैं। मृतका के पिता


घटनास्थल पर जुटे लोग।

मृतका की पहचान सोनी देवी के रूप में हुई है। जबकि आरोपी पति विक्की कुमार बताया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार रात घर के अन्य सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान विक्की कुमार ने कथित रूप से अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की रॉड से कई वार कर दिए। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव मायके पक्ष को सौंप दिया गया। इस सरायरंजन प्रखंड के बरबट्टा निवासी लाल बाबू साह, ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी बेटी की शादी विक्की कुमार से की थी। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही दामाद की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगी थी। उन्होंने बताया कि हमने विक्की की दूसरी शादी कराने की योजना बनाई थी, जिसका उनकी बेटी विरोध कर रही थी। करीब दस दिन पहले ही सोनी देवी ससुराल लौटी थी। आज सुबह उसके मौत की खबर मिली।

पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर हत्या के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## अपहरण की आशंका, अज्ञात शव की पहचान और अब प्रेम विवाह के बीच मैं जिंदा हूं...का दावा



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के गढ़सिसई पंचायत स्थित भजनगामा गांव की कथित लापता छात्रा अनीसा कुमारी प्रकरण में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब इंटरनेट मीडिया पर युवती का एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में युवती स्वयं को जीवित और सुरक्षित बताते हुए प्रेम विवाह करने का दावा कर रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद पूरे मामले ने नया रूप ले लिया है और पुलिस अब सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा अनीसा 21 जून को घर से दवा लेने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इसके बाद स्वजनों ने जमीनी विवाद में उसके अपहरण की आशंका जताते हुए विद्यापतिनगर थाना में 23 जून को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी बीच गत दिनों बेगूसराय जिले के गढ़पुरा थाना क्षेत्र स्थित तालाब किनारे बोरे में बंद एक युवती का शव मिलने पर रविवार देर रात्रि स्वजनों ने उसकी शिनाख्त अनीसा के रूप में की थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। परिजन उक्त शव को सोमवार की सुबह घर लाने की तैयारी कर रहे थे।

## विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित


उद्घाटन करते प्रखंड प्रमुख व पदाधिकारी।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को प्रखंड पंचायत समिति सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, कार्यक्रम पदाधिकारी भूषण मिश्रा, उपप्रमुख रामलखन महतो तथा बीस सूत्री उपाध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल सहित पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान योजना के उद्देश्यों, कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता, समयबद्ध निष्पादन तथा जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इसके लिए सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम पदाधिकारी भूषण मिश्रा ने प्रशिक्षण के दौरान योजना के तकनीकी पहलुओं, कार्यों की निगरानी, अभिलेख संधारण तथा समय पर प्रतिवेदन तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए पंचायत स्तर पर नियमित समीक्षा एवं सतत निगरानी जरूरी है। अपने संबोधन में प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक करें तथा विकास कार्यों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें।

कार्यशाला में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने भी योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा सरकार की विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर मुखिया मुकेश कुमार, संजीत सहनी, लालबाबू सिंह, विजय कुमार राय पीटीए संतोष कुमार सहित रोजगार सेवक व दर्जनों कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नाहस खंगरैठा स्थित डॉ. विजय कॉम्प्लेक्स में श्रद्धापूर्वक मनाई गई संत कबीर जयंती.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के नाहस खंगरैठा स्थित डॉ. विजय कॉम्प्लेक्स के परिसर में संत शिरोमणि कबीरदास जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने संत कबीर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि एवं नमन किया. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विष्णु देव सिंह यादव, शिक्षक नेता डॉ. विजय चंद्र घोष, भाकपा अंचल मंत्री महेश यादव सहित अनेक सामाजिक एवं बुद्धिजीवी लोगों ने भाग लिया.सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संत कबीरदास ने अपनी वाणी के माध्यम से समाज में फैली ऊँच-नीच, जाति-पांति, भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की थी. उन्होंने प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया.वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में भी संत कबीर के विचार समाज को सही दिशा दिखाते हैं तथा हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं.कार्यक्रम का समापन संत कबीर के आदर्शों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ.



### जी राम जी योजना लागू करने को लेकर दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में सोमवार को उन्मुखीकरण जागरूकता कार्यक्रम पीओ मनोरंजन कुमार रंजन की अध्यक्षता में जी राम जी के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. जिसमें सभी मनरेगाकर्मियों के साथ साथ बिभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों ने भाग लिया. पीओ मनोरंजन कुमार रंजन ने कहा कि रोजगार सृजन और विकास कार्यों को नई गति देने के उद्देश्य केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जी राम जी विकसित भारत गारंटी फॉर्म रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की शुरूआत 1 जुलाई 2026 से होने जा रही है. प्रारंभिक चरण में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत को शामिल किया गया है. इस योजना के लागू होने के साथ ही प्रखंड के ग्रामीण मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने की पूरी उम्मीद बढ़ गई है. योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण करना है. पीओ मनोरंजन कुमार रंजन ने बताया कि इसकी तैयारी को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया है एवं विभागीय कार्य अंतिम चरण में है. इस मौके पर मुखिया बशिष्ठ नारायण झा, रंजीत कुमार यादव सहित कई लोग उपस्थित थे.



### चोरी किये गये सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की 22 जून को दोपहर समय करीब 1:00 बजे से 3:00 बजे के बीच बासोपट्टी थानान्तर्गत उछाल गांव में एक घर का ताला तोड़कर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में वादी राहुल कुमार सिंह द्वारा बासोपट्टी थाना में लिखित आवेदन दिया गया था, जिसमें बक्से में रखे सोने एवं चांदी के कीमती जेवरात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने की बात कही गई थी। वादी के आवेदन के आधार पर बासोपट्टी थाना कांड संख्या-202/26, प्राथमिक की किया गया था !मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया एवं घटना के सफल उभेदन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई और वैज्ञानिक अनुसंधान की मदद से घटना में संलिप्त अभियुक्तों को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित छापेमारी में इस कांड में संलिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैं एवं 01 विधि विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया हैं एवं उसकी निशानदेही पर चोरी किये गये सामान को विधिवत जब्त किया गया हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों से सघन पूछताछ कर अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



### कबीर जयंती पर संत शोभायात्रा

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी निवासी देव नारायण साहु की अध्यक्षता में कबीर जयंती पर बेनीपट्टी अम्बेडकर चौराहा से लोहिया चौक तक निकाला गया संत शोभा यात्रा।सैंकड़ो लोग महिला पुरुष इस शोभा यात्रा में शामिल हुए।

### सनातन और हिन्दुत्त्व का उपयोग भाजपा सिर्फ चुनावी फायदे और सत्ता मे बने रहने केलिए : हनुमान राऊत

**मधुबनी (एनएसबी)।** सनातन और हिन्दुत्त्व का उपयोग भाजपा सिर्फ चुनावी फायदे और सत्ता मे बने रहने केलिए करता हैं. यें कहना हैं राजद के प्रदेश महासचिव एवं जे पी सेनानी हनुमान प्रसाद राउत का. तीन दिनों तक बनारसी भ्रमण से लौटने के बाद राउत ने प्रेस रिलीज जारी कर भाजपा पर सनातन बिरोधी आचरण करने का आरोप लगया हैं. राउत ने कहा कि 2014के बाद मोदी और योगी ने मिलकर बनारस की पहचान को नष्ट करदिया. एवं जो बनारस अपनी सनातन संस्कृतिऔर गली, एवं गंगा जमुनी तहजीव के लिए महशुर था वह आज समाप्त हो गया हैं. राउत ने बताया की कोरिडोर के नाम पर हजारों परिवार को उजार दिया गया एवं उसे बेरोजगारी के भट्ठी मे झॉंक दिया हैं. कल तक कासी विश्वनाथ के भक्त गंगा स्नान कर के आसानी से भोलेनाथ का दर्शान कर लेटे थे आज कम से कम दो किलो मीटर का भ्रमण करने के बाद ही मंदिर के दुवाड़ तक पहुंच पता हैं. जो गंगा कल तक निर्मल था आज बनारस की गंगा सब से अधिक गन्दी हैं. दुनिया मे बनारस के मंदिर के घंटे की आवाज और मज्जिद के आजान एक साथ सुनाई देता था वह समाप्त होगया. जिसे देखने के लिए दुनिया के लोग बनारसी आते थे. वह बंद होगया. कोरिडोर के नाम पर और गंगा सफाई के नाम पर सेकरो गुजराती लूट मचाये हुआ हैं. अब तो राम मंदिर के दान की डकैती से साबित हो गया कि भाजपा सबसे बड़ा सनातन एवं हिंदुत्व बिरोधी हैं यें दोनों उसका सिर्फ सत्ता हाथयाने का उपकरण हैं. देश आने बाले समय मे इन्हे सबक सिखाएगा.

### चोरी की एक बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**खजौली (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के क्रम में चोरी की एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक को पूछताछ बाद सोमवार को न्यायिक प्रक्रिया में मधुबनी भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान छपराढ़ी ग्राम निवासी देविन्दर ठाकुर के पुत्र अखिलेश कुमार के रुप में हुई है। थानाध्यक्ष सपन कुमार ने बताया कि एसआई राजेन्द्र कुमार चौरसिया के नेतृत्व में स्थानीय थाना पुलिस रविवार शाम को महुआ एकडारा एवं छपराढ़ी गांव के मध्य स्थित मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उक्त युवक बिना नंबर की एक बाइक के साथ वहां पहुंचा। पुलिस द्वारा बाइक को रोककर उसके कागजात की छानबीन करने पर उक्त बाइक चोरी का निकला। पुलिस ने बाइक चालक युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ बाद उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### पीएमएफएमई योजना से सोनू कुमार बने सफल उद्यमी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के मधवापुर प्रखंड निवासी सोनू कुमार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल पेश की है।उन्होंने चूड़ा मिल की स्थापना कर न केवल स्वयं को रोजगार से जोड़ा, बल्कि स्थानीय स्तर पर अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

# नीट परीक्षा में कथित अनियमितता, बेरोजगारी व महंगाई के विरोध में कांग्रेस का आक्रोश मार्च

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के निदेर्शानुसार सोमवार को जयनगर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्टेशन चौक पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितता, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के विरोध में आक्रोश मार्च, प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मधुबनी जिला कांग्रेस कमेटी (पश्चिम) की जिलाध्यक्ष मीना देवी कुशवाहा ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पार्टी के झंडे और विभिन्न मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर स्टेशन चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मीना देवी कुशवाहा ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम लोगों का घरेलू बजट बिगड़ गया है, जबकि बेरोजगारी से युवा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से छात्रों के हितों की रक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, महंगाई पर नियंत्रण तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों, युवाओं, किसानों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इन जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं करती है तो पार्टी आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। उन्होंने कार्यकताओं से लोकतांत्रिक तरीके से जनसमस्याओं को उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर नवेंदु झा, सुजीत कुमार यादव, शिव शंकर चौधरी, अजय झा, अयोधी पासवान, मोहम्मद आरिफ, धनुष लाल महतो, प्रदीप पंजियार, संजय कुमार सिंह, सत्यनारायण यादव, संतोष कुमार यादव, कपिल देव शाह, धीरेंद्र कुमार सिंह, मुकेश सिंह कुशवाहा, राजकमल सिंह कुशवाहा सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाना पार्टी की प्रतिबद्धता है और जनहित के सवालों पर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## शहर के ऐतिहासिक टाउन क्लब मैदान में मल्टीपरपस हॉल निर्माण के प्रस्ताव का विरोध लगातार तेज

**मधुबनी (एनएसबी)।** नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति द्वारा शहर के ऐतिहासिक टाउन क्लब मैदान में मल्टीपरपस हॉल निर्माण के प्रस्ताव का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। उपमहापौर पद की पूर्व प्रत्याशी एवं समाजसेविका काजोल पूर्वे ने इस प्रस्ताव को शहर के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि टाउन क्लब मैदान मधुबनी शहर का एकमात्र बड़ा सार्वजनिक खुला मैदान है, जिसे किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं होने दिया जाएगा।


जानकारी देते समाज सेवी।

उन्होंने कहा कि यह मैदान वर्षों से शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक और सरकारी आयोजनों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां सत्संग, सम्मेलन, पुस्तक एवं कृषि प्रदर्शनी, मेले, राजनीतिक सभाएं, प्रसार भारती के कार्यक्रम सहित अनेक बड़े सार्वजनिक आयोजन नियमित रूप से होते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे खेलकूद करते हैं तथा सुबह-शाम सैकड़ों लोग टहलने और व्यायाम के लिए इसी मैदान का उपयोग करते हैं।

काजोल पूर्वे ने कहा कि टाउन क्लब मैदान के महत्व को देखते हुए तत्कालीन विधान परिषद सदस्य संजय झा के प्रयास से यहां स्थायी मंच का निर्माण कराया गया था, ताकि बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा हो सके। ऐसे ऐतिहासिक और उपयोगी मैदान पर निर्माण कार्य करना शहर की सार्वजनिक आवश्यकताओं के साथ समझौता होगा।

उन्होंने नगर निगम के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि निगम के पास टंचिंग ग्राउंड, भौआड़ा हाट समेत अन्य स्थानों पर पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, जहां मल्टीपरपस हॉल का निर्माण किया जा सकता है '

इसके बावजूद शहर के सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक मैदान का चयन करना उचित नहीं है। उनका कहना था कि यदि नगर निगम विकास करना चाहता है तो वैकल्पिक स्थलों पर निर्माण करे, न कि शहर की एकमात्र खुली सार्वजनिक जगह को खत्म करे। काजोल पूर्वे ने आरोप लगाया कि नगर निगम अपनी अन्य जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहा है, जबकि सार्वजनिक उपयोग के इस मैदान को निर्माण के लिए चुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शहर के भविष्य और नागरिकों के हितों के विरुद्ध है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस मामले को लेकर जल्द ही महापौर, नगर आयुक्त, जिलाधिकारी तथा संबंधित मंत्री को ज्ञापन सौंपकर मल्टीपरपस हॉल निर्माण संबंधी प्रस्ताव वापस लेने की मांग की जाएगी। यदि इसके बावजूद निर्णय नहीं बदला गया तो ह्लटाउन क्लब फील्ड बचाओ संघर्ष मोर्चाह्व का गठन कर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।

काजोल पूर्वे ने कहा कि वे शहर के विकास की पक्षधर हैं, लेकिन विकास के नाम पर सार्वजनिक मैदानों को समाप्त करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर शहरवासियों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखा जाएगा।

## इनरवा गांव वार्ड 9 के पास जलजमाव से राहगीर परेशान, दुर्घटना की बढ़ी आशंका

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के खजौलीझकलुआही मुख्य सड़क पर इनरवा गांव के समीप भीषण जलजमाव से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क सड़क है, जहां दिनभर छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है। बावजूद इसके जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश के मौसम में करीब 200 से 250 मीटर तक सड़क पर लगातार जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। कई स्थानों पर दो से ढाई फीट तक पानी भर जाने से सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण सड़क दुर्घटनाएं अब आम बात बन गई हैं।



स्थानीय ग्रामीण अरुण यादव, इंद्रदेव यादव, मुरारी चौधरी, नवीन कुमार, राम कुमार ठाकुर और संतोष कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि सड़क की मरम्मत वर्ष में दो बार कराई जाती है, लेकिन सड़क किनारे जल निकासी के लिए नाला का निर्माण नहीं होने के कारण जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को होती है। जलभराव के कारण उन्हें रोजाना जोखिम उठाकर इस सड़क से गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क किनारे जल्द से जल्द नाला का निर्माण कराया जाए, ताकि जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके और लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

## पंचायत विकास दिवस अवसर पर पंचायतों में शिविर का हुआ आयोजन

**लदनियां (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पंचायत विकास दिवस पर रविवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास शिविर का आयोजन किया गया।बीडीओ राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पदमा, लछ्मीनीयां सहित अन्य पंचायतों में पंचायत विकास दिवस शिविर लगा कर लोगों की समस्या सूनने के पश्चात आवेदन लिए गए। सरकार के उद्देश्य और निर्देश के आलोक में लदनियां प्रखंड क्षेत्र के पंद्रह पंचायतों में यह शिविर का आयोजन किया जाना था जिसका उद्देश्य विकास कार्य में तेजी लाने संबंधि विषयों पर विचार विमर्श किया जाना था। परंतु सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना का प्रताल करने के बाद संवाददाता को लगा की सरकार जनहित में जो भी ढ़ोल पीट ले सरकारी कर्मचारी के लालफीताशाही और के कारण जमीन पर उतरने से पहले ही दम तोड़ दिया। प्रखंड क्षेत्र के लोग आधार कार्ड सुधार, जमाबंदी में ओल झोल,कन्या विवाह योजना, मातृत्व लाभ योजना, राशनकार्ड, सड़क दुघर्टना योजना का लाभ, शौचालय निर्माण योजना के राशि से वंचित हैं। इधर मुखिया और बिचौलियों से लाखों रुपए कमीशन लेकर जनता की सुधी भूलने वाला अधिकारी कहते नहीं थकते की पंचायत में शिविर का आयोजन मुखिया के द्वारा किया गया है, जिसमें मुखिया सुजीत कुमार पासवान, उपेन्द्र साह सहित संबंधित पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## सात लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का विधायक ने किया उद्घाटन

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी प्रखंड के मेघवन गांव में लगभग सात लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन रविवार को स्थानीय भाजपा विधायक विनोद नारायण झा ने फीता काटकर किया।



उद्घाटन करते विधायक।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। बेहतर सड़क संपर्क से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांवों के विकास को नई गति मिलेगी। उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि सिलीगुड़ीझगोरखपुर एक्सप्रेसवे मिथिला क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, व्यापार एवं उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे मिथिला के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए विधायक का आभार जताया।

# पर्णकुटी मंदिर के लिए नई कार्यकारिणी का गठन, श्रावणी महोत्सव की तैयारियां जल्द होंगी शुरू

**जयनगर (एनएसबी)।** कमलापुल के समीप स्थित नवनिर्मित पर्णकुटी मंदिर परिसर में बेल्ही पश्चिम पंचायत के मुखिया रामदास हजरा की अध्यक्षता में बलुआटोल के ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के सुचारु संचालन, विकास तथा आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मंदिर के बेहतर प्रबंधन के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया।बैठक की शुरूआत में पूर्व में कार्यरत मंदिर की सभी समितियों एवं कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के समुचित विकास, धार्मिक गतिविधियों के नियमित संचालन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई समिति का गठन आवश्यक था।नई कार्यकारिणी में राज कुमार चौधरी को अध्यक्ष, महावीर चौधरी को उपाध्यक्ष, सूर्य नारायण शर्मा को महासचिव तथा रामसेवक साह को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं बेल्ही पश्चिम पंचायत के मुखिया रामदास हजरा, पूर्व मुखिया मदन हजरा, कामेश्वर विराजी एवं पूर्व सरपंच सतन विराजी को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए मंदिर के विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नवगठित कार्यकारिणी आगामी श्रावण मास में आयोजित होने वाले श्रावणी महोत्सव एवं मेले की तैयारियां शीघ्र शुरू करेगी। समिति ने आयोजन को भव्य, व्यवस्थित और सफल बनाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने मंदिर परिसर के समग्र विकास, धार्मिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाने तथा समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नई समिति के नेतृत्व में मंदिर धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और क्षेत्र में धार्मिक आस्था को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सुमन पूर्वे, मनोज चौधरी, नथुनी यादव, भूषण सिंह, शम्भू शर्मा, सिकेन्द्र मुखिया, रंजीत राय, रौशन चौधरी, पवन राय, अजय कापर, तपेश्वर यादव, रामचन्द्र मुखिया, रोजिन मुखिया, जीवछ मंडल, कृष्णा साफी, सुनील ठाकुर, मिथुन शर्मा, अमित वर्मा, संतोष राय, पंडित चन्द्रशेखर झा सहित बड़ी संख्या में बलुआटोल के ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर मंदिर के विकास एवं आगामी श्रावणी महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया।


बैठक में सदस्य गण।

**मुजफ्फरपुर में भी सुनाई पड़ी 'छात्रों की गूंज', नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोटा में दिये गए संबोधन को प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया प्रदर्शित**

# शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता जैसे मुद्दे बड़ी चुनौती : कृपाशंकर

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** भगवानपुर स्थित एक निजी होटल के सभागार में जिला कांग्रेस पश्चिमी द्वारा छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और शिक्षा, रोजगार तथा अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए एक ठोस संवाद स्थापित करना था।

मुजफ्फरपुर पश्चिमी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश का भविष्य छात्रों के हाथों में है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता जैसे मुद्दे छात्रों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। इन समस्याओं का समाधान किए बिना देश का समुचित विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से केंद्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हाल के दिनों में छात्रों से जुड़े मुद्दों पर दिए गए वक्तव्यों को दिखाया गया। इन विचारों के जरिए छात्रों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया जा रहा है।



छात्रों की गूंज कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस पश्चिमी जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही।

इससे छात्रों में जागरूकता और संवाद की भावना को बल मिला।मौके पर छात्र प्रियांशु, अनुराग, सन्नी और कुणाल समेत कई विद्यार्थियों ने खुलकर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, बढ़ती फीस, रोजगार के अवसरों की कमी और प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही अनियमितताओं जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। छात्रों ने सरकार से पारदर्शी व्यवस्था, बेहतर संसाधन और समय पर परीक्षाओं के आयोजन की मांग की। छात्रों ने यह भी कहा कि उनकी अपेक्षाएं केवल डिग्री तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे एक बेहतर भविष्य और सम्मानजनक रोजगार चाहते हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और ठोस कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम में सुरेश शर्मा नीरज, आलोक शर्मा, सुशील शाही, ओंकार नाथ चौधरी, त्रिभुवन पटेल, मो अब्दुल्ला, नीरज कुमार, रमेश तिवारी, वीरेंद्र यादव, रितेश झा, शिवम सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने छात्रों के मुद्दों को समर्थन देते हुए उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि छात्रों की समस्याओं को संबंधित मंचों तक पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। यह आयोजन छात्रों और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का एक प्रभावी माध्यम साबित हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में विशेष शाखा सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जी अधिकारी बनकर पहुंचा युवक गिरफ्तार



परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार युवक।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार विशेष शाखा सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान सोमवार को मुजफ्फरपुर में सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक बड़ा फजीवाड़ा सामने आया। चैपमैन बालिका इंटर स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक युवक खुद को बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन एवं वीडियोग्राफी टीम का सदस्य बताकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर गया। हालांकि टीम के वास्तविक प्रभारी की सतर्कता से उसकी पोल खुल गई और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान जमुई जिले के लक्ष्मीपुर निवासी जयप्रकाश के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह एक अभ्यर्थी की मदद करने के उद्देश्य से फर्जी अधिकारी बनकर परीक्षा केंद्र में दाखिल हुआ था। जानकारी के अनुसार, परीक्षा केंद्र पर पहले से मौजूद बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन एवं वीडियोग्राफी टीम के हेड शुभम कुमार को जयप्रकाश की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछताछ करने पर पता चला कि वह उनकी टीम का सदस्य नहीं है। इसके बाद इसकी सूचना तत्काल ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई, जिन्होंने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान युवक ने फर्जी पहचान के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि आरोपी ने किसी की मदद करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की बात कही है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि उसका मकसद केवल एक अभ्यर्थी की सहायता करना था या इसके पीछे किसी संगठित गिरोह की भूमिका है। मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुजफ्फरपुर क्लब से चोरी हुई 50 लाख के आभूषण चोरी कांड का हुआ उद्भेदन, तीन आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर थाना क्षेत्र स्थित मुजफ्फरपुर क्लब में 22 जून की रात एक रिसेप्शन पार्टी के दौरान हुई लगभग 50 लाख मूल्य की चर्चित आभूषण एवं नकदी चोरी कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद नगर थाना कांड संख्या 354/26 दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लगातार सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों सीतामढ़ी जिले के बेलसंड निवासी राजेश कुमार साह व अमित कुमार और रून्नी सैदपुर निवासी गोपाल साह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 1.60 लाख नकद, सोने-चांदी के कई आभूषण, मंगलसूत्र, चेन, अंगूठियां, कंगन, कर्णफूल, चांदी के आभूषण समेत बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त बैग भी जब्त किया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि यही गिरोह अहियापुर थाना कांड संख्या 1093/26 में हुई आभूषण व नकदी चोरी की घटना में भी शामिल था। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है तथा गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।



गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते सिटी एसपी।

# मलाशय में छिपाकर लाया जा रहा डेढ़ करोड़ का स्विस गोल्ड बरामद

**डीआरआई मुजफ्फरपुर टीम ने अंतर्राष्ट्रीय सोना तस्कर को किया गिरफ्तार**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर डीआराई की टीम ने अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 900 ग्राम स्विस गोल्ड बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीआआई अधिकारियो के अनुसार राजस्थान के नोखा निवासी संजय कुमार पांडे को नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की इ1 बोगी से हिरासत में लिया गया। शुरूआती तलाशी में उसके पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ लेकिन पुख्ता सूचना के आधार पर आरोपी का बॉडी स्कैन कराया गया। बॉडी स्केन जांच में उसके पेट (मलाशय) के भीतर सोने के बिस्कुट छिपाए जाने की पुष्टि हुई। बाद में चिकित्सकीय प्रक्रिया के जरिए सोना सुरक्षित बाहर निकाला गया।

मामले की जांच और गिरफ्तार अंतर्राष्ट्रीय तस्कर संजय कुमार पांडे द्वारा पूछताछ के दौरान दी गई जानकारी के बाद यह पता चला है कि तस्कर स्विट्जरलैंड से म्यांमार और फिर गुवाहाटी के रास्ते भारत में सोने की तस्करी कर रहे थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गुवाहाटी पहुंचने के बाद सोने की खेप अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग कुरियर एजेंटों को सौंपी गई थी। तस्कर संजय कुमार पांडे के पास से बरामद स्विस सोने का खेप दिल्ली के एक कारोबारी तक पहुंचाई जानी थी। इससे पहले ही मुजफ्फरपुर डीआरआई की टीम ने संजय को रास्ते में ही ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया।

**पूछताछ में हुआ खुलासा, स्विट्जरलैंड से म्यांमार और फिर गुवाहाटी के रास्ते भारत में सोने की हो रही तस्करी**

**वैश्विक तनाव और ईरान संकट के बाद पुराने तस्करी मार्ग प्रभावित होने की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय तस्करों ने म्यांमार रूट को बनाया नया हॉटस्पॉट**

डीआरआई के अधिकारियो के अनुसार वैश्विक तनाव और ईरान संकट के बाद पुराने तस्करी मार्ग प्रभावित होने की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय तस्करों ने म्यांमार रूट को नया हॉटस्पॉट बना लिया। डीआरआई ने इस गिरोह से जुड़े दिल्ली और गुवाहाटी के कई संदिग्धों की पहचान कर लेने का दावा करते हुए बताया कि चिन्हित किए गए इस गिरोह के अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए देशभर में छापेमारी जारी है। विभागीय अधिकारीयों ने बताया कि फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही विभागीय टीम पूरे अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क की जांच में जुट गई है और जल्दी ही स्विस सोना की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी में शामिल एक बड़े तस्कर सिण्डिकेट का खुलासा किया जाएगा।

### दिल्ली में तनु प्रिया को मिला इंस्पायरिंग ग्लोबल आइकॉनिक अवॉर्ड-26

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर सॉफ्टबॉल एसोसिएशन की सचिव एवं बिहार सॉफ्टबॉल टीम की मैनेजर तनु प्रिया को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में इंस्पायरिंग ग्लोबल आइकॉनिक अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित समारोह में एमएस ग्लोबल क्लब एंटरटेनमेंट की ओर से उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान खेल एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और युवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में तनु प्रिया को सम्मानित किए जाने पर उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों की सराहना की। तनु प्रिया की इस उपलब्धि से मुजफ्फरपुर ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार का गौरव बढ़ा है। खेल जगत, सामाजिक संगठनों और विभिन्न लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य की प्रतिभा, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का प्रतीक है।

## स्वामी सहजानंद सरस्वती ने साबित किया कि व्यक्ति धर्म से नहीं कर्म से बड़ा होता है : जगन्नाथ ठाकुर



पुण्यतिथि समारोह का दीप प्रज्ववलित कर उद्घाटन करते अतिथि गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु नगर स्थित एक विवाह भवन सभागार में ब्रह्मर्षि विकास संगठन मुजफ्फरपुर द्वारा स्वामी सहजानंद सरस्वती की 77 वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के अध्यक्ष नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन बिहार राज्य कार्यक्रम कार्यानवयन समिति के सदस्य जगन्नाथ ठाकुर ने दीप प्रज्ववलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी सहजानंद सरस्वती के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि स्वामीजी ने अपने धर्म औऱ कर्म से यह प्रमाणित किया कि व्यक्ति धर्म से नहीं कर्म से बड़ा होता है। स्वामी सहजानंद सरस्वती ने किसानों के संघर्ष को एक नई धार दी। वहीं सन्यासी होते हुए भी अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना अपना धर्म समझा। वही मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित नगर विधायक रंजन कुमार ने स्वामी सहजानंद सरस्वती को उनकी पुण्यतिथि पर अपने शब्द भाव से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि धर्म, कर्म, संस्कार और संस्कृति राष्ट्र के लिए संजीवनी का संदेश देने वाले संत स्वामी सहजानंद सरस्वती ने लोगो को

मानवता के कल्याण के लिए संघर्ष तथा सेवा को अपनाने का संदेश दिया। लेकिन वसुधैव कुटुम्बकम् के सोच वाले इस देश में हम जाति, द्वेष के भेदभाव में पूरी तरह घिर गए है। कार्यक्रम के दौरान संस्कार, संस्कृति और मानवीय मूल्य : राष्ट्रीय समृद्धि के लिय कितना महत्वपूर्ण' विषयक परिचर्चा तथा किसान सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें गोपाल शाही, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता वरुण कुमार, डॉ संजय पंकज, केशव शर्मा आदि वक्ताओ ने संबोधित किया। इस क्रम में किसानों के हित में 5 प्रस्ताव रखे गए, जिसे राज्य सरकार के पास भेजकर इसे मंजूरी देने की मांग सरकार से की गई। इस अवसर पर संगठन द्वारा मेधावी छात्रों के लिए कराई गई प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र छात्राओ को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सामाजिक दायित्वों के तहत संगठन द्वारा पांच निर्धन भूमिहार समाज की महिला को वस्त्र व आर्थिक सहयोग, एक कैंसर पीड़ित को 11 हजार का चेक तथा एक मेधावी निर्धन बच्ची को किताब एवं अन्य खर्चों के लिय 2551 रुपए का चेक प्रदान किया गया। विषय प्रवेश महासचिव सुनील कुमार ने किया। मंच संचालन उपेन्द्र कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सी पी सिंह ने की। कार्यक्रम में किसान नेता राजेश्वर तिवारी, बबलू मिश्र, आशुतोष मिश्रा, विनीत कुमार, प्रसून कुमार, राजीव कुमार, महेश प्रसाद सिंह, हर्षवर्धन ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बंद पड़े ईंट भट्ठे से मिला 4 दिनों से लापता 7 माह की गर्भवती का शव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के सुपुर लादी गांव स्थित एक बंद पड़े ईंट-भट्टे से सोमवार को चार दिनों से लापता 7 माह की गर्भवती विवाहिता का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच तेज कर दी है। मृतका की पहचान पियर थाना क्षेत्र के नूनफारा पंचायत अंतर्गत कैला गांव निवासी बिट्टू राम की 24 वर्षीय पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि खुशबू सात महीने की गर्भवती थी और 24 जून से अपने ससुराल से लापता थी।

सोमवार दोपहर एक ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी कि बंद पड़े ईंट-भट्टे में एक महिला का शव छिपाकर रखा गया है। सूचना मिलते ही गायघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शव को ठिकाने लगाने की नीयत से उस पर यूरिया खाद डालकर बोरे से ढक दिया गया था, ताकि शव जल्द गल जाए और पहचान मिटाई जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

मृतका के पिता पियर थाना क्षेत्र के रतनमनिया गांव निवासी विनोद राम ने बताया कि उन्होंने शनिवार को पीयर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी के साथ लगातार मारपीट की जाती थी। उनका आरोप है कि दामाद और ससुराल पक्ष के लोगों ने खुशबू की हत्या कर शव को गायब कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पूर्वी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद से पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई थी। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से मृतका के ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और लगी लोगो की भीड़।

**शव को ठिकाने लगाने की नीयत से उस पर यूरिया खाद डालकर बोरे से ढक दिया गया था**

**ससुराल वाले घर से फरार**

# फूड साइंस में वैश्विक कामयाबी, बीआरएबीयू के कुलपति के नेतृत्व में शोध टीम ने तैयार किया औषधीय 'सुपर गुड़'

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** वैश्विक फंक्शनल फूड सेक्टर में भारतीय वैज्ञानिकों को एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ दिनेशचंद्र राय के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान टीम ने पपीते के पत्तों के पाउडर से समृद्ध एक विशेष वैल्यू -एडेड गुड़ विकसित किया है। इस शोध को नीदरलैंड्स के प्रतिष्ठित एल्सेवियर ग्रुप के उच्च इम्पैक्ट फैक्टर (आईएफ 7.1) अंतरराष्ट्रीय शोध जर्नल एलडब्लूटी- फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने नवीनतम अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इस शोध की सफलता पर खुशी जताते हुए बिआरए बिहार विवि के कुलपति एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध दल के प्रमुख प्रो डॉ दिनेशचंद्र राय ने कहा कि पारंपरिक भारतीय खान-पान और आयुर्वेद को आधुनिक विज्ञान के जरिए वैश्विक मंच पर स्थापित करना उनकी टीम का मुख्य लक्ष्य रहा है। इस हाई-लेवल अंतरराष्ट्रीय रिसर्च टीम में बीएचयू के गौरव प्रताप सिंह, डॉ अभिषेक दत्त त्रिपाठी, उर्वशी विक्रांता, अपर्णा अग्रवाल, विवेक कुमार मौर्य के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक दीपेंद्र कुमार महतो और सऊदी अरब के किंग सऊद यूनिवर्सिटी के डॉ. जावेद मसूद खान शामिल थे। शोध की जानकारी देते हुए कुलपति प्रो राय ने बताया कि वैज्ञानिक जांच के लिए रिसर्च टीम ने आधुनिकतम पहाई रेजोल्यूशन एक्यूरेट मास स्पेक्ट्रोमेट्री और न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस जैसी जटिल तकनीकों का सहारा लिया। जांच में इस विशेष गुड़ के भीतर पपीते के पत्तों से प्राप्त 22 ऐसे दुर्लभ बायो-एक्टिव यौगिकों (जैसे क्वेरसेटिन, कैटेचिन और फेरुलिक एसिड) की पुष्टि हुई है, जो इससे पहले कभी गुड़ में नहीं पाए गए। ये तत्व शरीर में इंसुलिन बढ़ाने (एंटी-डायबिटिक), सूजन कम करने (एंटी-इंफ्लेमेटरी), बीपी नियंत्रित करने और कैंसर कोशिकाओं को रोकने में बेहद असरदार माने जाते हैं।



शोध के संबंध में जानकारी देते शोध दल के प्रमुख व कुलपति प्रो डॉक्टर दिनेशचंद्र राय।

**अंतरराष्ट्रीय शोध जर्नल एलडब्लूटी- फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने नवीनतम अंक में इस शोध को प्रकाशित किया है**

अनुसंधान के दौरान विभिन्न मिश्रणों का परीक्षण किया गया, जिसमें प्रति किग्रा गुड़ में 40 ग्राम पपीते के पत्तों के पाउडर का फॉमूर्ला स्वाद, सुगंध और औषधीय गुणों के मामले में सबसे अचूक और सर्वोत्तम पाया गया। कुलपति प्रो राय ने बताया कि यह शोध देश में लोकल टू ग्लोबल दृष्टिकोण के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि यह उत्पाद न केवल सेहत के प्रति सजग उपभोक्ताओं को चीनी का एक बेहतरीन और सुरक्षित विकल्प देगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेकार समझे जाने वाले कृषि संसाधनों (जैसे पपीते के पत्ते) को एक नया बाजार मूल्य देकर किसानों की आमदनी को दोगुना करने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। कुलपति प्रो डी.सी. राय के इस उत्कृष्ट शोध और प्रेरणादायी अकादमिक और शोध नेतृत्व पर दोनों विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक समुदायों और एलुमनी एसोसिएशनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## पेपर लीक व महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम से निकाला गया आक्रोश जुलूस

# कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन


पीएम व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक व महंगाई के खिलाफ सोमवार को शहर के पटेल चौक पर पीएम नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया है। पार्टी के अध्यक्ष संतोष पासवान के नेतृत्व में कॉंग्रेस कार्यालय, राजेन्द्र आश्रम से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए पटेल चौक पहुँचे और पुतला दहन करके केंद्र के मोदी सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

मौके पर श्री पासवान ने कहा कि बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। सरकार युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है वहीं डीजल-पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे आम जनता और किसान बेहाल हैं। महंगाई और बेरोजगारी ने युवाओं को सड़क पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल है। देश की जो मौजूदा स्थिति है उसके लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं। प्रदर्शन में जगदीस झा, बृजमोहन मंडल,सुरेश यादव,पलटु साह, धीरेन्द्र कुमार साहू, रामसेवक पासवान, सचिन्द्र राम, मुंद्रिका पासवान, अंसार अंसारी, रंजीत पासवान मो अमरूल आदि शामिल थे।

# आफताब आलम के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, जनाजे में उमड़े लोग परसा कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** परिहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष एमआई आदिल के बड़े भाई मास्टर मो. आफताब आलम परसा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किए गए। उनके जनाजे में क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। जनाजा की नमाज तकवा मस्जिद के इमाम कारी नसीम ने पढ़ाई।

मास्टर मो. आफताब आलम मध्य विद्यालय परसा उर्दू में सहायक शिक्षक पद पर कार्यरत थे। वह अपने पीछे चार पुत्री व पत्नी छोड़ गए।

जनाजे की नमाज में परिहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष एम. आई. आदिल, हाजी मास्टर अब्दुल हई, मो. अंजार आदिल, मो. मुजतबा आदिल, मो. फैयाज अहमद सीमाब, मो. सेराज, मो. इंजमाम सिद्दीकी, मतलूब आलम, नेयाज अहमद, रियाज अहमद, अरबी अख्तर, मो. हैदर, मो. अतिकुल्लाह, जिकरुल्लाह, मो. नसीम, दुलारे बाबू, मो. जावेद आदिल, अरशद अली पूर्व मुखिया समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल रहे। सभी ने स्व. मो. आफताब आलम की मगफिरत करने और परिजनों को सब्र-ए-जमील की दुआ की।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर के भरत तिवारी इन्काउंटर मामले को लेकर सैकड़ों युवाओं ने कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत मामले को लेकर विभिन्न संगठनों से जुड़े सैकड़ों युवाओं ने शहीद खुदीराम बोस स्मारक से भारत माता नमन स्थल तक कैंडल मार्च निकालकर भरत तिवारी को श्रद्धांजलि दी और निष्पक्ष जांच के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। मार्च में शामिल युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर न्याय के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रहे वैभव मिश्रा ने कहा कि भरत तिवारी ने दलितों, गरीबों और वंचितों की आवाज उठाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। उनकी मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक पूरे मामले की पारदर्शी जांच नहीं होती और दोषियों को कानून के मुताबिक सजा नहीं मिलती, तबतक न्याय की यह लड़ाई जारी रहेगी। हालांकि यह ध्यान देना

**मामले की न्यायिक जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की उठी मांग**


कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के युवा कार्यकर्ता।

जरूरी है कि फर्जी एनकाउंटर और पुलिस पर लगाए गए अन्य आरोप जो प्रदर्शनकारियों और परिजनों के आरोप हैं, उसकी आधिकारिक पुष्टि या न्यायिक जांच का अंतिम निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है। उधर, जन सुराज पार्टी के सदस्यों ने कटरा प्रखंड मुख्यालय पर तिरहुत युवा प्रभारी वेद प्रकाश के नेतृत्व में स्वर्गीय भरत तिवारी की स्मृति में न्याय की मांग को लेकर श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां चामुंडा देवी मंदिर परिसर से की गई। जहाँ लोगों ने स्वर्गीय भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वकताओं ने कहा कि पूरे बिहार में गुंडाराज पुनः स्थापित हो चुका है। बिहार सरकार का मुखिया अपराधियों का संरक्षण कर्ता है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब से पलायन किए हैं तब से बिहार में चारों तरफ लूट हत्या और बलात्कार से पूरा बिहार शर्मशार है। इस क्रम में वकताओं ने भरत तिवारी को शहीद का दर्जा देने और उनके परिजनों को हर हाल में न्याय सुनिश्चित कराने तथा इस मामले की न्यायिक जांच कराने के साथ ही मामले के दोषियों को सख्त कानूनी कार्रवाई के दायरे में लेकर कठोर सजा दिलाने की मांग सरकार से की। इसके उपरांत मंदिर परिसर से कैंडल मार्च निकाला गया, जो कटरा प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बदल गया। यहां कैंडल मार्च में शामिल सभी लोगो ने भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक स्वर में स्वर्गीय भरत तिवारी को न्याय मिलने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। कैंडल मार्च में शामिल जिलाध्यक्ष मो लालबाबू, तिरहुत युवा प्रकोष्ठ प्रभारी वेद प्रकाश, जिला युवा सचिव राजीव ओझा, मनीष बाबा, अवधेश चौधरी, संजीत राम, रजनीश कुमार, संतोष कुमार समेत सभी वक्ताओं ने समाज से अन्याय के विरुद्ध एकजुट रहने तथा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनसुराज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं, युवा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

### श्रीकृष्ण जुबली लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार लंदन में हुए सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** श्रीकृष्ण जुबली लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार को इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑफ जूरिस्ट एंड राइटर्स फॉर वर्ल्ड पीस लंदन द्वारा सम्मान पत्र दिया गया। जयंत कुमार को न्याय, शांति, संवाद, मानवीय गरिमा, अंतर्राष्ट्रीय समझ, राष्ट्रों के बीच सौहार्द्ध, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा विधि के शासन को बढ़ावा देने में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डॉ जस्टिस के जी बालाकृष्णन, प्रेसिडेंट इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जूरिस्ट्स, डॉ अदिश सी अग्रवाल एवं जॉर्डन के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिस अवन एस अल काशवनेह के हाथों प्रदान किया गया है।


अन्य सम्मानित लोगो के साथ मंच पर हर्षित मुद्रा में जयंत कुमार।

जयंत कुमार के इस उपलब्धि पर एसकेजे लॉ कॉलेज की सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा, विश्वविद्यालय सीसीडीसी डॉ रजनीश कुमार गुप्ता, डॉ प्रमोद कुमार, प्राचार्य डॉ केके एन तिवारी, डॉ ब्रजमोहन आजाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविंद कुमार सिंह, ,डॉ एसके मिश्रा, डॉ एस पी चौधरी, डॉ रवि राय, प्रो आशुतोष कुमार, डॉ सतीश कुमार, डॉ ललित किशोर, रत्नेश भारद्वाज, अशोक सिंह, प्रेमभूषण आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सीतामढ़ी में पुलिस कस्टडी से चरस तस्करी का आरोपित फरार, तीन चौकीदार निलंबित

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** परिहार थाना पुलिस द्वारा चरस के साथ गिरफ्तार किया गया एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात तीन चौकीदारों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही पूरे मामले की जांच का जिम्मा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) को सौंपा गया है।

**पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 28 जून 2026 को परिहार थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान प्रमोद भगत (पिता- महेंद्र भगत, ग्राम- मदनपुर, थाना- परसौनी, जिला- सीतामढ़ी) को 1.023 किलोग्राम चरस, एक मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में परिहार थाना कांड संख्या 177/26 दर्ज किया गया।

इसके बाद 29 जून 2026 को आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने की सूचना मिली। इस मामले में परिहार थाना कांड संख्या 178/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

प्रारंभिक जांच एवं उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में सामने आया है कि आरोपी थाना हाजत के शौचालय के वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर फरार हुआ। पुलिस अधीक्षक ने घटना की विस्तृत जांच के आदेश देते हुए कहा है कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस के अनुसार, फरार आरोपी के विरुद्ध पहले से भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## फरार अपराधी प्रमु भगत पर 25 हजार का इनाम घोषित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी पुलिस ने फरार अपराधी प्रमु भगत की गिरफ्तारी के लिए 25,000 के पुरस्कार की घोषणा की है। प्रमु भगत, पिता महेंद्र भगत, थाना परसौनी, जिला सीतामढ़ी का निवासी है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फरार अपराधी की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले किसी भी नागरिक या पुलिसकर्मी को सूचना के आधार पर गिरफ्तारी होने पर घोषित 25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।


फरार अपराधी प्रमु भगत।

**पुलिस ने अपील की है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी**

सीतामढ़ी पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को प्रमु भगत के संबंध में कोई विश्वसनीय जानकारी हो तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का कहना है कि अपराध नियंत्रण और जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आमजन का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कर्पूरी छात्रावास में मनायी गई संत कबीर एवं पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की जयंती

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास सीतामढ़ी के सभागार में संत कबीर दास एवं पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह जी की संयुक्त जयंती छात्र प्रमुख शंभू पंडित की अध्यक्षता में मनायी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थित छात्रावास अधीक्षक बिनोद बिहारी मंडल ने संत कबीर एवं पूर्व प्रधान मंत्री वीपी सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, जिस समय मध्यकालीन भारत में सभी धर्मो में रूढ़िवादिता, अंधविश्वास, पाखंड, सामाजिक भेदभाव, ऊंच नीच चरम की पराकाष्ठा पर था, उस समय संत कबीर ने समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ जनांदोलन कर समाज को नयी दिशा देकर जागृत किया। उन्होंने हिंदू एवम मुस्लिम दोनों धर्मो में व्याप्त बुराइयों पर कड़ा चोट किया।

वही आजादी के बाद देश के समावेशी विकास से दूर बहुसंख्यक ओबीसी के लिए मंडल आयोग की अनुशंसा लागू कर सामाजिक न्याय दिया। उन्होंने फूले, आंबेडकर, लोहिया कपूर्री के समाजवादी विचारों को आगे बढ़ाने का काम किया। वीपी सिंह द्वारा ओबीसी समाज के विकास के लिए किए गए कार्य अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि ,पूर्व शिक्षा मंत्री अर्जुन सिंह ने ओबीसी के छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रतिनिधित्व देकर वी पी सिंह के सामाजिक न्याय की धारा को आगे बढ़ाया।


कार्यक्रम में शामिल छात्रावास अधीक्षक, छात्र एवं अभिभावक।

छात्र प्रमुख शंभू पंडित ने भारत सरकार से राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी के वर्गीकरण के लिए रोहिणी आयोग की अनुशंसा को लागू करने की मांग करते हुए कहा कि यही वी पी सिंह जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि कबीरदास देश के समाजसुधारक मानवतावादी क्रांतिकारी संत थे। जिन्होंने समाज में व्याप्त कट्टरता एवं भेदभाव के खिलाफ आवाज बुलंद किया।

जयंती समारोह में रूपेश मुखिया, रौशन पंडित, संदीप मंडल, सत्यजीत गुप्ता, साजन कुमार, अनीश मंडल, पांडव महतो, सुनील मुखिया, गोविंद दास, राजू ठाकुर, सुभाष कापड़, संजीत राऊत, श्यामलाल चौरसिया, राजकपूर, पिंटू शर्मा, सौरभ मंडल, भाग्यनारायण कुमार, आदित्य पंडित, प्रिंस कुमार मंडल, सुधीर कुमार, राजीव सहनी, खुशनंदन कुमार, हर्ष कुमार, पिंकू मंडल, बबलू शर्मा, धनंजय सहनी, आशुतोष पंडित, रणजीत पंडित , सुधीर चौरसिया, नीरज सहनी, विक्की कुमार, मणिकांत पंडित, बसंत कुमार सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

### पल्स पोलियो अभियान का बहिष्कार पड़ा भारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नौशाद अहमद ने पल्स पोलियो जून 2026 अभियान में कार्य नहीं करने और राष्ट्रीय कार्यक्रम को बाधित करने के आरोप में आशा कार्यकताओं व आशा फैसिलिटेटरों से स्पष्टीकरण माँगा है। सभी संबंधित कर्मियों को 24 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित आशा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने तथा उन्हें चयनमुक्त करने की अनुशंसा की जाएगी। एक अन्य स्पष्टीकरण पत्र में आशा कार्यकर्ता निभा द्विवेदी, शीला कुमारी, बेबी देवी और रूबी देवी से पल्स पोलियो कार्यक्रम में कार्य नहीं करने तथा अन्य आशा कार्यकताओं को गुमराह कर राष्ट्रीय कार्यक्रम को बाधित करने के आरोप में जवाब मांगा गया है। वहीं तीसरे स्पष्टीकरण पत्र में आशा फैसिलिटेटर संध्या कुमारी, पार्वती देवी, आशा कुमारी, हेमलता कुमारी, रूबी देवी एवं प्रेमलता कुमारी से भी इसी मामले में 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद बंदरा प्रखंड में आशा के बीच हलचल तेज हो गई है।

## कवि गौतम वात्स्यायन, महंत अशोक कुमार दास व आचार्य रामानंद मंडल को किया गया सम्मानित

# काव्य गोष्ठी एवं 'साहित्य और समाज' विषयक संगोष्ठी का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थानीय प्रेस क्लब में मासिक काव्य गोष्ठी सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की स्थानीय इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा मधुकर व संचालन वरिष्ठ कवि सत्येंद्र मिश्र ने किया।

मौके पर कवि गौतम वात्स्यायन, महंत अशोक कुमार दास व आचार्य रामानंद मंडल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में " साहित्य और समाज " विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कवि गौतम वात्स्यायन ने कहा कि साहित्य ने समाज को हमेशा दिशा दी हैं। साहित्य को समय के हिसाब से समाजहित में आगे बढ़ने की आवश्यकता हैं। महंत अशोक कुमार दास ने कहा कि साहित्य से समाज सुदृढ होता रहा हैं। ईमानदार लेखन से समृद्ध भारत के निर्माण में सहयोग की आवश्यकता हैं।



कार्यक्रम में कवियों को सम्मानित करते अतिथि।

कवि रामबाबू सिंह ने कहा कि साहित्य एक माध्यम हैं, जिससे समाज को संस्कारित किया जा सकता हैं। संगठन के उपाध्यक्ष आचार्य धीरेंद्र झा ' माणिक्य ' ने साहित्य को मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति बताते हुए कहा कि समाजहित में चली लेखनी सामाजिक परिवर्तन के लिए उपयुक्त हो सकती हैं। साहित्य सृजन के औचित्य को स्पष्ट करने की आवश्यकता हैं। साहित्यकार आचार्य रामानंद मंडल ने कहा कि साहित्यकारों को समाज की अच्छाई और बुराई दोनों ही पक्षों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साहित्य को समाज का मार्गदर्शक बनना चाहिए। साहित्य को समाज का हितैषी बताते हुए साहित्यकार राजेन्द्र सहनी ने कहा कि निडरता के साथ सामाजिक पहलुओं पर लेखनी चलनी चाहिए। वरीय साहित्यकार सत्येंद्र मिश्र ने कहा कि साहित्य भूत, वर्तमान और भविष्य का संरक्षक होता हैं। साहित्य व्यक्ति और समाज के बीच का सेतु हैं। सहिष्णुता आवाम के मिजाज में घोलने का काम करता हैं। संगठन के जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा ' मधुकर ' ने कहा कि समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव होता रहा हैं। समय - कालखंड के हिसाब से सामाजिक परिस्थितियों पर साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आगाज कवि गौतम वात्स्यायन की प्रस्तुति " तुम मुझे आनंद में क्यों ढूँढते हो, मैं किसी के शोक में तुमको मिलूंगा। " से हुई। कार्यक्रम को गति देते हुए आचार्य धीरेंद्र झा ' माणिक्य ' ने " अधिकार सभी को प्यारा हैं, कर्तव्य न भाता सबको...। " प्रस्तुत कर तालिया बटोरी। कवि रामबाबू सिंह ने " पिता हमारे स्वाभिमान हैं, घर का भी बुनियाद हैं..." और राम किशोर सिंह चकवा ने " एक जगह रहित बताइति दरद कहाँ पर होइअ..." प्रस्तुत की। वहीं राजेन्द्र सहनी ने अपनी रचना " एक आदमी दो चेहरा, मन मैला तन उजला ..." प्रस्तुत कर भरपूर वाहवाही लूटी। अपनी बेहतरीन गजलों की प्रस्तुति के लिए चर्चित गुफरान राशिद की प्रस्तुति " उम्र बीत जाता हैं घर को घर बनाने में, लम्हा भी नहीं लगता आशिया जलाने में.ङ्घ" ने सामाजिक सौहार्द को बल प्रदान किया।

वहीं महंत अशोक कुमार दास की प्रस्तुति " न डरता हूँ, न डगमगाता हूँ..." प्रस्तुत कर जीवन के यथार्थ पर प्रकाश डाला। आचार्य रामानंद मंडल ने अपनी रचना " गरीबी में सौन्दर्य हैं, तभी तो धनी भी फटी जिंस पहन ली..." प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। संगठन मंत्री वाल्मीकि कुमार ' प्रखर ' ने अपनी रचना " जातिवाद के महासमर में सबकुछ जाता दिखता हैं... तो सत्येंद्र मिश्र ने " जी करता हैं मेरे प्रियतम, मैं तुझ पर कुछ खास लिखूं...प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। वहीं अध्यक्ष मुरलीधर झा ' मधुकर ' ने " सप्त सुरों से सजी हैं गीत जिन्दगी... की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## सम्पादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पर्दे के पीछे संवाद की सामरिक विवशता

हाल ही में श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) द्वारा आयोजित एक क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन के हाशिये पर भारत और पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारियों, राजनयिकों और रणनीतिकारों के बीच हुई ट्रैक-2 (पर्दे के पीछे की) बातचीत ने कूटनीतिक गलियारों में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। जब दोनों देशों के बीच आधिकारिक संबंध लगभग मृतप्राय स्थिति में हों, तब इस तरह की अनौपचारिक बैठकों की अहमियत बहुत बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से, विशेषकर 2019 के बाद से, भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी स्तर की कोई सीधी और आधिकारिक द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई है। ऐसे में कोलंबो में हुई इस मुलाकात को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है, जिसमें भारत की ओर से पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे, पूर्व राजनयिक रुचि घनश्याम और रणनीतिक विचारक राम माधव जैसे प्रमुख चेहरों की उपस्थिति की खबरें सामने आईं। हालांकि, राम माधव ने स्पष्ट किया है कि यह कोई विशेष भारत-पाक वार्ता नहीं बल्कि एक बहुपक्षीय दक्षिण एशिया संवाद था, फिर भी ऐसे मंचों पर दोनों देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी और अनौपचारिक चर्चाओं के अपने गहरे कूटनीतिक अर्थ होते हैं। यह घटनाक्रम इसलिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संवाद एक ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई अपने चरम पर है।

इस बैक-चैनल या ट्रैक-2 कूटनीति की सबसे बड़ी विवशता और प्रासंगिकता को समझने के लिए हमें हालिया अतीत के घटनाक्रमों, विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर, के संदर्भ को देखना होगा। अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले, जिसमें कई निर्दोष पर्यटकों की जान गई थी, के बाद भारत ने एक कड़ा सैन्य रुख अपनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इस सैन्य कार्रवाई के परिणामस्वरूप मई 2025 में दोनों देशों के बीच लगातार चार दिनों तक एक गंभीर सैन्य टकराव देखने को मिला था। यह टकराव इस बात का प्रमाण था कि दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसियों के बीच कभी भी एक फुल-स्केल युद्ध भड़क सकता है। ऐसे उच्च तनाव और सैन्य टकराव के ठीक बाद ट्रैक-2 कूटनीति का सहारा लेना कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक रणनीतिक मजबूरी और कूटनीतिक समझदारी है। दरअसल, जब दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों की सेनाएं सीमा पर आमने-सामने हों और आधिकारिक (ट्रैक-1) बातचीत के सभी दरवाजे राजनीतिक कारणों से बंद हों, तो किसी भी गलतफहमी के कारण युद्ध भड़कने का खतरा मंडराता रहता है। इस खतरे को टालने, संकट प्रबंधन (क्रिराइसिस मैनेजमेंट) के तंत्र को सक्रिय रखने और तनाव को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए एक संचार चैनल का होना अनिवार्य हो जाता है। ट्रैक-2 डिप्लोमेसी ठीक यही काम करती है, यह दोनों देशों के नीति-निर्माताओं को बिना किसी आधिकारिक प्रतिबद्धता या राजनीतिक दबाव के, एक-दूसरे की रेड लाइन्स और इरादों को समझने का एक सुरक्षित मंच प्रदान करती है। यह बातचीत शांति समझौते के लिए नहीं, बल्कि युद्ध को टालने और स्थितियों को प्रबंधित करने की एक विवशता है।

कूटनीति में कठोर शक्ति (हार्ड पावर) और संवाद (डायलग) एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक होते हैं। भारत सरकार का आधिकारिक रुख आज भी पूरी तरह से कायम है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। जब तक पाकिस्तान सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद पर कोई ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं करता, तब तक भारत किसी भी प्रकार की आधिकारिक ट्रैक-1 वार्ता की मेज पर नहीं बैठेगा। सरकार इस नीति पर इसलिए भी दृढ़ है क्योंकि घरेलू राजनीति में भी पाकिस्तान के प्रति कड़ा रुख एक अहम मुद्दा है। हालांकि, कूटनीति का एक स्थापित नियम यह भी है कि संवाद के दरवाजे कभी पूरी तरह से सील नहीं किए जाते। एक तरफ भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसे कठोर सैन्य विकल्पों का उपयोग करने से नहीं हिचकता, वहीं दूसरी तरफ वह ट्रैक-2 के माध्यम से संवाद की एक बारीक डोर भी बनाए रखता है। सरकार इन अनौपचारिक वार्ताओं के जरिए यह सुनिश्चित करती है कि बिना कोई राजनीतिक कीमत चुकाए या अपने कड़े रुख से समझौता किए बिना, वह पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक प्रतिष्ठान की वर्तमान सोच का आकलन कर सके। चूंकि इन वार्ताओं में सरकार का कोई सेवारत अधिकारी (भारत की तरफ से) शामिल नहीं होता, इसलिए सरकार के पास इस बातचीत से खुद को अलग रखने की सुविधा हमेशा मौजूद रहती है।

इस पहल को लेकर भारत अपने लिए कई कूटनीतिक संभावनाएं और रणनीतिक अवसर देख रहा है। पहली संभावना संकट प्रबंधन और टेम्परेचर चेक की है। भारत इन वार्ताओं के माध्यम से यह मापना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना और वहां के राजनीतिक नेतृत्व के भीतर किस तरह की हलचल है। भारत यह स्पष्ट संदेश देना चाहता है कि उसकी सहनशीलता की सीमा समाप्त हो चुकी है और किसी भी नए आतंकी दुस्साहस का परिणाम भयानक होगा। ट्रैक-2 संवाद इन कड़े संदेशों को सीधे संबंधित पक्षों तक पहुँचाने का एक बेहतरीन जरिया है। दूसरी बड़ी संभावना अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से जुड़ी है। विश्व समुदाय, विशेषकर अमेरिका और पश्चिमी देश, हमेशा यह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संचार का कोई न कोई माध्यम खुला रहे ताकि परमाणु युद्ध का खतरा न रहे।

# भारत में हूँ, भारतीय हूँ, पर साबित कैसे करूँ



नीरज कुमार झा

आधार पहचान नहीं, पासपोर्ट नागरिकता नहीं, वोटर कार्ड अंतिम प्रमाण नहीं, जन्म प्रमाणपत्र भी हर मामले में पर्याप्त नहीं, फिर आखिर भारत का नागरिक कौन है शायद वही, जिसके पास अगला फॉर्म भरने की धैर्य-शक्ति अभी बाकी हो।

भारत में दस्तावेजों का साम्राज्य दिन-दूनी रात-चौगुनी गति से बढ़ रहा है। हर साल कोई नया कार्ड, कोई नया प्रमाणपत्र, कोई नया पोर्टल और कोई नई सत्यापन प्रक्रिया जन्म लेती है। सरकारें बदलती हैं, लेकिन नागरिक की फाइल मोटी होती जाती है। विडम्बना देखिए, दस्तावेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन नागरिकता का सबसे मूल प्रश्न आज भी अनुत्तरित है कि आखिर ऐसा कौन-सा दस्तावेज है जो अंतिम रूप से सिद्ध करे कि मैं भारतीय नागरिक हूँ।

हाल की बहस ने इस प्रश्न को फिर जीवित कर दिया। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं, बल्कि एक यात्रा दस्तावेज है। कानूनी दृष्टि से यह कोई नई बात नहीं है। पासपोर्ट अधिनियम, 1967 में पहले से यह व्यवस्था मौजूद है कि विशेष परिस्थितियों में सार्वजनिक हित में गैर-नागरिक को भी यात्रा दस्तावेज जारी किया जा सकता है। इसलिए कानून की दृष्टि से पासपोर्ट कभी भी अंतिम नागरिकता प्रमाण नहीं रहा।

लेकिन समस्या कानून से अधिक उस सामान्य भारतीय की है, जिसने आज तक यही समझा था कि पुलिस सत्यापन, दस्तावेजों की जाँच और सरकारी अनुमोदन के बाद मिला पासपोर्ट उसके भारतीय होने का सबसे मजबूत प्रमाण है। अब उसे बताया जा रहा है कि नहीं, यह केवल विदेश यात्रा का टिकट है, नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं।

### दस्तावेजों का महाभारत

भारतीय लोकतंत्र शायद दुनिया का अकेला ऐसा लोकतंत्र बनता जा रहा है जहाँ नागरिक की पहचान से अधिक उसके दस्तावेजों की पहचान है - स्कूल में प्रवेश के लिए जन्म प्रमाणपत्र, कॉलेज में आधार। बैंक में पैन, मतदान के लिए वोटर कार्ड, विदेश जाने के लिए पासपोर्ट, सरकारी योजना के लिए राशन कार्ड।

और यदि कोई पूछ बैठे कि इन सबके आधार पर साबित कर दीजिए कि आप भारतीय नागरिक हैं, तो पूरा तंत्र अचानक मौन हो जाता है। मानो पूरा प्रशासन एक विशाल कार्यालय हो, जहाँ हर टेबल अगले कमरे की ओर भेज देती है।

### नागरिकता की खोज में नागरिक

इस पूरे विवाद का सबसे व्यंग्यात्मक पक्ष यही है कि आज भारत का आम नागरिक अपने ही देश में नागरिकता का अंतिम प्रमाण खोज रहा है।

**आधार कार्ड नहीं।** सर्वोच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि आधार केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। क्योंकि भारत में रहने वाले कई गैर-नागरिक भी आधार प्राप्त कर सकते हैं।

**वोटर कार्ड नहीं।** चुनाव आयोग केवल चुनावी पात्रता निर्धारित करता है। मतदाता सूची में नाम होना नागरिकता का अंतिम निर्णय नहीं है।

**पासपोर्ट ।** अब विदेश मंत्रालय कह रहा है कि वह भी नहीं।

तो फिर क्या-

यहीं से भारतीय प्रशासनिक दर्शन का नया अध्याय शुरू होता है। नागरिकता है, लेकिन उसका सार्वभौमिक प्रमाण नहीं है।

### कानून सही है, व्यवस्था अधूरी

सरकार की कानूनी दलील पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकती। नागरिकता का निर्धारण, नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत होता है, जबकि पासपोर्ट , पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अंतर्गत जारी होता है। दोनों का उद्देश्य अलग-अलग है। इसी कारण पूर्व विदेश सचिव निरुपमा राव ने भी कहा कि कानूनी रूप से विदेश मंत्रालय की स्थिति सही है। एक कानून दस्तावेज को नियंत्रित करता है, दूसरा व्यक्ति की कानूनी स्थिति को।

लेकिन प्रश्न कानून की शुद्धता का नहीं, प्रशासनिक व्यावहारिकता का है।

यदि पासपोर्ट जारी करने से पहले सरकार स्वयं नागरिकता संबंधी दस्तावेजों की कठोर जाँच करती है, पुलिस सत्यापन कराती है, रिकार्ड मिलाती है, तब नागरिक के मन में यह विश्वास स्वाभाविक है कि पासपोर्ट उसके भारतीय होने का सबसे मजबूत प्रमाण होगा।

यदि वह भी अंतिम प्रमाण नहीं, तो आखिर वह कठोर सत्यापन किस उद्देश्य से किया गया।

### नागरिक नहीं, दस्तावेज संदिग्ध हैं

भारत में नागरिक कम और दस्तावेज अधिक संदेह के घेरे में रहते हैं। कभी किसी का आधार अपडेट नहीं है। कभी जन्मतिथि अलग है। कभी पिता का नाम अलग लिखा है। कभी गाँव की वर्तनी बदल गई। कभी रिकार्ड डिजिटाइज नहीं हुआ। और फिर कहा जाता है कि नागरिक अपने दस्तावेज दुरुस्त रखे।

> **सरकार की कानूनी दलील पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकती। नागरिकता का निर्धारण, नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत होता है, जबकि पासपोर्ट , पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अंतर्गत जारी होता है। दोनों का उद्देश्य अलग-अलग है। इसी कारण पूर्व विदेश सचिव निरुपमा राव ने भी कहा कि कानूनी रूप से विदेश मंत्रालय की स्थिति सही है।**

ऐसा लगता है मानो नागरिकता कोई संवैधानिक अधिकार नहीं बल्कि जीवन भर चलने वाली प्रशासनिक प्रतियोगिता हो, जिसमें हर पाँच वर्ष पर नया राउंड शुरू हो जाता है।

### नागरिकता का गणित भी बदलता गया

समस्या इसलिए भी जटिल है क्योंकि भारत में जन्म से नागरिकता के नियम समय-समय पर बदले हैं।

26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 तक भारत में जन्म लेना पर्याप्त था।

1 जुलाई 1987 से 3 दिसंबर 2004 के बीच जन्म लेने वालों के लिए कम-से-कम एक अभिभावक का भारतीय नागरिक होना आवश्यक हो गया।

3 दिसंबर 2004 के बाद जन्म लेने वालों के लिए एक अभिभावक का भारतीय नागरिक होना और दूसरे का अवैध प्रवासी न होना भी आवश्यक है।

यानी आज केवल अपना जन्म सिद्ध करना पर्याप्त नहीं, कई मामलों में माता-पिता की नागरिकता भी सिद्ध करनी पड़ सकती है। यही कारण है कि अधिकांश भारतीय, जो जन्म से नागरिक हैं, उनके पास कोई पृथक नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं होता।

### कम-से-कम बहस तो सही दिशा में हो

इस विवाद के बीच भारतीय राजनेता, लेखक और पूर्व अंतरराष्ट्रीय राजनयिक शशि थरूर ने एक रोचक सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि यदि आधार नागरिकों और गैर-नागरिकों के लिए अलग-अलग दृश्य अंतर (विजुअल डिस्टिंकशन) के साथ जारी किया जाए, जैसे गैर-नागरिकों के कार्ड पर स्पष्ट लाल पट्टी हो तो आधार और पासपोर्ट दोनों को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

उनका तर्क था कि जब पासपोर्ट प्राप्त करने से पहले इतनी कठोर जाँच होती है, तब बाद में यह कहना कि वह नागरिकता सिद्ध नहीं करता, एक कानूनी विरोधाभास (लीगल पाराडाक्स) पैदा करता है।

उनके सुझाव से सहमत होना अनिवार्य नहीं, लेकिन कम-से-कम उन्होंने उस वास्तविक समस्या की ओर संकेत किया है जिसे वर्षों से टाला जाता रहा है।

### समाधान केवल नया कार्ड नहीं है

भारत को एक और कार्ड की आवश्यकता नहीं है। देश पहले ही कार्डों का विश्वगुरु बन चुका है। जरूरत है एक सुसंगत नागरिकता प्रबंधन प्रणाली की।

सबसे पहला कदम होना चाहिए कि सरकार स्पष्ट रूप से यह घोषित करे कि सामान्य परिस्थितियों में नागरिकता सिद्ध करने के लिए कौन-कौन से दस्तावेज किस स्थिति में पर्याप्त होंगे।

दूसरा, जन्म एवं नागरिक पंजीकरण प्रणाली को सार्वभौमिक और डिजिटल बनाया जाए ताकि भविष्य की पीढ़ियों को अपने माता-पिता और दादा-दादी के दस्तावेज खोजने की नौबत न आए।

तीसरा, यदि सरकार उचित समझे तो नागरिकता का एक डिजिटल राष्ट्रीय रिकर्ड विकसित किया जा सकता है, जिसमें नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें और अनावश्यक उत्पीड़न की आशंका भी न हो।

चौथा, विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा नागरिकता संबंधी अलग-अलग व्याख्याओं को समाप्त कर एक समान मानक तैयार किया जाए। नागरिक को हर कार्यालय में नया प्रमाण प्रस्तुत करने की विवशता नहीं होनी चाहिए।

### नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं, नागरिक का विश्वास चाहिए

लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूँजी सरकारी डेटाबेस नहीं, नागरिक का विश्वास होता है। यदि हर दस्तावेज पर संदेह रहेगा, तो अंततः संदेह नागरिक पर नहीं बल्कि शासन व्यवस्था पर खड़ा होगा।

यह विडम्बना ही है कि भारतीय नागरिक दुनिया के लगभग हर देश में अपना पासपोर्ट दिखाकर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता है, लेकिन अपने ही देश में यदि कोई पूछ बैठे कि भारतीय होने का अंतिम प्रमाण दिखाइए, तो उसके हाथ में मौजूद सबसे प्रतिष्ठित दस्तावेज भी कानूनी बहस में उलझ जाता है।

भारत आज डिजिटल शासन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। चिपयुक्त पासपोर्ट आ रहे हैं, डिजिटल पहचान विकसित हो रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सरकारी सेवाओं तक पहुँच रही है। लेकिन यदि इतने आधुनिक तंत्र के बीच भी नागरिक को यह न मालूम हो कि उसके भारतीय होने का अंतिम प्रमाण क्या है, तो यह तकनीकी नहीं, नीतिगत कमी है।

इस देश ने चाँद पर यान भेजा, परमाणु परीक्षण किए, दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान-तंत्र बनाया लेकिन यह नहीं बता सका कि उसका अपना नागरिक कौन है। दस्तावेजों पर दस्तावेज बनते रहे, कानूनों पर कानून आते रहे और नागरिक उसी चौराहे पर खड़ा रहा जहाँ 1950 में था।

शायद अगला चिप-युक्त दस्तावेज इस प्रश्न का उत्तर देगा। या शायद उसकी भी कोई और स्पष्टीकरण लान्च के दिन आ जाएगी।

*(लेखक शिक्षाविद और स्तम्भकार हैं)*

# वैश्य एकता के अथक शिल्पी डा. (प्रो.) जगन्नाथ गुप्ता और रौनियार समाज की सियासी आकांक्षा

**वैश्य** समाज को एक सूत्र में पिरोने की जिस मुहिम को डा. (प्रो.) जगन्नाथ गुप्ता ने 1981 में शुरू किया था, वह आज 44 साल बाद एक वटवृक्ष बन चुकी है। रौनियार परिवार की माटी से निकले इस सपूत ने कभी पद के लिए नहीं, बल्कि समाज के दर्द को आवाज देने के लिए राजनीति और संगठन का रास्ता चुना। उनका सार्वजनिक जीवन इस बात का प्रमाण है कि निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और जमीनी पकड़ हो तो एक व्यक्ति भी पूरे समाज की दिशा बदल सकता है।

संगठन क्षमता की पहचान सबसे पहले जेडीयू ने की और उन्हें व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया। उस कुर्सी पर बैठकर डा. जगन्नाथ गुप्ता ने दुकानदार से लेकर थोक व्यापारी तक की समस्याओं को सरकार के कानों तक पहुंचाया। जीएसटी की जटिलता हो या इंस्पेक्टर राज का आतंक, उन्होंने आंकड़ों और तर्कों के साथ व्यापारी हितों की पैरवी की। उनके कार्यकाल में व्यापार प्रकोष्ठ महज पोस्टर-संगठन नहीं रहा, बल्कि नीति-निर्माण में दखल देने वाला दबाव-समूह बना।

सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य मनोनीत किया। आयोग में रहते हुए उन्होंने वैश्य समाज की 56 उपजातियों के शैक्षिक-आर्थिक आंकड़े जुटाए और मजबूती से पक्ष रखा कि व्यापारिक समुदाय होने के बावजूद समाज का बड़ा हिस्सा आज भी सामाजिक-शैक्षिक पिछड़ेपन से जूझ रहा है। उनकी रिपोर्ट और अनुशंसाएं आज भी कई योजनाओं का आधार हैं।

वर्तमान में डा. जगन्नाथ गुप्ता भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं। यहां भी उनकी प्राथमिकता वही है छोटे दुकानदार को डिजिटल बनाना, महिला उद्यमियों को मंच देना और 'लोकल से ग्लोबल' का रोडमैप तैयार करना। उनके नेतृत्व में प्रकोष्ठ ने व्यापारियों के लिए हेल्प-डेस्क, टैक्स-क्लिनिक और स्टार्टअप-मेंटरशिप जैसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका सीधा लाभ जमीन पर दिख रहा है।

वैश्य समाज को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए वे अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय हैं। दुबई से लेकर अमेरिका तक बसे वैश्य उद्यमियों को बिहार-झारखंड से जोड़ने का सेतु उन्होंने बनाया है। उनके प्रयासों से ही 'इन्वेस्ट वैश्य समिट' की परिकल्पना साकार हुई, जिसमें विदेशी पूंजी को राज्य के छोटे उद्योगों तक लाने का खाका खींचा गया।

## व्यक्तित्व



डा. (प्रो.) जगन्नाथ गुप्ता।

सबसे अहम बात यह है कि हाल में जब सभी वैश्य संगठन एक मंच पर आए, तो सर्वसम्मति से डा. जगन्नाथ गुप्ता को उस संयुक्त मोर्चे का प्रमुख नेता चुना गया। यह उनके 44 साल के निष्कलंक जीवन और सबको साथ लेकर चलने की कला का सम्मान है। अगरवाल से लेकर रौनियार तक, माहुरी से लेकर कमलापुरी तक, हर उपजाति आज उन्हें अपना स्वाभाविक नेता मानती है।

**रौनियार समाज का जुड़ाव और आगे की राह :** डा. जगन्नाथ गुप्ता का रौनियार समाज से होना हमारे लिए दोहरी जिम्मेदारी है। यह गर्व का विषय है कि आज हमारे समाज को विधायक संजय कुमार गुप्ता और विधायक राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बबलु गुप्ता के रूप में दो सशक्त प्रतिनिधि मिले हुए हैं। इन दोनों ने सदन में व्यापारियों की आवाज बुलंद की है और समाज का मस्तक उंचा किया है।

अब समय आ गया है कि हम रौनियार परिवार डा. जगन्नाथ गुप्ता को पूरी ताकत दें, ताकि विधानसभा या विधान परिषद में हमारे समाज से तीसरा प्रतिनिधि भी मिल सके। जब तीन स्वर एक साथ सदन में गूंजेंगे, तो व्यापारी सुरक्षा कानून से लेकर शैक्षिक आरक्षण तक, हर मुद्दे पर हमारी दावेदारी तीन गुना मजबूत होगी। यह लड़ाई किसी व्यक्ति की नहीं, पूरे रौनियार समाज और समूचे वैश्य समाज के स्वाभिमान की है।

चार दशक की इस यात्रा में पद आए-गए, दल बदले, पर डा. जगन्नाथ गुप्ता का लक्ष्य नहीं बदला '56 उपजाति, एक बनिया, एक आवाज'। वे आज भी गांव के स्कूल में बच्चों को छात्रवृत्ति दिलाने से लेकर दिल्ली के नीति-निर्माताओं तक वैश्य हितों की बात उसी ऊर्जा से रखते हैं।

समय की मांग है कि राजनीतिक दल अब ऐसे तपस्वी को केवल प्रकोष्ठ तक सीमित न रखें। विधानसभा या विधान परिषद के माध्यम से उनकी विद्वता और अनुभव का लाभ सीधे कानून बनाने में लिया जाए। क्योंकि समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह अपने निर्माताओं को निर्णय की मेज पर बैठाता है।

डा. प्रो. जगन्नाथ गुप्ता ने वैश्य समाज के लिए जो नींव रखी है, उस पर इमारत तभी बनेगी जब हम सब मिलकर उन्हें वह सियासी मुकाम दिलाएंगे जिसके वे वास्तविक हकदार हैं, और रौनियार समाज को तीसरा विधायक देकर इतिहास रचेंगे।

# लीना चंदावरकर ने याद किया वह दिन जब किशोर कुमार ने एक ठुकराए हुए प्रपोजल को जीवनभर की प्रेम कहानी में बदल दिया

**इंडियन** आइडल का आगामी एपिसोड हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर की खूबसूरत यादें ताजा करने के लिए तैयार है, क्योंकि दिग्गज अभिनेत्री लीना चंदावरकर अपने बेटे सुमित कुमार के साथ मंच पर नजर आएंगी। एक दिली बातचीत के दौरान, उन्होंने महान किशोर कुमार के साथ अपने सफर को याद किया और उनकी शादी के अप्रत्याशित प्रपोजल और उन्होंने उनके परिवार की मंजूरी कैसे हासिल की, इसकी एक मजेदार कहानी साझा की।

जब शो के होस्ट आदित्य नारायण ने लीना से पूछा, लीना जी कोई ऐसी बात जो आपको या किशोर दा को कही गई हो जिस पर उन्होंने कहा, बातें तो बहुत हैं, पहली बार जब मिले कैसे मिले, मैं अकेली थी घर में, तो पापा कहीं गए थे मेरे तो बेल बजी, मैंने खोला तो देखा अब्दुल उनका ड्राइवर, तो मैंने पहचाना, मैंने कहा कौन तो बोले, 'मैं अब्दुल हूँ । मुझे किशोर दा ने भेजा है, और यह नंबर है । उन्होंने कहा है -आप इसपे फोन करें, तो मैं ऐसे देखती रह गई, फिर मैंने बोला कि किशोर दा , मैं तो उनकी फैन थी ही बहुत शुरू से, तो मैंने आहिस्ता से डरते-डरते फोन लगाया, उन्होंने उठाया और बोला, 'बोलो लीना', मैंने हेलो भी नहीं बोला, तो मैंने बोला आपको कैसे मालूम पड़ा।



कहानी को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, तो बोले 'हाँ मुझे सब पता चलता है, तो बोलो कैसे हो', मैंने कहा ठीक हूँ, तो बोले 'मैं बहुत खुश हूँ कि अभी मेरे पास सब्जेक्ट है, मुझे एक मासूम लड़की की जरूरत है उसमें, तो तुम मिल सकती हो स्टोरी सुन लेना।' और मुझे बंगलो पे बुलाया, तो मैं वहां गई, उन्होंने सब्जेक्ट सुनाया तो मैं सुनती रही, उन्होंने मुझे 3 अलग-अलग स्टोरी सुनाई, 'तुमको कौन सी अच्छी लगी' मैंने कहा आप सोचिए किसमें मैं सूट करती हूँ फिर उन्होंने एक मूवी अनाउंस कर दी 'प्यार अजनबी है' तो एनीवे उनको जब देखा मैंने, पहले मैं बहुत दुखी थी जिंदगी में लेकिन उन्होंने जादूगर की तरह जिंदगी बदल दी। मैंने बोला आप मैजिशियन हो, आप किसी को भी बदल सकते हो।

बाद में, आदित्य ने लीना से यह भी पूछा, लीना जी, मेरा आपसे एक सवाल था, मैंने कहीं पढ़ा था कि किशोर दा ने पहली ही मुलाकात में आपको शादी के लिए प्रपोज कर दिया था, और आपने रिजेक्ट भी कर दिया था क्या यह प्लीज आप अपनी जुबानी बताएंगी।

इस पर लीना ने जवाब दिया, जी याद आया, एक्चुअली वह बोले कि मुझे फिल्म में लेना चाहते हैं, बहुत अच्छा रोल है, तो मैंने कहा अच्छी बात है, 'तो हाँ लीना अगर तुम सोचो, अगर सोचो तो फ्यूचर में अगर तुम कभी शादी करना चाहोगी' तो मैंने कहा चाहूंगी, 'तो मेरा प्रपोजल सबसे पहले' तो मैंने कहा नहीं-नहीं जिसके साथ आप फिल्म करते हो आप शादी करते हो उन्होंने कहा 'सबके साथ नहीं', क्योंकि उन्होंने मधुबाला के साथ शादी की, योगिता के साथ की फिर अभी मुझे फिल्मों के लिए ले रहे हैं पर शादी का क्यों बोला, 'अच्छा बाबा कैंसिल कर दो, शादी कैंसिल।' तो यह मुझे याद आता है कि कैसे वह एकदम से चेंज हो गए, उनको बुरा भी नहीं लगा।

आदित्य ने फिर उत्सुकता से पूछा, तो आपकी फाइनली शादी हुई कैसे, हाँ कैसे कहा आपने।

लीना ने साझा किया, काफी समय के बाद यह बात हुई कि, मम्मी-डैडी बोलने लगे कि तुमको शादी करनी चाहिए, क्योंकि मैं वहां रहने लगी, तो पापा बोले कि तुम शादी करो, तो मैंने बोला शादी शादी नहीं करेंगे तो हम चले जाते हैं, वह चले गए, तो वह जैसे ही महबूब स्टूडियोज से जाके आए मैंने कहा, कि मेरे पापा-मम्मी चले गए अब मैं अकेली हूँ, अब मैं क्या करूँ, बोले 'ठीक है डरो मत हम मनाएंगे ना', तो मैंने कहा वह धारवाड़ चले गए तो बोले 'चलो हम धारवाड़ चलते हैं', मैंने कहा आप मेरे पिताजी को नहीं जानते, वह गन चलाते हैं तो आप प्लीज, 'ज्यादा से ज्यादा क्या धारवाड़ में मार खा लोगे ना' और उन्होंने किस तरह मनाया उनको, उन्होंने गाने सुनाए तो मम्मी आ गईं एक-एक करके सब हॉल में आ गए, बोलते हैं मुझे हारमोनियम दो, उन्होंने स्टार्ट किया तो सभी खुश हो गए पर, एक दरवाजा नहीं खुला।

बाद में उन्होंने जोड़ा, मेरे पिताजी बाहर नहीं आए तो मैंने कहा छोड़ो ना, तो बोले 'चुप रहो, तुम्हारे बाप को मैं कैसे शीशे में उतारता हूँ तुम देखो', तो मैंने कहा अरे, फिर उन्होंने गाना गाया नफरत करने वालों के सीने में प्यार भर दूँ, दरवाजा खुल गया और पापा आ गए लेकिन बहुत सीरियस थे, मैंने कहा यह क्या हो गया, वह सीरियसली आए और बोले -मेरी पसंद का कोई गाना गाना पड़ेगा फिर मैंने बोला कुछ अच्छा गाना होगा तो बोलते हैं, मैं हूँ घोड़ा, यह है गाड़ी, मेरी रिक्शा सबसे बड़ी, मैंने कहा यह क्या पापा, 'यह गाना गाएंगे तो मैं आशीर्वाद दूँगा', और उन्होंने कॉमेडी जो की, जो हँसाया, और बोले और क्या चाहिए, मैं आशीर्वाद देता हूँ लेकिन मेरी बेटी खुश रहे, दुख काफी देख चुकी है, आप हँसाओगे तो मैं बहुत खुश हूँ, तो मैं आशीर्वाद देता हूँ आप शादी कर लो।

इस खुलासे ने हर किसी के चेहरे पर मुस्कान ला दी क्योंकि लीना चंदावरकर ने किशोर कुमार के मजाकिया, आकर्षक और चुलबुले स्वभाव की एक दुर्लभ झलक पेश की, जिसने फिल्म उद्योग के सबसे पसंदीदा रिश्तों में से एक के पीछे की दिल छू लेने वाली कहानी को सामने लाया।

इंडियन आइडल का यह खास एपिसोड देखना न भूलें, जो हर शनिवार और रविवार को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित और सोनी लिव पर स्ट्रीम होता है।

## प्रवचन

# चिन्ता नहीं, चिंतन करें : जीयर स्वामी

> अन्य युगों से आसान है कलियुग में यज्ञ करना
>
> दूसरे के यश और वैभव से जले नहीं
>
> दूसरे को पथ भ्रष्ट करने में न लगाएं साधन और श्रम

किसी समस्या के बारे में चिन्ता नहीं, बल्कि उसके सामाधान के लिये चिंतन करना चाहिए। चिंता चिता के समान और चिंतन अमृत के समान होता है। चिंता का सर्वदा त्याग करना चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ स्कन्ध की कथा प्रारम्भ करते हुए कहा कि विश्वामित्र जी को बक्सर में किये जाने वाले यज्ञ में राक्षसों के संभावित उपद्रव से चिंता हो रही थी। तभी नारद जी आकर उन्हें परामर्श दिये कि चिंता नहीं चिंतन कीजिये। दशरथ नंदन राम-लक्ष्मण को बुलाकर अपना यज्ञ पूर्ण कीजिये। ऐसा ही हुआ।

विश्वामित्र जी राजा दशरथ के दोनों पुत्रों को मांग लाये और अपना यज्ञ पुरा किये। उन्होंने कहा कि कलियुग में यज्ञ का विरोध करने वाले विध्वंसकारी तत्व (राक्षस) नहीं हैं। पहले राक्षसी प्रवृति के लोग यज्ञ का विध्वंस कर देते थे। किसी अच्छे कार्य में मामूली अवरोध और विरोध की चिन्ता नहीं करनी चाहिए। हर अच्छे कार्य के प्रारम्भ में बाधायें आती हैं लेकिन सतत प्रयास से सारी बाधायें समाप्त हो जाती हैं और स्थितियां अनुकूल हो जाती।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने माता अनुसुईया की चर्चा करते हुए कहा कि वह महर्शि अत्रि की पत्नी थीं। अपने पतिवता-धर्म के कारण सुविख्यात थीं। एक दिन नारद जी बारी-बारी से विष्णु जी, शिवजी एवं ब्रह्मा जी की अनुपस्थिति में उनके लोकों में पहुंचें। उन्होंने अनुसुईया के पतिवता-धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि समस्त सृष्टि में उनसे बढ़कर कोई पतिव्रता नहीं है। नारद जी की बातें सुनकर तीनों देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती ईर्श्या करने लगीं।

उन्होंने अपने-अपने पतियों से अनुसुईया का पतिवत धर्म खंडित कराने के लिए सोचने लगीं। उन्होंने अपने पतियों से हठकर इसके लिए राजी कर लीं। तीनों देव अवधूत बटुक ब्रह्मचारी बन अनुसुईया के आश्रम पर पहुंचे। उस समय वह आश्रम पर अकेली थीं। तीन अतिथियों को द्वार पर देख भोजन का आग्रह किया। तीनों ने कहा कि अगर आप निर्वस्त्र होकर भोजन कराएंगी तो भोजन करेंगे अन्यथा नहीं। अनुसुईया ने साधुओं के शाप और अतिथि सेवा से वंचित होने के भय से परमात्मा से प्रार्थना की। हाथ में जल लेकर तीनों पर छिड़क दी। तीनों देव छह-छह माह के बच्चे बन गये, जिन्हें निर्वस्त्र होकर दूध पिलाया और पालने में लिटा दीं।

देवों के समय से वापस नहीं लौटने पर तीनों देवियाँ खोज में निकल गयीं। पुनः नारद जी ने सारी बातें बतायीं। वे आश्रम पर जाकर माता अनुसुईया से क्षमा मांगीं और अपने पतियों को प्राप्त कीं।

अनुसुईया ने तीनों देवों को अपने पुत्र रूप में मांगा। कालान्तर में विष्णु अंश दतात्रेय, ब्रह्मा अंश चन्द्रमा और शिव अंश दुर्वासा अनुसुईया के पुत्र रूप में अवतरित हुए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ स्टेशन बाजार की बिचली गली से कारोबारी को थाना ले गई पुलिस

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ स्टेशन बाजार स्थित बिचली गली से एक जेवर कारोबारी को पुलिस ने लेनदेन विवाद से जुड़ी शिकायत के आधार पर पूछताछ के लिए थाना लाया। बताया जाता है कि कारोबारी के विरुद्ध लेनदेन संबंधी विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी।पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है तथा दोनों पक्षों से जानकारी ली जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।घटना की सूचना मिलने के बाद बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए चर्चा का माहौल बना रहा। पुलिस ने कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

### प्रबुद्ध नागरिकों एवं शिक्षाविदों ने धूमधाम से मनाई कबीर जयंती

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में प्रबुद्ध नागरिकों एवं शिक्षाविदों ने संत कबीरदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन, तित्व एवं विचारों पर विस्तार से चर्चा की गई।वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर ने अपने दोहों और संदेशों के माध्यम से सामाजिक समरसता, मानवता, सत्य एवं सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।

### पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर विद्यालयों से प्रतिवेदन तलब

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रखंड के अधिकांश प्रारंभिक विद्यालयों में लगे समर्सिबल पंप एवं हैंडपंप के खराब होने की सूचना प्राप्त हुई है। इसे देखते हुए संबंधित विद्यालयों से विस्तृत प्रतिवेदन मांगा गया है।जानकारी के अनुसार,विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने से छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विभागीय स्तर पर खराब पड़े समर्सिबल और हैंडपंपों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है।संबंधित विद्यालयों से शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि आवश्यक कार्रवाई कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके।

### हल्दी समारोह में गई महिला, सूने घर का ताला तोड़ छह लाख के गहने चोरी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बेलछी थाना क्षेत्र के मोगलचक गांव में अज्ञात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर नगद राशि समेत करीब छह लाख रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली। घटना उस समय हुई जब गृहस्वामिनी पड़ोस में आयोजित हल्दी रस्म में शामिल होने गई थीं।बताया जाता है कि घर कुछ समय के लिए खाली था। इसी दौरान बदमाशों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नगद राशि लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज, आधिकारिक घोषणा का इंतजार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्र सरकार में संभावित मंत्रिमंडलीय फेरबदल को लेकर राजनीतिक गलियारों में विभिन्न तरह की चर्चाएं और अटकलें तेज हैं। मीडिया रिपोर्टों और राजनीतिक सूत्रों के हवाले से कुछ केंद्रीय मंत्रियों के विभागों में बदलाव अथवा मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं।सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान और हरदीप सिंह पुरी की जिम्मेदारियों में बदलाव की चर्चा है। वहीं, वित्त मंत्रालय में भी संभावित परिवर्तन को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक हलकों में पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दिए जाने की अटकलें भी सामने आई हैं।हालांकि, केंद्र सरकार अथवा प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जब तक सरकार की ओर से औपचारिक जानकारी जारी नहीं होती, तब तक इन चर्चाओं को केवल संभावनाओं और अटकलों के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

# बारात का पिकअप गाड़ी पलटने से एक की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** बराती का पिकअप गाड़ी रविवार रात नारायणपुर पुल के आगे ध्रुव पकड़ी साइफन के पास अनियंत्रित होकर पलटने से एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

पिकअप ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर होकर खाई में जा गिरी। जिसमें बरुराज थाना के मंगुराहा गांव निवासी नागेंद्र महतो के पुत्र अमित कुमार 13 की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना रविवार के रात की है। घटनास्थल पर आसपास के लोग पहुंचकर। पीछे से आ रही बाराती की गाड़ी से सभी को लादकर भेजा गया। मृत


खाई में गिरी पिकअप गाड़ी।

बच्चे को बरूराज थाना ने पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर भेज दिया। जबकि घायलों का इलाज मुजफ्फरपुर के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। बरुराज थाना के मंगुराहा गांव से पीपरा थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव के सुरेश महतो के यहां जा रही थी। घटना की सुचना जैसे ही परिवार के लोगों को मिली शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

परिवार में चीख पुकार मच गया। घटना के संबंध में कल्याणपुर थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताएं घटना की जानकारी है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी की पहचान की जा रही है। लेकिन इस संदर्भ में परिवार वाले की तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला है घटना होने के बाद परिवार वाले शव लेकर अपने घर चले गए थे । वहीं घायलों का इलाज करा रहे हैं।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर महालनोबिस को किया नमन, आंकड़ों की भूमिका पर हुआ मंथन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड में सोमवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर महान सांख्यिकीविद्, अर्थशास्त्री एवं योजनाकार प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण, नीति निर्धारण एवं विकास योजनाओं में सांख्यिकी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सुजीत कुमार सोनू ने कहा कि सांख्यिकी केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास की दिशा निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, षि, रोजगार, उद्योग तथा आर्थिक योजनाओं के निर्माण में आंकड़ों की अहम भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि सही एवं विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर ही सरकारें


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

प्रभावी नीतियां और जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करती हैं। वर्तमान समय में डेटा, तकनीक और वैज्ञानिक विश्लेषण के बढ़ते महत्व के कारण सांख्यिकी की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रोफेसर महालनोबिस के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश में सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन को नई दिशा प्रदान की। साथ ही युवाओं एवं विद्यार्थियों से विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने तथा सांख्यिकीय ज्ञान को अपनाने का आह्वान किया गया।वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समाज को यह संदेश देता है कि सही आंकड़े ही सही निर्णय, प्रभावी नीति निर्माण और सतत विकास की आधारशिला होते हैं।कार्यक्रम में प्रभारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्रवण रजक, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी तथा सांख्यिकी कार्यालय के डाटा एंट्री अपरेटर सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया मेस का औचक निरीक्षण

**पकड़ीदयाल(एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने थाना में शुरू किए गए मेस का औचक निरीक्षण किया।साथ ही मेंस के साफ सफाई एवं खाना के ालिटी का बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ त्रुटीयो को अविलंब सुधार करने का निर्देश दिया। वहीं उपस्थित पत्रकारों से कहा कि पुलिस की सक्रियता से बाईक चोरी की घटनाओं में भारी कमी हो गया है।साथ ही अपराधी किस्म के व्यक्ति पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी कुमार चंदन, इंस्पेक्टर अमित कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार,एस आई धीरज कुमार, रामानंद कुमार,विकास कुमार,निशा कुमारी, अमित कुमार सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।


निरीक्षण करते एसपी।

## रिश्वत मुक्त व्यवस्था से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : मृत्युंजय कुमार सिंह

### पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास को बताया सुशासन की आधारशिला

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रखंड के राणा विगहा पंचायत के भूतपूर्व मुखिया स्वर्गीय बीरेंद्र सिंह के कनिष्ठ पुत्र एवं भाजपा विधायक डक्टर सियाराम सिंह के करीबी तथा भाजपा के कद्दावर कार्यकर्ता मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती केवल चुनावों से नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता से तय होती है। उन्होंने कहा कि समाज में यदि यह धारणा बनती है कि बिना रिश्वत के फाइल आगे नहीं बढ़ती, तो यह व्यवस्था और जनविश्वास दोनों के लिए चिंता का विषय है।उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर भ्रष्टाचार और अनावश्यक विलंब की शिकायतें सामने आने से पूरे प्रशासनिक तंत्र की छवि प्रभावित होती है।मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि आम नागरिकों को प्रमाण-पत्र, पेंशन, भूमि संबंधी कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य सरकारी सेवाओं के लिए कई बार अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में लोगों के बीच यह धारणा बनती है कि बिना अतिरिक्त खर्च के कार्य समय पर नहीं हो पाता।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास और नैतिक मूल्यों से जुड़ा विषय है। इससे गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि जटिल प्रक्रियाएं, जवाबदेही की कमी, कार्यों में विलंब और पारदर्शिता का अभाव भी ऐसी समस्याओं को बढ़ावा देता है।उन्होंने सरकार द्वारा डिजिटल सेवाओं, अनलाइन आवेदन, जन शिकायत निवारण प्रणाली और ई-गवर्नेंस की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन व्यवस्थाओं से पारदर्शिता बढ़ी है और कई क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि केवल तकनीकी सुधार पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में जवाबदेही सुनिश्चित हो, कार्यों की समय-सीमा तय हो तथा शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जाए।उन्होंने नागरिकों से भी नियमों का पालन करने, अवैध लेन-देन से बचने तथा जागरूकता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक आदर्श व्यवस्था वही होगी, जहां फाइलों की गति रिश्वत पर नहीं, बल्कि नियम, पारदर्शिता और सेवा भावना पर आधारित हो।उन्होंने कहा कि जब किसी गरीब, किसान, वृद्ध या आम नागरिक का काम बिना किसी सिफारिश और अनुचित दबाव के समय पर होता है, तभी लोकतंत्र और सुशासन की वास्तविक भावना मजबूत होती है।


मृत्युंजय कुमार सिंह, कार्यकर्ता भाजपा,बाढ़।

## कच्ची दरगाह गंगा घाट पर बड़ा हादसा स्नान के दौरान तीन महिलाएं डूबीं, दो लापता, एक की बची जान

### नदी थाना पुलिस की संयुक्त टीम एसडीआरएफ के साथ रेस्क्यू में जुटी, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**फतुहा (एनएसबी)।** पटना जिले और वैशाली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित कच्ची दरगाह गंगा घाट पर सोमवार की सुबह ान के दौरान तीन महिलाएं गहरे पानी में डूबने लगीं। घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि दो अन्य महिलाएं तेज बहाव की चपेट में आकर लापता हो गईं। घटनास्थल वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन पटना के नदी थाना क्षेत्र से सीमा सटीक होने के कारण दोनों थानों की पुलिस मानवीय संवेदनाओं के तहत संयुक्त रूप से रेस्क्यू अपरेशन में जुटी है। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता महिलाओं की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शवों की बरामी नहीं हो सकी थी। वहीं, बचाई गई महिला का इलाज कच्ची दरगाह के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। परिवार के अनुसार, कच्ची दरगाह निवासी विनय कुमार के घर रविवार को विवाह समारोह था। इस मांगलिक कार्य में शामिल होने के लिए कई रिश्तेदार आए हुए थे। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे रिश्तेदारों में शामिल रायबाग निवासी मीना देवी (60 वर्ष), कालादीयर महाजी निवासी सरस्वती देवी (65 वर्ष) और उनकी बहू रंजीता देवी (32 वर्ष) घाट पर गंगा ान के लिए गई थीं। इसी दौरान ढलान पर पैर फिसलने से तीनों महिलाएं एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में गहरे पानी में समाने लगीं। महिलाओं को डूबता देख घाट पर मौजूद नाविकों और स्थानीय युवकों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने बहू रंजीता देवी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अत्यधिक पानी पी लेने के कारण रंजीता की स्थिति गंभीर बनी हुई थी, जिन्हें आनन-फानन में कच्ची दरगाह के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। हालांकि, मीना देवी और सरस्वती देवी देखते ही देखते ओझल हो गईं। घटनास्थल भौगोलिक रूप से वैशाली के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में होने के कारण रुस्तमपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। वहीं, पटना सीमा से सटकर होने की वजह से नदी थाने की पुलिस ने भी त्वरित सहयोग प्रदान किया। रुस्तमपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम और नदी थाने के समन्वय से जिला प्रशासन ने तत्काल एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा। नदी में महाजाल डालकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस हादसे के बाद विनय कुमार के घर पर शादी के मंगलगीतों की जगह चीत्कार गूंज उठी है। जहाँ उत्सव का माहौल था, वहाँ अब मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# किराना दुकान में छापेमारी, 112 ग्राम गांजा व 4,780 रुपये नगद बरामद

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र में सूखा नशा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में हरसिद्धि थाना पुलिस ने गायघाट चौक स्थित एक किराना दुकान पर छापेमारी कर 112 ग्राम गांजा और 4,780 नकद बरामद किया। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान ध्रुव शाह, पिता रामनाथ शाह, निवासी उज्जैन लोहियार, थाना हरसिद्धि के रूप में हुई है।

यह कार्रवाई हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। पुलिस ने बरामद गांजा और नकदी को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। लगातार हो रही कार्रवाई से नशा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति है।




छापेमारी के दौरान बरामद नगदी व गांजा।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बारात से लौट रहे दो युवकों की मौत

**फतुहा ।** थाना क्षेत्र के धोवापुल के पास रविवार की देर रात एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान फतुहा के डुमरी गांव निवासी मोदिर मिस्त्री के 19 वर्षीय पुत्र सोलू कुमार और विशुनधारी यादव के 19 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। इस घटना के बाद से दोनों युवकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। घटना के संबंध में पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू यादव ने बताया कि रविवार की रात दीपक और सोलू एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव डुमरी से एक बारात में शामिल होने के लिए गौरीचक थाना क्षेत्र के महाजनी गांव गए थे। देर रात शादी समारोह से वापस लौटने के दौरान, फतुहा थाना क्षेत्र के धोवापुल के समीप किसी अज्ञात बड़े वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपक और सोलू दोनों गांव की ही एक बारात में शामिल होने महाजनी गांव गए थे। देर रात लौटने के दौरान धोवापुल के पास किसी अज्ञात बड़े वाहन ने उन्हें रौंद दिया, जिससे दोनों की जान चली गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रही गश्ती पुलिस की नजर घायलों पर पड़ी। पुलिस टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए दोनों युवकों को लहूलुहान हालत में फतुहा अस्पताल पहुंचाया, जहां डक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। फतुहा थाना अध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### पत्रकारों की एकजुटता से ही सुरक्षित होंगे अधिकार : गिरिराज सिंह

#### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन संत कबीर नगर की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

**सोनपुर (एन एसबी)**इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन मेंहदावल, संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मेहदावल स्थित डाक बंगले में जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, पत्रकारों के अधिकारों की


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

रक्षा, संगठन विस्तार तथा पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव गिरिराज सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत शुक्ल, प्रदेश सचिव केडी सिद्दीकी तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ड़ बेचन यादव ने सहभागिता करते हुए संगठन की आगामी कार्ययोजना और पत्रकार हितों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों का संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन ही पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर सकता है। उन्होंने सभी पत्रकारों से निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित की पत्रकारिता करने का आह्वान करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत शुक्ल ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संगठन के प्रत्येक सदस्य से सक्रिय भूमिका निभाने तथा नए पत्रकार साथियों को भी संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव केडी सिद्दीकी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ड़ बेचन यादव, सुनील यादव एवं विकास अग्रहरि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संगठन की नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। इससे संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलती है, सदस्यों के बीच आपसी परिचय और समन्वय मजबूत होता है तथा पत्रकारों की समस्याओं पर सामूहिक रूप से विचार कर उनका समाधान निकालना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर पत्रकारों के हितों की प्रभावी रक्षा संभव है। बैठक के दौरान संगठन के सदस्यों को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पहचान-पत्र (आई-कार्ड) वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन की आगामी गतिविधियों, सदस्यता अभियान तथा जिला एवं तहसील स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का समापन संगठन की मजबूती, पत्रकार एकता और पत्रकार हितों की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष मेंहदावल धर्मेन्द्र मिश्रा, विष्णु स्वरूप, मोहम्मद अनस, कमलेश यादव, गोविंद बल्लभ पांडेय, धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रेम कुमार, वासुदेव यादव, गोरखनाथ राय सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### सोनपुर मंडल के बेगूसराय स्टेशन पर एसी वेटिंग हॉल का उद्घाटन

**सोनपुर (एनएसबी)** यात्रियों को आधुनिक, स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता की सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा गैर-किराया राजस्व में सतत वृद्धि के उद्देश्य से सोनपुर मंडल ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसी क्रम में बेगूसराय स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या-1 स्थित एसी वेटिंग हल का 5 वर्षों की अवधि के लिए ई-नीलामी के माध्यम से सफलतापूर्वक आवंटन किया गया है। इस आवंटन से रेलवे को आगामी पाँच वर्षों में 'लगभग 'घ30' लाख का अतिरिक्त गैर-किराया राजस्व प्राप्त होगा। यह पहल रेलवे की परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग तथा राजस्व के वैकल्पिक स्रोतों को सुढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस व्यवस्था के लागू होने से बेगूसराय स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर गुणवत्ता वाला, स्वच्छ, सुरक्षित एवं वातानुकूलित प्रतीक्षालय उपलब्ध होगा। विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं परिवार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को आरामदायक वातावरण में प्रतीक्षा करने की सुविधा मिलेगी, जिससे उनका यात्रा अनुभव और अधिक सुखद एवं सुविधाजनक बनेगा। सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने तथा गैर-किराया राजस्व में निरंतर वृद्धि के लिए ई-नीलामी के माध्यम से विभिन्न वाणिज्यिक परिसंपत्तियों का पारदर्शी एवं प्रभावी आवंटन किया जा रहा है। मंडल का उद्देश्य यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। सोनपुर मंडल भविष्य में भी यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्टेशन परिसरों के आधुनिकीकरण तथा गैर-किराया राजस्व बढ़ाने की दिशा में इसी प्रकार की जनहितकारी एवं विकासोन्मुखी पहलें निरंतर जारी रखेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नल अमित सिन्हा को मिली जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सहरसा की कमान

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कर्नल अमित सिन्हा को मिली जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सहरसा की कमान सौपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष लेफ्कर्नल एमपी सिंह साहब ने दुरभाष पर इसकी सूचना दी है। साथ ही निर्देश मिला है कि आप लोग अपने नये जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें जिससे आप लोगों की हर समस्या का ठीक से समाधान हो सके। अतिशीघ्र ही कर्नल सिन्हा नियुक्ति की शेष सभी प्रकिया पूरी कर सहरसा में अपना योगदान दे देंगे। ज्ञात हो कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सहरसा अब सुव्यवस्थित तरीके से अपना काम करना शुरू कर देगा। अब यहां के पूर्व सैनिकोंए वीर नारियों एवं शहीद परिवारों को अपने किसी भी कार्य के लिये भागलपुर नहीं जाना होगा। कोसी प्रमंडल के तीनों जिला के पूर्व सैनिकों को रोजगारए निबंधन एवं सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ इसी कर्यालय से मिलेगा। ज्ञात हो कि आजादी के बाद पहली बार कोसी प्रमंडल में स्थापित इस कार्यालय को अपने भवन निर्माण हेतू जमीन आबंटनए और अन्य सुविधाओं को सरजमीं पर उतारने को गति मिलेगी। अध्यक्ष प्रवीण कुमार झा एवं उपाध्यक्ष गोपाल मिश्र ने एकबार पुनः कोसी प्रमंडल के सभी सैनिक, पूर्व सैनिक, युद्ध विकलांगों एवं वीरांगनाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### बारिश से मारूफगंज एवं बटराहा रोड पर जलजमाव का महापौर ने लिया जायजा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मानसून की दस्तक के साथ ही शहर के निचले इलाकों में जलजमाव की समस्या फिर से सामने आने लगी है। रविवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार को नगर निगम की महापौर बैन प्रिया ने मारूफगंज बटराहा रोड पहुंचकर जलजमाव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि नाला सड़क से काफी ऊंचा बना दिए जाने के कारण बारिश का पानी तथा वार्ड से निकलने वाले नालों का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्थिति गंभीर हो गई है। महापौर ने बताया कि संबंधित सड़क नगर निगम के अधीन नहीं, बल्कि दूसरे विभाग के अंतर्गत आती है। हालांकि मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण की निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और उम्मीद है कि इस वर्ष इस समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तत्काल राहत के लिए नगर निगम की ओर से नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा हैए लेकिन लगातार बारिश के कारण काम प्रभावित हो रहा है। महापौर ने मौके पर मौजूद निगम कर्मियों को तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दियाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सिंको सिंहा सहित नगर निगम के अन्य कर्मी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।



### महारस पंचायत के मुखिया के भाई का निधन, परिजनों में मचा कोहराम

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत महारस पंचायत के वार्ड 05 निवासी एवं महारस पंचायत के वर्तमान सुमन देवी के भैसुर का विजय सिंह का रविवार की रात करीब 08 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार जारी था। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विजय सिंह के निधन के बाद परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। परिवार में मातम पसरा हुआ है। अपने पीछे वे दो पुत्र समेत भरा.पूरा परिवार छोड़ गए हैं। देर रात से ही उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विजय सिंह सरलए मिलनसार एवं सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति थे। संवेदना व्यक्त करने वालो में मुखिया प्रतिनिधि प्रेम कुमार उर्फ पंचू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, सरपंच प्रतिनिधि जयकांत कुमार, समिति सदस्य मनोज ठाकुर, किशोर वर्माए घनश्याम यादव, रामचंद्र यादव, विश्वजीत यादव, धीरेंद्र यादव, शंकर यादव, गूँजेश्वर सिंह, पुरेन्द्र यादव, महेंद्र सिंह, मनोज, संतोष, दिलखुश, दीपक, राजेश, अमित, लव समेत सभी शामिल है।



### केंद्रीय विद्यालय में छात्रा से मारपीट का पिता ने लगाया आरोप, प्रिंसिपल पर कार्रवाई नहीं करने कही बात, जांच में जुटी पुलिस

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के राजीव कुमार झा ने अपनी पुत्री शाक्षी के साथ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय परिसर में मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को सदर थाना में लिखित आवेदन देकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि विद्यालय की पांच.छह छात्राओं ने उनकी बेटी के साथ मारपीट कीए जिससे उसे चोटें आईं। राजीव कुमार झा के अनुसारए उन्होंने घटना की शिकायत विद्यालय की प्राचार्या मोनिका पांडे से की थी। हालांकिए प्राचार्या ने कथित तौर पर कोई कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ष्टीसी लेकर स्कूल छोड़नेष को कहा। पिता ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पुत्री को पहले से भी लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आवेदन में बताया गया है कि शाक्षी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयए सहरसा में कक्षा 10 की छात्रा है। परीक्षा के दौरान उत्तर लिखने को लेकर कुछ छात्राओं के बीच विवाद हुआ थाए जिसके बाद विद्यालय परिसर में उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना में छात्रा के हाथए पीठ और पैर में चोटें आने का दावा किया गया है। राजीव कुमार झा ने बताया कि इस घटना के बाद उनकी पुत्री मानसिक रूप से काफी परेशान हैए जिससे उसकी परीक्षा भी प्रभावित हुई है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी छात्राओं और अन्य जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में फिलहाल विद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सहरसा सदर थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।




### जी रामजी योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में सोमवार को विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यान्वयन के संदर्भ में योजना के प्रावधानों से अवगत कराने तथा इसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतू प्रशिक्षण सह उन्मुखिकरणध्जागरुकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी मनरेगा कर्मियों के साथ पीआरआई सदस्यों ने हिस्सा लिया। शिविर में पारदर्शिता ए जवाबदेहीएदूरदृष्टि से एकीकृत योजनाओं का संकलन करने का निर्देश दिया गया ताकि वर्ष 2047 तक देश का एक एक पंचायत विकसित हो सके। विशेष कर विकसित भारत जी राम जी के अभिसरण के तहत 100वें स्वतंत्रता दिवस तक गांवों को विकसित करने लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें में 125 दिनों के रोजगार का गांरटी दिया गया है। इस दौरान पीओ मो रजा, मुखिया शिवेंद्र नारायण सिंह, रामलगन यादव, प्रवेन्द्र कुमार सिंह कुमकुम, मुखिया प्रतिनिधि बबलू मेहता, नितेश कुमार, पीआरएस, पंचायत तकनिकी सहायक एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।



# सहरसा में नियोजित शिक्षकों के प्रोन्नति व समस्या समाधान को लेकर 05 जूलाई को प्रमंडलीय सम्मेलनः प्रदीप कुमार पप्पू

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की प्रमंडल स्तरीय बैठक जिला परिषद परिसर में राज्य सचिव निरंजन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमंडल के तीनों जिले से आए संघ पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया।बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को प्रति माह वेतन का भुगतान नहीं होना अत्यंत चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नियमावली में स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नतिए स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति तथा प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति नहीं करना विभागीय अधिकारियों के मनमानी को दशार्ता है। साथ ही ऐच्छिक स्थानांतरण पाने वाले नियोजित शिक्षकों को स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारंभ नहीं किया जाना सरकार के दोरंगी नीति को स्पष्ट करता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित शिक्षकए विशिष्ट शिक्षकए विद्यालय अध्यापकए प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने को लेकर 05 जूलाई 2026 को सहरसा में प्रमंडलीय स्तर का सम्मेलन कर शिक्षक संवाद आयोजित की जायेगी।शिक्षकों के साथ डीईओ सहरसा के कार्यालय कर्मी द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाना निंदनीय एवं अपराधी प्रवृत्ति का प्रतीक है। जिसे संघ कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।नियोजित शिक्षकए विशिष्ट शिक्षकए विद्यालय अध्यापकए प्रधान शिक्षक को पे.बैंड।। के तहत सातवें वेतन का पुनरीक्षित वेतनमान एवं राज्यकर्मी की सुविधा साथ ही पुरानी पेंशन पाने हेतु शिक्षकों को गोलबंद करने हेतु सम्पर्क अभियान चलाकर सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाय। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से विधानमंडल में उठाने के उद्देश्य से आगामी कोशी स्नातक विधान परिषद चुनाव में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की ओर से मजबूत उम्मीदवार उतारा जाएगा। बैठक को मुख्यरूप से मधेपुरा जिला अध्यक्ष भुवन कुमार, सुपौल जिला अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, सहरसा जिला सचिव अमीन अकबर, महिषी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार, राजीव कुमार रंजन, संजय कुमार सुमनए बौआ रजक, कुमारी नूतन सिंह, सुर्यनारायण कुमार, अमरेन्द्र कुमार, अभिनंदन यादव, विनोद कुमार, भूपेन्द्र प्रसाद यादव, रितेश कुमारए जय कुमार ज्वालाए चंद्रशेखर चंदू, विजय कुमार, अजय कुमार, बंधन पासवान, अरविन्द कुमार आरोही, सुधीर कुमार, उमर फारुख, शेखर कुमार, कैलाश प्रसाद मंडल, लाल बहादुर यादव, रामकुमार चैपाल, दिनेश यादव, मनोज कुमार, चंदन कुमार, मिथिलेश कुमार, रहमतुल्लाए प्रभात कुमार प्रभाकर, सिंहेश्वर पासवान, गणेश कुमार साह, घनश्याम कुमार ने भी संबोधित किया।



बैठक में प्रमंडल के तीनों जिले के संघ पदाधिकारी।

## श्रीजा हेल्थ केयर क्लिनिक का भव्य उद्घाटन, सांसद दिनेश चंद्र यादव ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के पंचवटी चैक स्थित श्रीजा हेल्थ केयर क्लिनिक का विधिवत उद्घाटन रविवार को आयोजित भव्य समारोह में हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की पूजा.अर्चना के बाद कोसी के लाल मधेपुरा लोकसभा सांसद श्री दिनेश चन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधिए चिकित्सा पेशेवरए पत्रकार और सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान सांसद दिनेश चन्द्र यादव ने कहा कि शहर में श्रीजा हेल्थ केयर खुलने से आसपास के ग्रामीण इलाकों को भी अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिलने में मदद मिलेगी। उन्होंने क्लिनिक के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और सस्ती चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद जताई। सांसद ने डॉक्टर गुडेश कुमार और डॉक्टर पूजा को शुभकामना देते हुए कहा कि आपका निष्ठापूर्ण सेवा भाव गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने शुभकामना के साथ कहा कि पूरे क्षेत्र की जनता भी उनके इस अच्छे कार्य के लिए उनका समर्थन करेगी। पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा के कद्दावर नेता अमीर राम ने कहा कि श्रीजा हेल्थ केयर में हर वर्ग के मरीजों को उत्तम उपचार मिलेगा। उन्होंने डॉक्टर गुडेश और डॉक्टर पूजा की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे स्वयं गरीबी पृष्ठभूमि से होने के नाते परेशान व जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशील रहकर सेवा प्रदान करेंगे। आमिर राम ने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस संस्थान के माध्यम से अधिक से अधिक मरीज लाभान्वित हों। श्रीजा हेल्थ केयर के निर्देशक डॉक्टर गुडेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्रीजा हेल्थ केयर क्षेत्र के लोगों को कम खर्चे में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा देगा। वे विशेष रूप से जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए अपनी ओर से मदद करने का आश्वासन दिए। डॉक्टर पूजा ने कहा कि महिलाएं अक्सर दांत और मुँह संबंधी समस्याओं से पीड़ित रहती हैंय श्रीजा हेल्थ केयर में वे अपने अनुभव के बल पर इन समस्याओं का समाधान सस्ते और प्रभावी तरीके से प्रदान करेंगी। दोनों डॉक्टरों ने निश्छल भाव से बेसहारा और गरीब मरीजों की मदद करने का संकल्प लिया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीए चिकित्सक समुदाय के पदाधिकारीए पत्रकार और समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और क्लिनिक की स्थापना पर खुशी व शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने क्लिनिक के सफल संचालन और क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की कामना की। इस मौके पर सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।


उद्घाटन के दौरान सांसद व अन्य।

## प्रखंड प्रमुख के जिम पार्क योजनाओं की पदाधिकारियों ने किया जांच कई अनियमितताओं का हुआ खुलासा

### सूचना पट्ट नहीं मिले, निजी उपयोग के भी आरोप

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत पड़रिया पंचायत में सोनवर्षा प्रखंड प्रमुख रंजू देवी द्वारा मनमाने तरीके से निजी स्वार्थ से जीम पार्क के निर्माण कर सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आवेदक अरविंद कुमार शर्माए पिता. श्यामाकांत शर्माए ग्राम पंचायत रघुनाथपुर प्रखंड सोनवर्षा ने सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर शिकायतकत्र्ता का स्पष्ट कहना है सरकारी अमीन से मापी कराई जाय तो आधा से अधिक जमीन प्रखण्ड प्रमुख के पति के नाम निकलेगा यही सच्चाई हैं हालांकि रिपोर्ट के अनुसार संबंधित भूमि सरकारी अभिलेख में सार्वजनिक श्रेणी की है। हालांकि जांच टीम ने यह भी उल्लेख किया कि जिम पार्क स्थल पर जिम से संबंधित उपकरण या मशीनें स्थापित नहीं मिलीं जो बड़ा मामला है।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर की बाहरी दीवार के अंतिम छोर पर एक निजी आवास बना हुआ हैए जिससे प्रथम दृष्टया योजना का उपयोग सार्वजनिक के बजाय निजी उपयोग की आशंका व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में दूसरी योजना के तहत मुख्य गेट पर ग्रिल एवं फेवर ब्लॉक निर्माण ;लगभग 1,60 लाख रुपयेद्ध का कार्य पूर्ण एवं भुगतानित बताया गया है। इस योजना स्थल पर भी सूचना पट्ट नहीं मिला। इसके अलावा वर्ष 2021.22 की खुला जिम पार्क में शौचालय निर्माण योजना ;लगभग 3 लाख रुपयेद्ध का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में योजना के प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति तथा भुगतान का विवरण दर्ज है। जांच रिपोर्ट में मुख्य रूप से सूचना पट्टों के अभावए जिम उपकरणों की अनुपलब्धता तथा सार्वजनिक उपयोगिता पर सवाल उठाए गए हैं। भारी अनियमितता को लेकर कथित दुरुपयोग की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने जांच कराई है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी को भेज दी गई है। जिससे प्रखंड क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।



जांच करते पदाधिकारी।

सोनवर्षा के प्रखंड प्रमुख रंजू देवी पर आरोप लगाया था कि जिम पार्क के नाम पर लाखों रुपये की सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। पड़रिया वार्ड संख्या.16 में जिम पार्क एवं अन्य विकास योजनाओं में सरकारी राशि के दुरुपयोग की शिकायत पर गठित जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम ने बीते 25 जून 2026 को योजना स्थल पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया। जिसमें कई गंभीर अनियमितता के मामले सामने आए और सरकारी नियम और कानून को ताख पर रख प्रखंड प्रमुख रंजू देवी ने सरकारी राशि का बंदरबांट किया। जांच रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022.23 में 15वें वित्त आयोग से लगभग 6,13 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत जिम पार्क योजना का कार्य पूर्ण एवं भुगतान किया जा चुका है। हालांकि जांच के दौरान योजना स्थल पर सूचना पट्ट ;डिस्प्ले बोर्डद्ध नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि योजना का क्रियान्वयन प्रखंड प्रमुख के निजी भूमि पर किया गया है। जांच में राजस्व अभिलेखों के आधार पर यह आरोप सही नहीं पाया गया। जबकि

## गजराज आयुवेर्दा क्लिनिक का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन, शुगर फ्री भारत का संकल्प

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्राचीन आयुर्वेद द्वारा आधुनिक रोगों के सफल उपचार एवं शुगर मुक्त भारत निर्माण के लिए संस्थापक अमरेश ठाकुर के तत्वावधान मे चैनपुर गांव में गजराज आयुवेर्दा हास्पीटल का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉ रंजन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे इस हास्पिटल के खुलने से लोगो को काफी सहूलियत होगी। ग्रामीण क्षेत्र में आयुवेर्दा हास्पिटल के माध्यम से स्टीक व समूचित इलाज होगा। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्र के मरीज अपना इलाज कराने महानगर के बड़े शहरों मे जाते रहे जबकि अमरेश ठाकुर के सहयोग से चंडीगढ के डाक्टर एवं आयुवेर्दाचार्य ग्रामीण लोगों को नवजीवन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ नवनीत भारद्वाज ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाई के माध्यम से डायबिटीज, थायरायड, हार्ट रोग, लीवर रोग, किडनी रोग, ब्लड प्रेशर, जोड़ो का दर्द, गठिया बवासीर जैसे गंभीर व जटिल रोगो का इलाज किया जा रहा है। साथ ही साथ लीवर की समस्याए फैटी लिवरए हैप्पीटाइटिस, गठियाएवात, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्दएसाइटिका, मांसपेशियों में दर्द, त्वचा रोग, बालों का झरना, माइग्रेन, नींद ना आना, तनाव महिलाओं की समस्याएं, पुरुषों की समस्याएं, सुस्तीएथकान, कमजोरी, बार.बार सर्दीए खांसी, जुकाम, अस्थमा, एलर्जी, आंखों की कमजोरी, वजन बढ़ाना, घटना बच्चों की कमजोरी, भूख ना लगना, इम्यूनिटी बढ़ाना, शरीर की थेरेपी समग्र स्वास्थ्य एवं पंचकर्म चिकित्सा में प्राकृतिक आयुर्वेदिक उपचार के साथ सभी रोगों का निदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अपनाये और स्वस्थ जीवन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि आजकल लोगों के जीवन में आचार व्यवहार गलत खानपान रहन सहन एवं तनाव के कारण गंभीर बिमारी हो रही है। ऐसे मे उचित खानपानएयोग व्यायाम एवं आयुर्वेदिक दवा के माध्यम से इन रोगों पर नियंत्रण संभव है। इस मौके पर डॉ नित्य वर्मा चैनपुर मुखिया सोहन झा, मिहिर कुमार झा, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष डब्बू मिश्र, सोहन झा, रतन मिश्रा, पारस कुमार झा, रूपम झा दीपक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में चैनपुर के समर्थ ग्रामीण मौजूद रहे।


उद्घाटन करते पूर्व मंत्री व अन्य।

## साहित्य अकादमी के कार्यक्रम में कई पुस्तकों का हुआ विमोचन, वरिष्ठ साहित्यकारों को किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** संस्कृति मंत्रालय साहित्य अकादमी एवं स्थानीय स्नातकोत्तर केंद्र में स्थापित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई चेयर के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार खां की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार खां ने लक्ष्मी नाथ गोसाई चेयर की स्थापना के संबंध में संघर्ष को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस चेयर की स्थापना बहुत दिनों से की जा रही थी लेकिन वर्तमान कुलपति के प्रयास से चेयर की स्थापना संभव हुई। इस मौके पर गामक कोरा मेंएमीरीक बेटी एवं ईटउधनी सहित कई पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ कुलानंद झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए साहित्यकार मनोरंजन झा एवं पत्रकार जयानंद झा के संबंध में बातें रखी।उन्होंने कहा स्व मनोरंजन झा बहुमुखी प्रतिभा के धनीएकुशल शिक्षकए कर्तव्य निष्ठ शिक्षाविदए सुधि साहित्यकारए प्रखरएओजपूर्ण व बेबाक वक्ताए जन्मजात संघर्ष करने वाले समाजवादी चिंतकए विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के नेताए मैथिली साहित्य के सजग प्रहरीए विभिन्न आंदोलन में भाग लेने वाले एवं अनेकों आंदोलन का नेतृत्व करने की क्षमता रखने वालेए सीनेट सिंडिकेट सदस्य के रूप में शिक्षकों के हित के लिए सदैव तत्पर रहने वाले भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के संस्थापक अध्यक्ष विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था से संबंध रखने वाले जनवादी कवि मैथिली और हिंदी दोनों भाषा में रचना करने वाले मैथिली की जनवादी काव्य कृति ईटउघनी खंडकाव्य के रचयिताए उच्च कोटि के कवि लेखक साहित्यकार विभिन्न विद्या में रचना कर मैथिली साहित्य के रिक्त भंडार को भरने वालेए बहुआयामी व्यक्तित्व के घनीए मैथिली साहित्यिकएदैदिप्यमान नक्षत्रए प्रोफेसर मनोरंजन का व्यक्तित्व समुद्र के जैसा विशाल था। साथ.साथ अति उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठतम जीवन रहा। वही जयानंद झा एक सशक्त पत्रकार और साहित्यकार मैथिली साहित्यिक सुप्रसिद्ध पत्रिका चांगूर के संपादक में से एक रहने वाले मैथिली और हिंदी भाषा में अपने सशक्त रचना करने वालेए समाज पीड़ा में अपनी लेखनी के माध्यम से उजागर करने वालेए बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी थे।वे सत्य के प्रति निष्ठाए भाषा के प्रति अनुराग एवं जन सरोकार के मुद्दे पर निर्भीक होकर हस्तक्षेप करने वालेए उनके व्यक्तित्व का सफल पक्ष रहा। समाचार संकलन में निष्पक्षता तथ्य मूलक दृष्टिकोण को निर्भीक अभिव्यक्ति उनके व्यक्तित्व के विशिष्ट गुण थे। यही कारण रहा जो पत्रकारिता के माध्यम से मात्र उन्होंने समाचार ही नहीं लिखी बल्कि जनजीवन की समस्या को मुखर स्वर दिया। पत्रकारिता उनका पैसा नहीं लोक सेवा के माध्यम था। वह सत्य निष्ठ पत्रकार के रूप मे बिहार प्रसिद्ध अंग्रेजी दैनिक इंडियन नेशन के जिला संवादाता रहे। पत्रकारिता के अतिरिक्त साहित्य उनके जीवन जीवन का दूसरा प्राण तत्व रहा। मैथिली हिंदी बांग्ला एवं अंग्रेजी भाषा पर उनके उनके समान अधिकार था। मैथिली में जयानंद झा कथा निबंध संस्मरण एकांकी की रचना की जो विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उपलब्ध हुआ। हिंदी में भी कथा कविता लिखते रहे। हिंदी में उनकी कथा संग्रह नई परत पर प्रकाशित हुई जिसमें 11 कथा संग्रह है। उन्होंने कहा कि बड़ी से बड़ी हस्ती से वह जब तक पत्रकारिता में सक्रिय रहे समझौता नहीं किया ।पत्रकारिता भाषा को साहित्यिक संरक्षण में जिला में उनकी उल्लेखनीय योगदान रहा। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व पत्रकारिता एवं साहित्यिक विशिष्ट गुण से युक्त उनकी कृति सदैव चिर स्मरणीय रहेगी।


सम्मान प्राप्त करते वरिष्ठ साहित्यकार।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बेलदौर पुलिस ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने नागेश्वर वासा निवासी बेला नवाद गांव निवासी नागेश्वर शर्मा को रविवार को शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसे प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि एक शराब कारोबारी को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया, जिसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

### सड़क में बने बड़े गड्ढों से बढ़ी दुर्घटनाओं की आशंका

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** पसराहा पंचायत के लक्ष्मीनिया वार्ड नंबर 7 में पंचवटी चौक से सत्संग मंदिर को जोड़ने वाली सड़क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क पर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढों के कारण स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य रणधीर कुमार ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि उक्त सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व किया गया था, लेकिन उसके बाद से इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। रखरखाव के अभाव में सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और बीचों-बीच बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। खराब सड़क के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, जिससे स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सड़क की मरम्मत नहीं कराई, तो यहां किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

### महान संत कबीर की जयंती मनाई गई

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सोमवार को इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के जिला कार्यालय सन्हौली में संत कबीर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आईआईपी के जिला अध्यक्ष मनोज तांती ने कहा कि हमें कबीर के उपदेश को आत्मासात करने की जरूरत है। हमें समाज के अन्तिम व्यक्ति की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। उन्होंने कहा कि कबीर जी ने कहा कि कबीरा आह गरीब की असफल ना जाए, चमड़े की सांस से लौह भस्म हो जाए। कबीर जयंती समारोह में आईआईपी के जिला उपाध्यक्ष सकेब अहमद, अशोक देव, खगड़िया नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार दास, युवा सचिव राकेश कुमार, नगर सचिव पिंटू तांती, नगर कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, शिव तांती, कुशो तांती, दयाराम तांती, प्रभु तांती, शंकर तांती आदि उपस्थित थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने थाने में की शिकयत, कार्रवाई की मांग

**बेलदौर।** कजरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि और उनकी पत्नी मुखिया चंपा देवी ने कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने की शिकायत बेलदौर थाने में की है। मुखिया प्रतिनिधि मुखो सादा ने थाने में आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदनकर्ता ने बताया कि उनकी पत्नी चंपा देवी कजरी पंचायत की मुखिया हैं। पंचायत के कुछ व्यक्तियों द्वारा मुखिया के काम का विरोध किया जा रहा था। विरोध करने वालों को समझाने के बाद मामला शांत हो गया था लेकिन विंटोली वार्ड नं0-18 निवासी विकास कुमार, उम्र 20 वर्ष द्वारा बार-बार मुखिया चंपा देवी को गाली-गलौज और तरह-तरह की धमकी दी जा रही है। मुखो सादा ने बताया कि जब उन्होंने विकास कुमार के माता-पिता को इसकी सूचना दी, तो विकास कुमार ने जान से मारने की धमकी दी। कई बार समझाने के बाद भी विकास कुमार नहीं माना। तंग आकर मुखिया प्रतिनिधि ने बेलदौर थाना में आवेदन दिया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा आवेदन दिया गया है। आवेदन के आलोक में अपने अधीनस्थ कर्मी से मामले की छानबीन करवा कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुखिया चंपा देवी ने थाना अध्यक्ष से मांग की है कि आवेदन के आलोक में जल्द से जल्द उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाय।

### सारण में दोहरे हत्याकांड के गवाह को गोलियों से किया छलनी

**छपरा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात


हमले में जख्मी मनीष राय।

अपराधियों ने बेखौफ अंदाज में दोहरे हत्याकांड के अहम गवाह की गोली मारकर हत्या कर दी। इस खौफनाक घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपराधियों की फौरन गिरफ्तारी की मांग उठाई। जानकारी के मुताबिक, 28-29 जून की दरम्यानी रात करीब 12.20 बजे पुलिस को सूचना मिली कि मेथवलिया चौक से चनचौरा जाने वाली सड़क पर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़ी है। सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंचा तो वहां दो युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। दोनों की पहचान मेथवलिया गांव निवासी पंकज राय और मनीष कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को सदर अस्पताल, छपरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पंकज राय को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। शुरुआती जांच में दोनों के शरीर पर गोली लगने के निशान मिलने के बाद यह साफ हो गया कि मामला सड़क हादसे का नहीं, बल्कि सुनियोजित हमले का है। मृतक पंकज कुमार की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति की तबीयत खराब थी। इसके बावजूद रविवार रात मुफस्सिल थाना से उन्हें लगातार फोन कर बुलाया जा रहा था। उनका कहना है कि गांव के पास 112 डायल पुलिस की गाड़ी भी मौजूद थी। आरोप के अनुसार, जैसे ही उनके पति छोटे भाई के साथ घर से निकले, मेथवलिया चौक के पास अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। उन्होंने सुरक्षा नहीं मिलने पर भी सवाल उठाया। पुलिस की ओर से इस संबंध में प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है। हत्याकांड की जड़ें 12 जून, 2024 की उस घटना से जुड़ी हैं, जब छपरा के मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने कोर्ट जा रहे अधिवक्ता राम अयोध्या राय और उनके अधिवक्ता पुत्र सुनील राय की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों पिता-पुत्र मेथवलिया गांव से मोटरसाइकिल से छपरा सिविल कोर्ट जा रहे थे. जैसे ही वे दूधिया पुल के समीप पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बीती रात मारे गए पंकज राय मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-336/2024 के दोहरे हत्याकांड के महत्वपूर्ण गवाह थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने पूर्व में पुलिस सुरक्षा के बीच न्यायालय में अपनी गवाही भी दर्ज कराई थी। ऐसे में इस हत्या को पुरानी अदावत, गवाही और आपराधिक साजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे गवाहों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है तथा कई संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी चल रही है। घायल मनीष कुमार से मिली प्रारंभिक जानकारी के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर, सीपीआई बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य सुरेन्द्र सौरभ ने पंकज कुमार हत्या कांड की कड़ी निंदा करते हुए इसे जघन्य और कायराना वारदात बताया। उन्होंने आज घटनास्थल पहुंचकर और मृत पंकज कुमार के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी प्राप्त की। बाद में सुरेन्द्र सौरभ ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि अपराधियों के हौसले बुलन्द हो चुके हैं तथा सरकार और पुलिस प्रशासन अकर्मण्य और निकम्मा साबित हो रहे हैं। उन्होंने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि जब 2024 में पकज के अधिवक्ता चाचा और भाई दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, पंकज उक्त दोहरे अधिवक्ता हत्याकांड में गवाह थे और पुलिस प्रशासन से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी तब भी कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। उन्होंने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा मृतक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा देने की मांग की है।

### रसूलपुरः खेतों में किसान तो बाजारों में व्यावसायियों ने किया मानसून की बारिश का स्वागत

**रसूलपुर (दैनिक नवसंदेश)।** क्षेत्र में सोमवार को हुई झमाझम बारिश का किसान सहित समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया। खेतों में धान, मक्का, अरहर के मुरझाते बिचड़ो



को जान में जान आई देख ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। किसानों की मानें तो एक दो दिनों में बारिश नहीं होती तो धान, मक्का, अरहर, बाजरा, ज्वार आदि फसलों को काफी नुकसान होता। रसूलपुर क्षेत्र में मानसून पूर्व की पिछली बारिश में ही एक तिहाई से ज्यादा लोग खेतों में अरहर और मकई का बीज डाल चुके हैं। ऐसे सभी किसान मानसून की बारिश की बाट जोह रहे थे। इधर, रसूलपुर चट्टी पर झमाझम बारिश को देख चैनपुर रोड में नृत्य करते हुए युवकों ने बारिश में स्नान किया और खुशी प्रकट की। उपमुखिया मनोज सोनी नन्हे, रंजीत सोनी, विजय प्रसाद, कृष्णा सोनी, रुपेश कुमार, विवेक सोनी, बिट्टू साह ने कहा कि हम मानसून की पहली बारिश का स्वागत में झूमते हुए कर रहे हैं।

# परीक्षा में धांधली करने वाले 15 लोग पकड़े गए

दैनिक नवसंदेश

**बिहार पुलिस रेडियो ऑपरेटर प्रतियोगिता परीक्षा**

**एसपी ने किया कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न होने का दावा**

**खगड़िया।** बिहार पुलिस की रेडियो ऑपरेटर प्रतियोगिता परीक्षा में गलत तरीका से परीक्षा पास करने और कराने का षडयंत्र रचे जाने की सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 एवं पुलिस उपाधीक्षक साईबर के नेतृत्व में गठित टीम ने कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में खगड़िया थाना कांड संख्या 126/26 कांड दर्ज किया है। एसपी ने कहा कि इस मामले में एक केन्द्राधीक्षक समेत पन्द्रह लोग गिरफ्तार किये गये हैं। पकड़ाये लोगों के पासे से नौ मोबाइल सात बैंक चेक, आठ एडमिट कार्ड, दो चार पहिया वाहन और एक-एक एटीएम कार्ड और मोटरसाईकिल सहित कई छात्रों के -शैक्षणिक कागजात व


परीक्षा में कदाचार करते पकड़े गए लोगों के बारे में जानकारी देते एसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारी।

आधार कार्ड बरामद किये गये हैं। उन्होने कहा कि सभी से पूछताछ की जा रही है।

एसपी ने कहा कि परीक्षा सख्ती और निगरानी के साथ हुई है और इसमें कहीं से कुछ गड़बड़ी की बात भी सोची नही जा सकती। कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई है। हालांकि कुछ लोग छात्रों से बहला फुसलाकर चेक ले लिये थे। इस मामले में थाना बबुरा और जिला भोलपुर के उदय भोजपुर, मनीष कुमारऔर विरू कुमार, मानसी खगड़िया के प्रीतम कुमार, मोरकाही खगड़िया के सुजीत कुमार, प्रेमजीत कुमार और प्रवीण कुमार उर्फ निट्टू, चित्रगप्तनगर खगड़िया के अरविन्द कुमार और ब्रजेश कुमार, बिक्रम पटना के बबलू कुमार, राघोपुर वैशाली के रौशन कुमार सिंह, रूपो नवादा के मनीष कुमार, किंजर अरवल के शैलेश कुमार, कुर्था अरवल के सचिन शेखर, और बड़हड़ा भोजपुर के संजीव कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-01, मुकुल रंजन, पुलिस उपाधीक्षक साइबर निशांत गौरव, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, पुअनि सह थानाध्यक्ष नवीन कुमार, चित्रगुप्त नगर थाना शामिल थे।

## बेलदौर पुलिस ने नाराज बच्ची को घर पहुंचाया

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बेलदौर नगर पंचायत निवासी मुकेश कुमार की पुत्री रानी कुमारी माता-पिता की मारपीट से आक्रोशित होकर घर से चली गई थी। वह ब्लॉक परिसर स्थित मंदिर के पास जाकर बैठ गई। किशोरी को अकेली और परेशान हालत में देख स्थानीय ग्रामीणों को चिंता हुई। ग्रामीणों ने तुरंत आपातकालीन सेवा टोल-फ्री नंबर 112 पर कॉल कर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 के पदाधिकारी तुरंत ब्लॉक परिसर स्थित मंदिर पहुंचे और किशोरी को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने साथ थाने ले आए। थाने में पूछताछ के दौरान किशोरी ने रोते हुए बताया कि उसके माता-पिता ने उसकी बेरहमी से पिटाई की थी, जिससे वह घर से निकल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों ने तुरंत किशोरी के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें थाने बुलाया। पुलिस ने किशोरी को सही-सलामत उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने माता-पिता को बच्ची के साथ इस तरह का व्यवहार न करने की सख्त हिदायत दी और जमकर फटकार लगाई।

## दो जगहों पर मारपीट में ग्रामीण चिकित्सक समेत दो लोग घायल

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** दो जगहों पर हुई मारपीट की घटनाओं में ग्रामीण चिकित्सक और एक बच्चा घायल हो गया। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जानकारी के मुताबिक, पहली घटना बेला नवाद पंचायत की है, जहां ग्रामीण चिकित्सक धीरज कुमार झा एक मरीज को देखकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ दबंगों ने रास्ते में उन्हें रोककर उनके साथ जमकर मारपीट की। इस घटना में ग्रामीण चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं दूसरी घटना जोरावरपुर पचाठ गांव की है। यहां बच्चों के मामूली विवाद को लेकर दबंगों ने विमल मुनि के 12 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट के कारण बालक का दाहिना हाथ टूट गया। बच्चे के शोर मचाने पर जब ग्रामीण वहां इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन आनन-फानन में घायल बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लेकर पहुंचे, जहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में दोनों पीड़ित परिवारों द्वारा बेलदौर थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। अब देखना यह है कि पुलिस दोषियों के खिलाफ कब तक और क्या कार्वाई करती है।

## डीएम ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर के नेतृत्व में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में विशेष अभियान चलाकर पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो रोधी दवा की खुराक से वंचित न रह जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी स्वयं सदर अस्पताल में बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दो बूंद पिलाई।

उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं तथा इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश


बच्चे को पोलियो की दवा पिलाते डीएम।

दिया कि अभियान के दौरान घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र बच्चा किसी भी परिस्थिति में छूटने न पाए। इस अवसर पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जुगाड़ गाड़ी पलटी, चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** अगुवानी -महेशखूंट पथ रामावती उच्च विद्यालय, तेमथा सिराजपुर के समीप देर रात सड़क हादसे में जुगाड़ गाड़ी चालक अगुवानी निवासी 50 वर्षीय विलास ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी



के अनुसार, विलास ठाकुर परबत्ता से काम समाप्त कर जुगाड़ गाड़ी से अपने घर अगुवानी लौट रहे थे। इसी दौरान रामावती उच्च विद्यालय के समीप सड़क पर बने ब्रेकर से वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में चालक जुगाड़ गाड़ी के नीचे दब गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें वाहन के नीचे से बाहर निकाला और परबत्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे में विलास ठाकुर का एक पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया है।

## हादसे में मोटरसाइकिल चला रही आठवीं कक्षा की छात्रा जख्मी



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत क्षेत्र के सड़कपुर गांव निवासी स्वर्गीय अनिल महतो की 14 वर्षीय पुत्री सुप्रिया कुमारी अपने गांव से बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर मोटरसाइकिल चलाकर पूजा करने के लिए गयी थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ जाने के कारण किशोरी पीछे से खड़े ट्रैक्टर में ठोकर मार दिया। ठोकर लगते ही किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में राहगीरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया, जहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए खगड़िया रेफर कर दिया। किशोरी आठवीं क्लास की छात्रा बताई जा रही है।

## गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन को लेकर किया जागरूक

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** मनरेगा कार्यालय में सोमवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि यह मिशन 1 जुलाई से लागू होगा, जिसके तहत मजदूरों को 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। इस मिशन में केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत राशि योगदान देगी। महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब मजदूरों को 7 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाएगा, जबकि पहले यह अवधि 15 दिन थी। कृषि जलवायु क्षेत्र दो में आने वाले खगड़िया जिले में वर्षा ऋतु के दौरान खेती-किसानी के हित में दो माह कार्य बंद रखने का प्रावधान भी है। इसके अतिरिक्त विकसित ग्राम पंचायत प्लान के तहत विकास योजनाओं को तैयार करना, उनका क्रियान्वयन करना और ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड बनाना भी इस मिशन के मुख्य कार्य हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि योजनाओं को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें जल सुरक्षा, मूल ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधित अवसंरचना और चरम मौसमी घटनाओं से निपटने एवं आपदा तैयारी हेतु विशेष कार्य शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कनीय अभियंता प्रवीण कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक प्रवीण कुमार और राजीव रंजन, लेखपाल मृत्युंजय कुमार, बीएफटी मनन बादल और गणेश राम समेत अन्य लोग शामिल थे।

## रैली निकाल महिलाओं ने किया पंचायत विकास शिविर के प्रति जागरूक

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास शिविर के तहत रविवार को परबत्ता प्रखंड की सभी पंचायतों में इसका आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायतों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

प्रखंड के महद्दीपुर पंचायत में आयोजित शिविर में प्रखंड परियोजना प्रबंधक दीपक कुमार स्वयं उपस्थित रहे। शिविर की इस बार की थीम महिला हितैषी पंचायत रही। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने जागरूकता रैली निकाली और पंचायत स्तर पर महिला सशक्तिकरण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। शिविर में मद्यनिषेध अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी रैली निकाली गई। ग्रामीणों को शराबबंदी के सामाजिक लाभों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। इसके अलावा जीविका से जुड़ी योजनाओं, स्वरोजगार, महिला समूहों के सशक्तिकरण एवं सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक दीपक कुमार के साथ एमआईएस एग्जीक्यूटिव समीर चौहान सहित जीविका से जुड़े अन्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने महिलाओं को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने और पंचायत के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## सौंडीहा में सर्वजन सम्मेलन का आयोजन

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** सर्वजन यादव समाज की रविवारीय बैठक राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर सोंडीहा में हुई। अध्यक्षता रविंद्र यादव एवं मंच संचालन सुधीर यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सर्वजन यादव समाज के सूत्रधार समाजसेवी किरण देव यादव ने यादव समाज के गौरवपूर्ण इतिहास, श्री कृष्ण की जीवनी, व्यक्तित्व, कृतित्व, दशा एवं दिशा, वर्तमान स्थिति-परिस्थिति, समीक्षा, क्या खाया क्या पाया, चुनौती, आगामी रणनीति, संगठन निर्माण व विस्तार, मार्गदर्शिका, कार्यकर्ता कमेटी कोष कार्यक्रम कार्यालय, सामूहिक भूमिका आदि मुद्दे पर विस्तारपूर्वक परिचर्चा की तथा यादव समाज को जागरूक करने, एकता, गोलबंदी, सेवा, शांति, सम्मान, सुरक्षा, सुविधा, न्याय, सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को आत्मसात करने की अपील की। किरण देव यादव ने बिहार में हो



रहे फर्जी एनकाउंटर, बढ़ते अपराध, हत्या, बलात्कार की घोर निंदा किया, वहीं यादव समाज के हत्या करने पर अपराधी, दलित समाज की हत्या करने पर नक्सली उग्रवादी, मुस्लिम समाज की हत्या करने पर आतंकवादी एवं ब्राह्मण समाज की हत्या होने पर क्रांतिकारी की संज्ञा देकर महिमा मंडन करने की कड़ी आलोचना किया तथा ऐसी मानसिकता का आड़े हाथों लिया। सेवानिवृत शिक्षक सच्चिदानंद यादव, सुरेश यादव एवं अधिवक्ता डॉ. कमल किशोर यादव ने यादव समाज से एक बार पुनः अपने गौरवपूर्ण इतिहास से सीख लेकर अपने स्वर्ण युग को पुनर्वापसी हेतु रचनात्मक बैठक में सुधीर यादव ने अपने कविता के माध्यम से यादव समाज के अधिकार कर्तव्य गौरवपूर्ण गाथा को रेखांकित किया। बैठक में समाज के दो पक्षों के पुश्तैनी जमीनी विवाद को सुलझाने हेतु दोनों पक्षों का बयान लिया गया, कागजात का अवलोकन किया गया तथा दूसरे पक्षों का कागजात प्रस्तुत करने हेतु तिथि निर्धारित की गयी। सौहार्दपूर्ण वातावरण में विगत 20 वर्षो से चल रही विवाद को समाप्त करने हेतु मजबूत पहल की गये जिसकी सर्वजनों ने मुक्त कंठ से सराहना किया। अध्यक्ष शिक्षक नेता रविंद्र यादव ने कहा कि यदि इस पहल से दो पक्षों को न्याय मिल जाता है तो बहुत बड़ा संदेश जाएगा।

# हाईलेवल टीम करे मामले की जांच : डॉ. विवेकानंद

**श्यामलाल नर्सिंग, पारामेडिकल एवं मेडिकल संस्थान की जमीन को लेकर डीसीएलआर, खगड़िया द्वारा दिए गए निर्णय को बताया तथ्यहीन**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** श्यामलाल नर्सिंग, पारामेडिकल एवं मेडिकल संस्थान के निदेशक डॉ. विवेकानंद ने कहा कि बीस साल से जिस जमीन पर संस्थान चल रहा है उस जमीन पर डीसीएलआर, खगड़िया द्वारा जो निर्णय दिया गया है वह बिल्कुल तथ्यहीन है। हम चाहते हैं कि पूरे मामले की जांच हाईलेवल टीम गठित कर की जाय और उसमें जो सही हो वह निर्णय दिया जाय।

सोमवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रेस कांफ्रेस आयोजित कर डॉ. विवेकानंद ने कहा कि वर्ष 2006 से श्यामलाल ट्रस्ट की जमीन लीज पर लेकर श्यामलाल मेडिकल, नर्सिंग एवं पारामेडिकल संस्थान परमानंदपुर में संचालित है। संस्थान का प्रतिवर्ष रिन्यूअल होते आ रहा है। कई बार जिला अधिकारी एवं द्वारा एडीएम अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत


प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान का पक्ष रखते डॉ. विवेकानंद व अन्य।

कर चुके हैं। पिछले तीन वर्षो में संगठित गिरोह द्वारा बहुत से जमीनों पर फर्जी केबाला मुंगेर से बनाकर रजिस्टर-2 में छेड़छाड़ कर कर्मचारियों से मिली भगत कर रसीद कटाकर दबंग राजनीतिज्ञों और अपराधियों को बेच देते हैं। श्यामलाल ट्रस्ट की जिस जमीन पर वर्ष 2006 से संस्थान संचालित है इसी गिरोह द्वारा मुंगेर में 70 वर्ष पुराना फर्जी केबाला तैयार कर कर्मचारियों से मिली भगत कर 70 वर्ष की रसीद एक ही दिन में कटाकर बिना किसी अधिकारी के आदेश के ऑनलाइन कर लिया गया और उसे दबंग, राजनीतिज्ञ, अपराधी एवं पूर्व पुलिस अधिकारी को बेच दिया। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बाद अंचलाधिकारी खगड़िया ने सभी का म्यूटेशन रिजेक्ट कर दिया। लेकिन अब डीसीएलआर द्वारा आदेश जारी करवा लिया है,जिसमें कहा गया है कि संस्थान की चहारदीवारी एवं भवन निर्माण हमलोगों ने ही कराया है और ट्रस्ट एवं संस्थान का कथित कब्जा है। उन्होंने कहा कि डीएसएलआर ने अंचलाधिकारी के आदेश को निरस्त कर उन पर मानसिक दवाब बनाकर अपने पक्ष में फैसला देने को बाध्य किया है। उन्होने कहा कि अंचल अधिकारी ने पूर्व में रजिस्टर-2 में छेड़छाड़ करने और जमाबंदी रद्द करने का आवेदन एडीएम खगड़िया को दिया है।

उन्होने कहा कि यह ट्रस्ट और यह संस्थान समाज की विरासत है। डीएसएलआर ने बिना नोटिस दिए एकतरफा फैसला दिया है। जबकि डीसीएलआर ने उक्त जमीन की मापी अमीन से तीन माह पूर्व में ही कराकर दखल कब्जा की स्थिति अमीन से प्राप्त कर ली है, लेकिन वे इस रिपोर्ट को छुपा रहे हैं। उन्होने कहा कि यहां पर शुरूआत के बारह साल तक संस्थान चला तो उस समय कोई विवाद नही था। लेकिन कुछ सालों से कुछ षडयंत्रकारी लोगों ने विवाद शुरू करवा दिया। उन्होंने नवनियुक्त जिला अधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक से अनुरोध है कि इस मामले में उच्च स्तरीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित कर संस्थान एवं ट्रस्ट की सार्वजनिक संपत्ति को भू-माफिया के चंगुल से मुक्त कराया जाए।

बताते चलें कि नर्सिंग स्कूल से लेकर मेडिकल कॉलेज तक का सफर इसी श्यामलाल ट्रस्ट की जमीन से किया है। हलांकि इस संबंध में डीसीएलआर आलोक कुमार से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन उनसे बात नही हो पायी। इस अवसर पर इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार, प्रफुल्ल चन्द्र घोष समेत संस्थान के अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## मशरक मे कैंडल मार्च निकाल भरत तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि

**मशरक।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा चौक के पास श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भरत तिवारी को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मशरक स्टेशन चौक से डाकबंगला चौक तक कैंडल मार्च से किया गया। नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह एवं समाजसेवी श्याम सिंह के नेतृत्व मे निकाले गए कैंडल मार्च में सैकड़ो लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च मशरक बाजार होते हुए दुर्गा चौक पहुंची। जहां श्रद्धांजली सभा का आयोजन कर पुलिस एनकाउंटर मे मारे गए भरत भूषण सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी। और इस घटना पर निंदा व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन की बर्बरता के खिलाफ आक्रोश व्याप्त किया गया। और इस घटना को पुलिसिया कार्यवाई पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इस काण्ड मे संलिप्त सभी पुलिस कर्मी को कठोर दण्ड देने की मांग बिहार सरकार से किया गया। ताकि भविष्य मे इस तरह की घटना की पुर्नावृति न हो और पुलिस प्रशासन पर आमलोगों का भरोसा बना रहे। कैंडल मार्च मे सैकड़ो युवा शामिल हुए।

## चीनी मिल खोलने वालों को 1 रुपये की टोकन राशि पर मिलेगी जमीन

**पटना।** राज्य सरकार नई चीनी मिलों को खोलने के लिए हर तरह से निवेशकों को प्रोत्साहित कर रही है। इन्हें लुभाने के लिए कई खास योजनाएं शुरू की गई हैं। नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए गन्ना उद्योग विभाग और बिहार राज्य चीनी निगम की उपलब्ध भूमि 1 रुपये की टोकन राशि पर 30 वर्षों के लिए 40 एकड़ तक की जमीन लीज पर दी जाएगी। ऐसे कई खास प्रावधान बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति-2026 में किए गए हैं, जिसकी मंजूरी हाल में मुख्यमंत्री माननीय श्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में दी गई। यह नीति गन्ना उद्योग में निवेश का नया अध्याय मानी जा रही है। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी गन्ना उद्योग मंत्री श्री संजय कुमार ने गुरुवार को दी। वे विकास भवन सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि चीनी मिल के लिए भूमि क्रय पर निबंधन शुल्क एवं स्टांप शुल्क की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति तथा उत्पादित चीनी पर पांच वर्षों तक एसजीएसटी की पूर्ण प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की गई है। इस नई नीति में 5 हजार टीसीडी (टोटल क्रस प्रतिदिन) क्षमता वाली नई चीनी मिल की स्थापना पर निवेशकों को पांच वर्षों में 100 करोड़ रुपये तक का अनुदान देने का भी प्रावधान है। वहीं, 3500 टीसीडी क्षमता वाली नई चीनी मिल की स्थापना पर 70 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। कार्यरत चीनी मिलों की क्षमता में न्यूनतम 1 हजार टीसीडी विस्तार पर 15 करोड़ रुपये तथा उससे अधिक विस्तार पर अतिरिक्तप्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री ने कहा कि डिस्टीलरी एवं इथेनल इकाइयों की स्थापना और क्षमता विस्तार के लिए प्लांट एवं मशीनरी निवेश पर अनुदान, ब्याज सहायता तथा इथेनल पर एसजीएसटी की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। सह-विद्युत उत्पादन परियोजनाओं तथा सीबीजी संयंत्रों को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे बिहार हरित ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह नीति गन्ना उद्योग में निवेश का नया अध्याय है। यह देश में अपनी तरह की पहली व्यापक पहल है, जो बिहार की गन्ना क्रांति की ऐतिहासिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। चीनी उद्योग के क्षेत्र में बिहार की एक समृद्ध पहचान रही है। अब यह नीति इस गौरवशाली परंपरा को आधुनिक औद्योगिक विकास से जोड़कर आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनेगी। माननीय गन्ना मंत्री ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जिसने मडर्न शुगर कम्प्लेक्स की अवधारणा को बढ़ावा दिया है। इसमें चीनी मिल के साथ ही डिस्टीलरी, इथेनल उत्पादन और विद्युत उत्पादन तथा कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) इकाइयों की स्थापना एवं क्षमता विस्तार के लिए एक समेकित व्यवस्था की गई है। यह नीति राज्य में नई गन्ना क्रांति का आधार बनेगी और बिहार की ऐतिहासिक चीनी उद्योग विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सात निश्चय-3 के अंतर्गत राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनरुद्धार के साथ-साथ 25 नई चीनी मिलों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आएगा, किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा बिहार फिर से देश के अग्रणी गन्ना, चीनी, इथेनल और हरित ऊर्जा उत्पादक राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। इस मौके पर विभागीय सचिव श्री धर्मेंद्र सिंह, ईख आयुक्त श्री अनिल कुमार झा, संयुक्त ईख आयुक्त वेदवत आदि मौजूद थे।

# धरहरा स्टेशन पर टिकट दलाली के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## आरपीएफ-सीआईबी ने एक आरोपी को दबोचा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे में टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को आरपीएफ एवं क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआईबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धरहरा रेलवे स्टेशन परिसर से एक कथित टिकट दलाल को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में टिकट दलाली से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंगल कुमार, पिता अशोक यादव, निवासी मानगढ़, थाना धरहरा, जिला मुंगेर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के लंबे समय से रेलवे टिकटों की अवैध खरीद-फरोख्त करने तथा यात्रियों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेकर टिकट उपलब्ध कराने की बात सामने आई है।आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि धरहरा स्टेशन परिसर में टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना के आधार पर आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी को मौके से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुछ संदिग्ध रेलवे टिकट तथा लेन-देन से संबंधित दस्तावेज और अन्य साक्ष्य बरामद होने की जानकारी मिली है, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की अनलाइन एवं अफलाइन टिकट व्यवस्था का दुरुपयोग कर अवैध कमाई करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके साथ इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं तथा उसका नेटवर्क कितना बड़ा है।कार्रवाई के बाद धरहरा स्टेशन परिसर में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं, नियमित यात्रियों ने टिकट दलालों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद यात्रियों को निर्धारित दर पर आसानी से टिकट उपलब्ध हो सकेगा। आरपीएफ ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे टिकट हमेशा अधित माध्यमों से ही खरीदें और दलालों की जानकारी मिलने पर तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को सूचित करें।



गिरफ्तार टिकट दलाल की जानकारी देते आरपीएफ।

## तीन साल बाद भी बीएसएससी परीक्षाओं की तिथि घोषित नहीं होना लाखों छात्रों के साथ घोर अन्याय : छात्र नेता दिलीप

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी) की सुस्ती और लेटलतीफी से लाखों अभ्यर्थियों में घोर नाराजगी और आक्रोश है। बिहार स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष छात्र नेता दिलीप कुमार ने सोमवार को वीडियो जारी कर बीएसएससी और मुख्यमंत्री से लाखों अभ्यर्थियों के हित में द्वितीय इंटर स्तरीय, चतुर्थ ।तक स्तरीय और बीएसओ परीक्षाओं की तिथि घोषित करने की मांग किया। दिलीप कुमार ने कहा कि द्वितीय इंटर स्तरीय बहाली का विज्ञापन 27घ सितंबर 2023 को 11098 सीटों के लिए आया था। बाद में सीटों की संख्या बढ़कर 26426 हो गई। 34 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक बीएसएससी द्वितीय इंटर स्तरीय बहाली की पीटी परीक्षा की तिथि भी घोषित नही हुई है जबकि 36 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को परीक्षा का इंतजार है। बीएसएससी चतुर्थ ।तक स्तरीय बहाली का विज्ञापन 04 अगस्त 2025 को 1064 सीटों के लिए आया था। इसमें सीटों की संख्या बढ़कर अब 1883 हो गई है। लेकिन परीक्षा तिथि घोषित नही हुई है। प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी ( बीएसओ) का विज्ञापन मार्च 2025 में 682 सीटों के लिए आया था। इसकी परीक्षा तिथि भी घोषित नही हुई है। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि कुल मिलाकर पचास लाख से अधिक अभ्यर्थी बीएसएससी परीक्षाओं की तिथि घोषित नही होने से हताश, निराश और आक्रोशित हैं। लगभग तीन साल बाद भी परीक्षा तिथि घोषित नही करना बीएसएससी की छात्रों के प्रति असंवेदनशीलता, निरंकुशता, गैर-जिम्मेदार रवैया और सुस्ती को दशार्ता है। लाखों बेरोजगार छात्रों के साथ यह घोर अन्याय है। दूसरी तरफ बीएसएससी ने बीच बहाली में बहालियों में 25ः संविदा वेटेज का प्रावधान कर दिया है जिससे बेरोजगार मेधावी अभ्यर्थियों को काफी नुकसान होगा। दिलीप कुमार ने कहा कि संविदा वेटेज बहाली में भ्रष्टाचार एवं धांधली-सेटिंग का नया सुरक्षित रास्ता है। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि बीएसएससी 10 दिनों में सभी परीक्षाओं की तिथि घोषित करें और संविदा वेटेज हटाएं। अगर ऐसा नही हुआ तो लाखों बीएसएससी अभ्यर्थी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और बीएसएससी कार्यालय के बाहर आंदोलन किया जाएगा।

## देसी शराब के साथ अभयपुर के दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल पुलिस ने जमालपुर रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए जमालपुर-गया पैसेंजर ट्रेन में सवार होने के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 235 लीटर देसी शराब बरामद की गई।रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पीरी बाजार थाना क्षेत्र के अभयपुर निवासी करण कुमार एवं नीरज कुमार के रूप में हुई है। दोनों ट्रेन के माध्यम से देसी शराब की तस्करी करने की फिराक में थे। इसी दौरान रेल पुलिस की टीम ने जांच अभियान के दौरान उन्हें दबोच लिया।तलाशी लेने पर उनके पास से 235 लीटर देसी शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रेल पुलिस ने बताया कि ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन परिसर में शराब तस्करी रोकने के लिए लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।



बरामद देसी शराब एवं गिरफ्तार तस्करों की जानकारी देते रेल पुलिस पदाधिकारी।

## आनंद कुमार मिश्रा बनें एसडीएम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** जिलें के सोनबरसा प्रखंड स्थित अतलखा गांव निवासी पिता सुधाकांत मिश्र एवं माता वीणा देवी के सुपुत्र आनंद कुमार मिश्र के एसडीएम बनने से परिजन व ग्रामीण हर्षित है। सोमवार को सहरसा आगमन पर उनके परिजनों ने सहरसा जंक्शन पर भव्य स्वागत कर खुशी व्यक्त किया। आनंद कुमार मिश्रा ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में शानदार सफलता हासिल की। उन्होंने 90वीं रैंक प्राप्त की और बिहार प्रशासनिक सेवा में अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर चयनित हुए। बीपीएससी से पहले भी उन्होंने केंद्र सरकार की कई प्रतियोगी परीक्षाएँ उत्तीर्ण की थीं। इनमें वस्त्र मंत्रालय में लोअर डिवीजन क्लर्क, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय में अकाउंटेंट, सीमा शुल्क विभाग में प्रिवेंटिव ऑफिसर के रूप में चयन, जहाँ उनकी पोस्टिंग गोवा में हुई। वे 2013 में धनबाद से मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। रांची से इंटरमीडिएट (12वीं) किया।इसके बाद गणित विषय से ।तक किया। आनंद कुमार मिश्रा अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने बड़े भैया, अनुज मिश्रा और अपने परिवार को देते हैं। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने आनंद को लगातार मेहनत करने और अपने लक्ष्य तक पहुँचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली ही कोशिश में बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन सफलता की कुंजी हैं। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और पूरी ईमानदारी से तैयारी की जाए, तो कठिन से कठिन प्रतियोगी परीक्षा भी जीती जा सकती है। आनंद कुमार मिश्रा की कहानी उन सभी बीपीएससी अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणादायक है, जो प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज और राज्य की सेवा करने का सपना देखते हैं।



एसडीएम आनंद कुमार मिश्रा।

## पल्स पोलियो अभियान की गुणवत्ता जांच को पहुंची राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम

### परहम व सिंघिया पंचायत के 10 वार्डों में किया कार्यो का मूल्यांकन

**जमालपुर (मुंगेर)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जांच के लिए रविवार को राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना की तीन सदस्यीय टीम जमालपुर पहुंची। टीम ने जमालपुर प्रखंड की परहम एवं सिंघिया पंचायत के पांच-पांच वार्डो का भ्रमण कर अभियान के संचालन, बच्चों के टीकाकरण तथा स्वास्थ्यकर्मियों के कार्यो का मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने अभियान से जुड़े अभिलेखों की जांच की और क्षेत्र में चल रहे कार्यो का जायजा लिया। टीम ने पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन पर जमालपुर स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।निरीक्षण दल में राज्य स्वास्थ्य समिति के स्टेट अब्जर्वर ड़ मधुकर दास, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि ड. जुनैद तथा अमित कुमार शामिल थे। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जमालपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ पंकज कुमार, पोलियो कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी ड़ अशोक पासवान, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आशुतोष कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



पल्स पोलियो अभियान के कार्यो का निरीक्षण करती राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम।

## कारखाना गेट पर अधिकारी की गाड़ी से लकड़ी मिलने की चर्चा, आरपीएफ ने की पूछताछ

### चेकिंग के दौरान बरामदगी की सूचना, मामले की जांच जारी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेल कारखाना के मुख्य गेट पर नियमित जांच के दौरान एक अधिकारी की गाड़ी से रेलवे की लकड़ी मिलने की सूचना के बाद कारखाना परिसर में पूरे दिन चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। मामले को लेकर आरपीएफ ने चालक और संबंधित अधिकारी से पूछताछ की। हालांकि, अधिकारियों की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।सूत्रों के अनुसार, कारखाना से बाहर निकल रही एक चारपहिया वाहन की गेट पर तैनात आरपीएफ जवानों ने नियमित जांच की। तलाशी के दौरान वाहन से रेलवे की लकड़ी मिलने की बात सामने आई। इसके बाद ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मियों ने इसकी सूचना कारखाना आरपीएफ इंस्पेक्टर एक़े शर्मा को दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और चालक सहित संबंधित अधिकारी से पूछताछ की।बताया जा रहा है कि उक्त वाहन डिप्टी सीपीओ बीक़े राय से संबंधित था। हालांकि, इस संबंध में उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।वहीं, कारखाना सुरक्षा आयुक्त हीरा प्रसाद सिंह ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल आरपीएफ या कारखाना प्रशासन की ओर से लकड़ी की बरामी, उसकी मात्रा अथवा आगे की कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।




कारखाना का गेट।

संक्षिप्त खबरें

## धुंधला पड़ा नो-एंट्री बोर्ड, स्टेशन रोड पर जाम से लोग परेशान

### भुवनेश्वरी चौक के समीप उपेक्षित सूचना बोर्ड बना चर्चा का विषय, भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ रही परेशानी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** नगर के भुवनेश्वरी चौक के समीप लगा अनुमंडल प्रशासन का पुराना सूचना बोर्ड इन दिनों उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। धुंधला पड़ चुके इस बोर्ड पर स्टेशन रोड में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध का उल्लेख है, लेकिन अधिकांश लोग अब इसकी जानकारी से अनभिज्ञ हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद स्टेशन रोड पर बालू लदे ट्रक, मछली से भरी ट्रलियां तथा अन्य भारी वाहन लगातार गुजरते हैं, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क पर माल उतारने और वाहनों की आवाजाही के कारण आम लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।नागरिकों ने स्टेशन रोड की यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा पुराने निर्देशों के अनुपालन और समीक्षा की मांग की है। लोगों का कहना है कि बेहतर यातायात प्रबंधन से जाम की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## सुपर ओवर में रोमांचक जीत

### रामपुर आमी पंचायत बनी बोधाछपरा गोराईपुर प्रीमियर लीग सीजन-1 की चैंपियन

**दिघवारा।** प्रखंड क्षेत्र के बोधा छपरा गांव स्थित रामावतार खेल मैदान में रविवार की रात्रि बोधा छपरा गोराईपुर प्रीमियर लीग सीजन-1 का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच रामपुर आमी पंचायत और महेसिया पंचायत के बीच हुआ, जिसमें रामपुर आमी पंचायत ने शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले का विधिवत उद्घाटन सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच बेहद ही रोमांचक रहा और दर्शकों को आखिरी पल तक बांधे रखा। महेसिया पंचायत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 108 रन बनाए। जवाब में उतरी रामपुर आमी पंचायत की टीम ने भी 12 ओवर में 108 रन बनाकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया, जिससे मैच टाई हो गया। इसके बाद सुपर ओवर में हुए निर्णायक मुकाबले में रामपुर आमी पंचायत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर ली। इस अवसर पर विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, एकता और टीम भावना का विकास करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मुखिया राकेश कुमार सिंह, दिलीप सिंह, प्रमोद सिंह, महेश सिंह, मनीष सिंह एवं हरेनाथ सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन समिति में अंजनी सिंह, टिंकू सिंह, बिकु सिंह और बंटी सिंह की मुख्य भूमिका रही, जिनके सहयोग से टूर्नामेंट का सफल आयोजन संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम का बड़ा फैसला सारण में 4 जुलाई तक बदला स्कूलों का समय

### बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरिरू जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जारी किया नया आदेश, कक्षा 1 से 8 तक सुबह 11 बजे तक ही होगी पढ़ाई

**छपरा।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक तापमान में राहत मिलने की संभावना नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों के लिए नई समय-सारिणी लागू करने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 4 जुलाई 2026 तक पूर्वा 11रू00 बजे तक ही संचालित होंगी, जबकि कक्षा 9 एवं उससे ऊपर की कक्षाओं का संचालन पूर्व की भांति जारी रहेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बच्चों को भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से सुरक्षित रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विद्यालयों को आदेश का कड़ाई से पालन करने तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अत्यधिक गर्मी के दौरान बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने दें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं तथा गर्मी से बचाव के उपाय अपनाएं। प्रशासन ने कहा है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।



जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव।

## मेथवलिया हत्याकांड पर भड़की सीपीआई, सुरेन्द्र सौरभ बोले- गवाह भी सुरक्षित नहीं, कानून व्यवस्था ध्वस्त

### पंकज हत्याकांड में 50 लाख मुआवजा, अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी व परिजनों की सुरक्षा की मांग

**छपरा।** सारण जिले के मेथवलिया गांव में हुए चर्चित पंकज कुमार हत्याकांड को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। सीपीआई के बिहार राज्य सचिवमंडल सदस्य सुरेन्द्र सौरभ ने घटना को जघन्य, कायराना और कानून-व्यवस्था की विफलता का गंभीर उदाहरण बताते हुए अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। सोमवार को सुरेन्द्र सौरभ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं, जबकि सरकार और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अकर्मण्य साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में मृतक के अधिवक्ता चाचा और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंकज कुमार उस दोहरे अधिवक्ता हत्याकांड के महत्वपूर्ण गवाह थे और उन्होंने पुलिस प्रशासन से कई बार सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन उन्हें सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई। इसी का परिणाम है कि सोमवार को घर से कुछ ही दूरी पर थाना जाने के दौरान अपराधियों ने पंकज कुमार और उनके भाई पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। इस हमले में पंकज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके भाई को कनपटी में गोली लगने से गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। सीपीआई नेता ने कहा कि जब किसी चर्चित मामले के गवाह भी सुरक्षित नहीं हैं तो आम लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने मृतक के परिजनों को सुरक्षा उपलब्ध कराने, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ जनता से एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। सुरेन्द्र सौरभ ने चेतावनी दी कि यदि अपराध और हत्या की घटनाओं पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो सीपीआई राज्यभर में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर व्यापक जनआंदोलन चलाएगी।

# जन साधारण सुपरफास्ट में ब्रेक बाईडिंग से अफरा-तफरी

दैनिक नवसंदेश

**आग लगने की अफवाह के बाद महिला ने ट्रेन से लगाई छलांग**

**आरा की घायल महिला का सदर अस्पताल में चल रहा इलाज**

**सोमवार को बिहिया के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुआ हादसा**

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सोमवार की दोपहर दिल्ली से पटना जा रही ट्रेन संख्या (13258) जनसाधारण सुपरफास्ट ट्रेन में ब्रेक बाइडिंग से अफरातफरी मच गई। वही आग लगने की अफवाह से एक महिला ने ट्रेन से छलांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कई लोग आंशिक रूप से भी घायल हो गई। जख्मी महिला को परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार घायल महिला कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी कृष्णा चौधरी की 26 वर्षीया पत्नी सीता देवी है। घटना के बाद ट्रेन के ड्राइवर, गार्ड एवं अन्य कर्मियों द्वारा फायर एक्सट्रीम्युलेटर से ट्रेन के चक्का में बैंडिंग के कारण लगी आग को बुझाया गया जिससे बड़ी घटना होते-होते टल गई। इधर, सीता देवी ने बताया कि वह सोमवार की सुबह ट्रेन द्वारा टुडीगंज स्टेशन पर उतरकर कृष्णब्रह्म अपना दवा लाने के लिए गई थी। दवा लेने के बाद वह जनसाधारण सुपरफास्ट ट्रेन से वापस आरा लौट रही थी। इसी क्रम में जैसे ही ट्रेन बिहिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। तभी यात्रियों ने ट्रेन में आग लगने का अफवाह उड़ा दी। आग लगने की बात सुनकर वह ट्रेन से कूद पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में घायल महिला का दाहिना हाथ और पैर फ्रैक्चर हो गया है।

इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि ट्रेन में आग लगने की बात गलत है। चक्का में ब्रेक लगा रहता है, जो अचानक ब्रेक लेने पर बेंडिंग कर जाता है और चिंगारी फेंकने लगती है। चिंगारी को देखकर लोगों द्वारा आग लगने की गलत अफवाह फैला दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग समेत दो की मौत

**आरा और बिहिया स्टेशन के समीप सोमवार को घटी घटना**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दानापुर - पीडीडीयू रेलखंड पर आरा एवं बिहिया स्टेशन के समीप सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। रेल पुलिस दोनो शवों की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। पहली घटना आरा स्टेशन के पश्चिम साइड स्थित अप लाइन की है जहां सोमवार को ट्रेन से गिरकर अज्ञात 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना बिहिया स्टेशन के समीप डाउन लाइन की है जहां सोमवार को ट्रेन से गिरकर अज्ञात 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। इधर, पुलिस द्वारा बनायी गयी मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात बुजुर्ग व युवक की मौत ट्रेन से गिरने के कारण होना प्रतीत होता है।

# चरपोखरी के पड़रिया में नहर से झारखंड की युवती का शव मिला



**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के काउप के पड़रिया गांव में सोमवार को एक खेत के आहर से एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। शव को किसी चीज से ढककर छुपाने की कोशिश की गई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची चरपोखरी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। चरपोखरी थाना प्रभारी रविशंकर कुमार से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर की गई है। जहां मृतका का नाम अंजू कुमारी है, जो कि गुलाबी मंडल की पुत्री थी। वह मूल रूप से झारखंड के गोड्डा की रहने वाली बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसके कारण चेहरा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है और शव सड़ने लगा था। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवती यहाँ कब से और किस सिलसिले में रह रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन छानबीन में जुट गई है।

## 14 दिन से लापता बुजुर्ग का शव नदी से बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बरगही गांव में दाढ़ी बनाने के लिए 14 दिन पूर्व घर से निकले बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। उनका शव छोटी सासाराम गांव के घटवा पिपरा स्थित नदी से सोमवार की सुबह बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बरगही गांव निवासी 65 वर्षीय पुत्र श्याम बिहारी महतो थे। वे पेशे से किसान थे। मृतक के बेटे तपेश्वर कुमार ने बताया कि 16 जून की सुबह वह घर से दाढ़ी बनाने के लिए निकले थे, उसके बाद से नहीं लौटे। 21 जून को थाने में उनके लापता हो जाने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी परिजन एवं पुलिस द्वारा उनकी लगातार खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच, सोमवार की सुबह छोटी सासाराम गांव के घटवा पिपरा स्थित नदी में उनका शव पड़ा मिला। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय थाने की पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। परिवार में पत्नी चंद्रावती देवी, पुत्री शैल कुमारी एवं पुत्र तपेश्वर कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। पत्नी चंद्रावती देवी एवं परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव में सोमवार की सुबह करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका उदवंतनगर गांव निवासी कमल साव की 70 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी हैं। पति कमल साव ने बताया कि सोमवार की सुबह घर में कोई नहीं था। वह स्टैंड फैन हटाकर घर में झाड़ू लगा रही थी। उसी दौरान पंखा उसके शरीर पर गिर पड़ा। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और उन्हें उदवंतनगर पीएचसी से सदर अस्पताल ले आए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले आए। बताया जाता है कि मृतका को चार पुत्री एवं एक पुत्र है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस ने अपहृत युवती को सकुशल किया बरामद

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाने की पुलिस ने एक सप्ताह से अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर लिया। युवती को चांदी चौक के पास से बरामद किया गया। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती पिछले एक सप्ताह से लापता थी। इस मामले में युवती के पिता के आवेदन पर चांदी थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल सर्विलांस एवं अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए युवती का पता लगाया और उसे आरा से सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद युवती को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत कर उसका बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

### कार से ले जायी जा रही देशी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना की पुलिस ने नगर के इब्राहिमपुर मोड़ के पास वाहन चेंकिग के दौरान कार से ले जायी जा रही देशी शराब बरामद की है। शराब के साथ कार को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को सिकरहटा की ओर से आ रही कार को संदेह के आधार पर इब्राहिमपुर मोड़ के पास रोककर जांच पड़ताल की गई तो कार के अंदर से काफी मात्रा में देशी शराब बरामद की गयी। इस मामले में नवानगर थाने के गुरैला गांव निवासी कार चालक विशाल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस जब्त कार के मालिक का पता लगा रही है। इस मानले में कार मालिक को भी अभियुक्त बनाया गया है।

### जमीन विवाद में जानलेवा हमले का प्रयास

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थानान्तर्गत बीएसएस डिग्री कॉलेज गेट के समीप नामजद लोगों ने मनीष मिश्रा पर देशी कट्टा से जानलेवा हमला किए जाने का मानला सामने आया है। मामले में भुक्तभोगी मनीष मिश्रा ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीरो थाने में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि वे जरूरी काम से बीएसएस कॉलेज गेट के समीप स्थित स्मार्ट प्वाइंट पर गए थे। इसी दौरान अलग-अलग दो मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचे अभियुक्तों ने देशी कट्टा से उन पर हमला कर दिया लेकिन वे अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों के जुट जाने पर नामजद लोग अपनी एक मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर दूसरी मोटरसाइकिल से भाग खडे हुए। मनीष मिश्रा की सूचना पर वहां पहुंची डायल 112 की पुलिस ने अभियुक्तों की बाइक जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार मामला जमीन विवाद से जुडा है।

### रेड रन 2026 : एचआईवी/एड्स जागरूकता के लिए होगा आयोजन

**छपरा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के अंतर्गत राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के निर्देशन में युवाओं के मध्य एचआईवी/एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रेड रन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। समन्वयक प्रो. हरिश्चंद ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में 05 किलोमीटर की रेड रन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें रेड रिबन क्लब के सदस्य, एनसीसी कैडेट्स तथा महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में महाविद्यालय स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 01 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। सारण जिला के नोडल अधिकारी डॉ. बेठियार सिंह साहू के नेतृत्व में 1 जुलाई को रेड रन का आयोजन राजेंद्र कॉलेज, छपरा में किया जाएगा। इसके पूर्व सभी महाविद्यालयों में रेड रन प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों का चयन करना है। रेड रन 2026 का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, एचआईवी/एड्स से बचाव, सामाजिक सहभागिता तथा सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी तथा समाज में जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जाएगा। प्रो. हरिश्चंद ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु समिति द्वारा जिला नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला आईसीटीसी पर्यवेक्षकों को नामित किया गया है। साथ ही महाविद्यालय स्तर पर रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि आयोजन निर्धारित संचालन मार्गदर्शिका के अनुरूप संपन्न हो सके। संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपील की गई है कि वे विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराएं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावी माध्यम बनेगा।

### आज और कल बाधित रहेगी पिपरहियां फीडर की बिजली

**इसुआपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पावर सब-स्टेशन इसुआपुर से संचालित पिपरहियां फीडर क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग द्वारा 132 केवी लाइन के निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति अस्थाई रूप से बंद रहेगी। विद्युत कनीय अभियंता मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि 132 केवी के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य को लेकर पिपरहियां, रामचौरा प्यारेपुर गांवों समेत बनियापुर की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों की लाइन काटकर आवश्यक तकनीकी कार्य किया जाएगा। वहीं मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संभावित और असुविधा को देखते हुए लोग पूर्व से ही पानी की व्यवस्था कर लें तथा बिजली से जुड़े अन्य आवश्यक कार्य समय से निपटा लें।

# सैंड आर्टिस्ट ने दी भरत भूषण तिवारी को अनोखी श्रद्धांजलि



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस एनकाउंटर में कथित तौर पर मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी को सैंड आर्ट के माध्यम से भी श्रद्धांजलि दी गई। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पहुंचे सैंड आर्टिस्ट रूपेश कुमार ने सफेद बालू पर दिवंगत भरत भूषण तिवारी की आकर्षक आकृति उकेर कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कलाकार की इस अनूठी प्रस्तुति को देखने के लिए दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से भी लोग बिलौटी पहुंचकर रेत पर बनी इस कलाकृति को निहारते रहे। सैंड आर्टिस्ट रूपेश कुमार ने बताया कि उन्होंने यह कलाकृति भरत भूषण तिवारी की स्मृति को समर्पित करते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप बनाई है। उनकी इस कलाकारी की लोगों ने सराहना की और इसे भावपूर्ण श्रद्धांजलि बताया।

# दोषियों की जल्द हो गिरफ्तारी : आनंद मिश्रा



**भरत के परिजनों से मिले विधायक आनंद मिश्रा और राकेश रंजन**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कथित पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने सोमवार को बक्सर विधायक सह पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा बिलौटी पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और घटना की जानकारी ली। इस दौरान आनंद मिश्रा ने कहा कि भरत तिवारी के साथ जो एनकाउंटर हुआ। वह एक तरह से हत्या है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। लेकिन इसके बावजूद घटना में शामिल दोषियों की शीघ्र गिरतारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर सरकार से बातचीत करेंगे। ताकि भरत तिवारी को जल्द न्याय मिल सके। आनंद मिश्रा ने कहा कि भरत तिवारी समाज के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्हें लगता था कि वह भगत सिंह की तरह समाज के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भरत हमेशा समाज के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहते थे। ऐसे व्यक्ति का इस तरह एनकाउंटर होना समाज के लिए उचित नहीं है। उनका कहना था कि इस पूरे मामले में प्रशासन को भी धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए था। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राकेश रंजन ने कहा कि भरत तिवारी को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मामले में जल्द न्याय सुनिश्चित कराने के लिए सभी स्तरों पर पहल की जाएगी। मौके पर पैक्स अध्यक्ष ऋषिकेश ओझा, छोटू शास्त्री, विंध्याचल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# वैदिक विधि-विधान से हुआ भरत तिवारी का एकादशा और सेज्यादान

**आत्मा की शांति के लिए पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मण भोज का हुआ आयोजन**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कथित पुलिस एनकाउंटर में मृत बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी का एकादशाह श्राद्ध सोमवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान योग्य आचार्यों के सानिध्य में आत्मा की शांति एवं सद्गति की कामना को लेकर सभी धार्मिक अनुष्ठान विधिवत कराए गए। श्राद्ध कर्म की शुरुआत संकल्प एवं पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद पिंडदान, तर्पण तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। परंपरा के अनुसार शय्या, वस्त्र, पात्र सहित अन्य उपयोगी सामग्री का दान किया गया। ब्राह्मणों को भोजन कराने के साथ उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गई। वहीं सनातन परंपरा के अनुसार गाय, कौए एवं अन्य जीवों के लिए भी अन्न अर्पित किया गया। श्राद्ध कर्म में परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, गांव के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, आस्था और धार्मिक वातावरण बना रहा।

## आज ब्रह्मभोज में 15 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद



भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।

**100 हलवाई बना रहे भोजन, 500 स्वयंसेवक संभालेंगे व्यवस्था**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में 17 जून को हुए कथित पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत भूषण तिवारी के श्राद्धकर्म सह ब्रह्मभोज की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। परिजनों और पारिवारिक मित्रों द्वारा बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारी की जा रही है। आयोजन में 15 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इसी को देखते हुए इतने ही लोगों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। भोजन तैयार करने के लिए करजा, बिलौटी और ब्रह्मपुर क्षेत्र के लगभग 100 हलवाई तथा करीब 300 सहायक लगातार जुटे हुए हैं। खाना बनाने के लिए एलपीजी सिलेंडर और कोयले की व्यवस्था की गई है। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों की सुविधा और व्यवस्था संभालने के लिए आसपास के कई गांवों के करीब 500 स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भरत तिवारी के घर के समीप बड़े क्षेत्रफल में अलग से टेंट लगाया जा रहा है। मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए कई स्थानों पर वाटरप्रूफ टेंट भी लगाए जा रहे हैं, परिजनों के अलावा भरत तिवारी के मामा ब्रह्मपुर निवासी भगवती पांडेय, रिश्तेदार मंगल पांडेय तथा गांव के समाजसेवी पंकज त्रिपाठी आयोजन की तैयारियों में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। उनके अनुसार कई लोग स्वेच्छा से आयोजन के लिए सामग्री लेकर पहुंच रहे हैं। हालांकि परिवार का कहना है कि उन्होंने किसी से कोई सहयोग नहीं मांगा है। लेकिन यदि कोई अपनी इच्छा से सहयोग कर रहा है तो उसे मना भी नहीं किया जा सकता।

## भरत के परिजनों से मिले भोजपुरी गायक केके पंडित

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरी में पंडीजी मिलबे करीहे शादी व श्राद्ध में गीत से लोकप्रिय हुए केके पंडित सोमवार को बिलौटी गांव पहुंचकर भरत तिवारी के परिजनों से मिले। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दुख की इस घड़ी में हरसंभव साथ देने का भरोसा दिया। परिजनों से मुलाकात के बाद पंडित ने कहा कि भरत तिवारी के साथ हुई घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। दुख की इस घड़ी में वह पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। समाज न्याय की अपेक्षा कर रहा है और इस मामले में सच्चाई सामने आनी चाहिए। ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# लगातार परिश्रम और दृढ़ संकल्प से मिलती है सफलता : डॉ. गणपत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रेरणा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 'युवा संवाद 4.0' कार्यक्रम का आयोजन शहर में किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार जितेंद्र, पूर्व मेयर रूबी तिवारी, रेडक्रॉस की सचिव विभा श्रीवास्तव, ब्लड को-ऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा, जिनवाणी मैनेजमेंट के निदेशक सिद्ध जैन, युवा उद्योगपति अनुराग मिश्रा, प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र का उद्घाटन मुख्य वक्ता राजस्थान के प्रेरक वक्ता प्रो. डॉ. गणपत राजपुरोहित, जिला परियोजना पदाधिकारी एवं जिला गंगा समिति भोजपुर के अमित कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक भुवन कुमार पांडेय तथा प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य वक्ता डॉ. गणपत राजपुरोहित ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि युवावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान किया गया परिश्रम ही भविष्य की सफलता की नींव तैयार करता है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई आसान रास्ता नहीं होता। लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत और लगन के साथ लगातार प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।





कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों युवाओं ने करियर, व्यक्तित्व विकास और जीवन से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डॉ. राजपुरोहित ने विस्तार से जवाब देकर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन ऐशना राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दीपू मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजन को सफल बनाने में नीतीश कुमार, निशांत कुमार, जितेश कुमार, हर्ष कुमार हिमांशु, सोनू गोंड, सुधांशु कुमार, अमन कुमार, रिपु कुमारी, रुपाली कुमारी, मुस्कान सिंह, खुशी सिंह, खुशी श्रीवास्तव, आलोक सिंह, बिट्टू कुमार, आयुष सिंह, अंजलि तिवारी, श्वेता राय, अनीशा पाठक, बिट्टू पांडेय, जय सिंह, सबदन पांडेय, रोशनी, लवली सिंह, राजा सिंह एवं हंसराज मंगलम सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए सामूहिक उपवास



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** छात्र संगठन अल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) एवं इंकलाबी नौजवान सभा के संयुक्त आह्वान पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सामूहिक उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सामूहिक उपवास कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव जयशंकर प्रसाद ने किया इन्होंने देश में मौजूद भाजपा के सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेद्र प्रधान का इस्तीफा का मांग करते हुए उन्होंने कहा कि उनके समय में और उनके कार्यकाल में लगातार देश के भीतर में तमाम पेपर लीक हो रहे हैं कोई भी पेपर कोई भी परीक्षा निष्पक्ष रूप से नहीं कराया जा रहा है।

उपवास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्था, परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियों, पेपर लीक, छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ तथा शिक्षा के व्यापारीकरण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। ऐसा और रिया के तमाम नेताओ ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था आज गंभीर संकट से गुजर रही है। लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में धांधली, विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक अराजकता और छात्रों के सवालों पर सरकार की चुप्पी यह साबित करती है कि केंद्र सरकार शिक्षा के सवाल पर पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। छात्रों और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन मौजूदा सरकार इस जिम्मेदारी से लगातार भाग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें। नीट पेपर लीक और परीक्षा घोटालों की निष्पक्ष जांच हो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएशिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और छात्र हितैषी बनाया जाए। मौके पर सचिव निरंजन केशरी, आइसा जिला सचिव जयशंकर प्रसाद, जिला अध्यक्ष विकाश कुमार, जिला सहसचिव सचिव चंदन दास, रौशन कुशवाहा, साहिल अरोरा, रिया जिला सहसचिव अखिलेश कुमार, हरिनारायण, महिला नेत्री नीतू कुमारी, वर्षा कुमारी, हांशिका, अनिता, विवेक, गौतम, विद्यानिवास, अनूप, सुमित, पंकज कुशवाहा, मनीष यादव, रणधीर राणा, राहुल आदि थे।

## आम तोड़ने से मना करने पर बुजुर्ग को जमकर पीटा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के छोटकी इटहना गांव में आम तोड़ने का विरोध करने पर बुजुर्ग की पिटाई कर दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन ने उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया। जख्मी बुजुर्ग कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी 70 वर्षीय एतवारू हैं। जख्मी के बेटे रेयाजुल ने बताया कि उनके पिता छोटकी इटहना गांव में आम के बगीचे की रखवाली करते हैं। सोमवार की सुबह जब वह बगीचे की रखवाली कर रहे थे। तभी अरविंद कुमार सिंह वहां आ धमका और आम तोड़ने लगा। जब उन्होंने उसे मना किया तो, उसने डंडों से उनकी पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों तके पहुंचेगी वैज्ञानिक जैविक कृषि तकनीक

**पटना (एनएसबी)।** इनेरा क्रॉप साइंस और क्रॉपनेक्स्ट सॉल्यूशंस ने बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में किसानों तक विज्ञान-आधारित जैविक कृषि समाधानों की पहुंच बढ़ाने के लिए बहुवर्षीय रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रुपये के कारोबारी अवसर सृजित होने का अनुमान है। साथ ही 5000 से अधिक चैनल पार्टनर्स और रिटेल आउटलेट्स के नेटवर्क के जरिए 65 लाख से अधिक किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। संस्थापक अगम खरे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर आज भारतीय किसानों के खेतों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। विश्वास है कि विज्ञान-आधारित जैविक समाधान खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और पुनर्योजी बना सकते हैं।

### बीमा जागरूकता बढ़ाने का आह्वान

**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय बीमा जागरूकता दिवस के अवसर पर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने देशभर के नागरिकों से बीमा को अपनी वित्तीय योजना का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। एमडी एवं सीईओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि भारत की विकास गाथा उसके लोगों की आकांक्षाओं और उनके जज्बे से आगे बढ़ रही है। जब व्यक्ति, परिवार और व्यवसाय बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, तब अनिश्चितताओं के लिए तैयार रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण हो जाता है। इस सफर में बीमा की भूमिका बेहद अहम है। यह केवल वित्तीय सुरक्षा ही नहीं देता, बल्कि लोगों को अपने सपनों और लक्ष्यों को अधिक आत्मविश्वास और मानसिक शांति के साथ पूरा करने का भरोसा भी देता है।

### लीना चंदावरकर बेटे के साथ मंच पर आएंगी नजर

**पटना (एनएसबी)।** इंडियन आइडल का आगामी एपिसोड हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर की खूबसूरत यादें ताजा करने के लिए तैयार है, क्योंकि दिग्गज अभिनेत्री लीना चंदावरकर अपने बेटे सुमित कुमार के साथ मंच पर नजर आएंगी। एक दिली बातचीत के दौरान उन्होंने किशोर कुमार के साथ अपने सफर को याद किया और उनकी शादी के अप्रत्याशित प्रपोजल और उन्होंने उनके परिवार की मंजूरी कैसे हासिल की, इसकी एक मजेदार कहानी साझा की। जब शो के होस्ट आदित्य नारायण ने लीना से पूछा, लीना जी कोई ऐसी बात जो आपको या किशोर दा को कही गई हो? जिस पर उन्होंने कहा, बातें तो बहुत हैं।

### हिन्दुस्तान जिंक ने पूरे किये 60 साल

**पटना (एनएसबी)।** वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 सिल्वर उत्पादकों में से एक वेदांता ग्रुप की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपनी 60वीं वार्षिक आम बैठक में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। संचालन के छह दशक पूरे होने पर हिंदुस्तान जिंक 2.0 विजन को और मजबूत किया, जो भविष्य के लिए तैयार मल्टी-मेटल एंटरप्राइज बनने की दिशा में एक निरंतर बदलाव की प्रक्रिया है। चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों में घरेलू क्षमताओं का विकास भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक प्रमुख आधार होगा।

### वर्तमान समय में कबीर और प्रासंगिक हो गए हैं

**बाढ़। (एनएसबी)।** संत कवि कबीरदास की जयंती पर बिहार केसरी श्री बाबू पुस्तकालय, अचुआरा में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि-लेखक हेमंत कुमार ने कहा कि कबीर शोषणमुक्त, भयमुक्त और समतामूलक समाज चाहते थे। वह एक ऐसे आदर्शवादी समाज के ख्वाहिशमंद थे, जिसमें पाखंड, अंधविश्वास, दिखावा, दमन-उत्पीड़न और कट्टरता के लिए कोई जगह नहीं हो। आज जब मजहबी उन्माद, जातीय कट्टरता, लोभ-स्वार्थ और भ्रष्टाचार में इजाफा हो रहा है तो ऐसे संक्रमण काल में कबीर और प्रासंगिक हो गए हैं।

### नीतीश ने वशिष्ठ नारायण से की शिष्टाचार मुलाकात

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री कुमार ने वशिष्ठ नारायण का कुशलक्षेम पूछा और उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच काफी देर तक समसामयिक राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, दोनों नेताओं ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन से जुड़ी अनेक पुरानी स्मृतियों और अनुभवों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ भी उपस्थित रहे।

### जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही सरकार : मंत्री

**जनसुनवाई में सुनील कुमार ने सुनीं आमजनों की समस्याएं**

**पटना (एनएसबी)।** सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर लोग पहुंचते हैं। प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए उसके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने बताया कि यह जनसुनवाई कार्यक्रम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित एक लोक कल्याणकारी पहल है, जिससे आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार विकास और जनकल्याण के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ा रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रदेश के हर क्षेत्र तक पहुंच रहा है।

### राजद पूरे राज्य में उत्सव के रूप में मनाएगी स्थापना दिवस समारोह

**पटना (एनएसबी)।** 5 जुलाई को राजद का 30वां स्थापना दिवस समारोह राज्य भर में उत्सव के रूप में जिला स्तर पर मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए हर जिला में तैयारी समिति की बैठक की जा रही है। उक्त बातें राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा। एजाज ने बताया कि 5 जुलाई के पूर्व अर्थात 1 जुलाई को यह कार्यक्रम राजद के राज्य मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए राजद कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। ज्ञात हो कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 30वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है, जिसका विशेष महत्व है। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में उपसमिति का गठन किया गया है। जिसमें बिनु यादव, डॉ. तनवीर हसन, आलोक कुमार मेहता, विजय साहू, नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, विधान पार्षद कारी मो. सोहैब, मुकुंद सिंह, अनीता भारती को सदस्य बनाया गया है, जो 0 1 जुलाई के कार्यक्रम की व्यवस्था और तैयारी पर कार्य करेंगे। एजाज ने आगे बताया कि 1 जुलाई को राजद कार्यालय के कपूरी सभागार में होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल सहित सांसद, विधायक, विधान पार्षद, पूर्व प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहेंगे।

### संस्कार भारती का मासिक संगोष्ठी आयोजित

**पटना।** संस्कार भारती, पटना महानगर इकाई के द्वारा मंचीय कला एवं लोक कला पर आधारित मासिक संगोष्ठी कार्यक्रम कला संवाद के अंतर्गत कला की भारतीय अवधारणा विषय पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता थी डॉ पल्लवी विश्वास, जो वरिष्ठ कलानेत्री एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में प्राध्यापक हैं। इस संगोष्ठी को मॉडरेट कर रहे थे बिहार रंगमंच के युवा कलाकार सह टीपी कॉलेज, मधेपुरा के सहायक प्राध्यापक डॉ. मदन मोहन कुमार। कार्यक्रम का आरंभ मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

# जदयू ब लोजपा जिलाध्यक्ष ने की नलिन शुभम से मुलाकात, डीएसपी बनने पर दी बधाई



**कहा, जिले के लिए है बहुत ही गर्व की बात**

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था बीच बाजार निवासी नरेश पासवान के पुत्र नलिन शुभम को 70 में बीएससी में 989 रैंक लाकर डीएसपी के परीक्षा पास की। जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। हालांकि सोमवार को जनता दल यूनाइटेड के अरवल जिलाध्यक्ष आनंद वर्मा, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र रंजन, भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता दीपक शर्मा, जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, जदयू नेता सोनू रजक, लोजपा नेता विकास पासवान, लोजपा कुर्था प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश पासवान, खेमकरण सराय पंचायत के पूर्व मुखिया रामप्रवेश पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना आलम, भाकपा माले नेता महेश यादव, समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने कुर्था का बेटा नलिन शुभम को डीएसपी बनने पर बधाई दी। हालांकि लोगों ने उन्हें फूल माला अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। हालांकि जैसे ही खबर आई थी कि बिहार लोक सेवा आयोग के 70 वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में 989 रैंक लाकर कुर्था का बेटा डीएसपी बन गया है तभी से ही नलिन शुभम के घर पर बधाईयों का दौर लगातार जारी रहा है लगातार विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उनके घर पर आकर बधाई दे रहे हैं। हालांकि सम्मान पाकर गदगद उनके माता-पिता भी अपने बेटे की सफलता पर खुशी से फुले नहीं समा रहे हैं।

## ढोढरा पुल के समीप चला वाहन जांच अभियान, कागजातों की हुई सघन जांच



जांच करते थाना अध्यक्ष ।

**कुर्था (एनएसबी)** कुर्था थाना पुलिस द्वारा सोमवार को थानाध्यक्ष चंदन झा के नेतृत्व में ढोढरा पुल के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आने-जाने वाले सभी दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक कागजातों की गंभीरता से जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष चंदन झा ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना वैध कागजात के वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## मेधावी विद्यार्थियों को पठन सामग्री एवं प्रतिभा सम्मान, शिक्षा को बताया विकास का सबसे बड़ा माध्यम






**जहानाबाद (एनएसबी)।** जन मुक्ति आंदोलन कार्यालय, डॉ. विनयन आश्रम, ग्राम नवादा में वंदना वेलफेयर सोसाइटी, खेमनीचक (पटना) द्वारा जन मुक्ति आंदोलन के सहयोग से क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जन मुक्ति आंदोलन के महासचिव हरी लाल प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदना वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मुख्य अतिथि जन मुक्ति आंदोलन के उपाध्यक्ष संत प्रसाद, विशिष्ट अतिथि महासचिव हरी लाल प्रसाद सिंह, ग्राम पंचायत पिंजौरा के प्रभारी मुखिया सुनील कुमार, सरपंच रामप्रवेश यादव सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पिंजौरा की मेधावी छात्रा शिखा कुमारी, जिन्होंने बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है, तथा प्रेम प्रकाश, जिन्होंने भी बीपीएससी में सफलता प्राप्त की है, को अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वंदना वेलफेयर सोसाइटी की सचिव कुमारी प्रीति सिन्हा, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं सत्यदेव कुमार ने प्राथमिक विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासचिव हरी लाल प्रसाद सिंह ने कहा कि "शिक्षा ही वह सबसे सशक्त माध्यम है, जिसके बल पर समाज के वंचित एवं छोटे तबके के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। इसलिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।" उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मेधावी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाना तथा शिक्षा का प्रकाश घर-घर तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया तथा ऐसे आयोजन आगे भी जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## बीपीएससी में परचम लहराने वाले छात्र से मिल लोजपा ( रा) जिलाध्यक्ष ने दी बधाई



बधाई देते लोजपा (रा) जिलाध्यक्ष।

**शहरतेलपा (एनएसबी)** जिला के अरवल प्रखंड अंतर्गत प्रसादी इंग्लिश निवासी एवं सोनबरसा पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार के सुपुत्र अविनाश कुमार बीपीएससी परीक्षा में 78 वां रैंक लाकर एसडीएम के पद पर चयनित होने पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने उनके घर पहुंचकर अविनाश कुमार को फूलमाला , अंगवस्त्र एवं मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी । लोजपा( रा ) जिलाध्यक्ष सतेंद्र रंजन ने अविनाश कुमार एवं उनके परिजनों से मिलकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया । सतेंद्र रंजन ने कहा कि अविनाश कुमार का यह अभूतपूर्व सफलता विशेष तौर पर प्रतियोगी छात्र - छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। आगे जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने विश्वास जताते हुए कहा कि अविनाश कुमार एसडीएम के रूप में प्रशासनिक सेवा के माध्यम से समाज और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे ।अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए न्याय संगत कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, जिला महासचिव रामानंद भगत, जिला सचिव अमित कुमार, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमेश रजक, उग्रेश पटेल, अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार मुख्य रूप से शामिल है।

## एसडीएम बनने पर अभिनाश कुमार को भाकपा माले नेताओं ने दी बधाई, किया सम्मानित



सम्मानित करते माले नेता।

**अरवल (एनएसबी)।** प्रखंड के ग्राम प्रसादी इंग्लिश निवासी एवं पूर्व मुखिया अशोक सिंह कुशवाहा के पुत्र अभिनाश कुमार के एसडीएम बनने पर भाकपा माले के नेताओं ने उनके घर पहुँचकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर भाकपा माले के पूर्व विधायक कॉ. महानंद सिंह, जिला सचिव कॉ. जितेंद्र यादव, राज्य कमेटी सदस्य कॉ. रविन्द्र यादव, कॉ. लीला वर्मा, पार्टी जिला कमेटी सदस्य कॉ. नीतीश कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता उग्रेश पटेल उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक कॉ. महानंद सिंह ने कहा कि "अभिनाश कुमार की सफलता पूरे अरवल जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें विश्वास है कि वे प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी, निष्पक्षता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का कार्य करेंगे। उनकी उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।" नेताओं ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं की सफलता समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और नई पीढ़ी को शिक्षा एवं कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित करती है। सभी ने अभिनाश कुमार के सफल, जनोन्मुखी एवं उज्ज्वल प्रशासनिक जीवन की कामना की।

## वित्त रहित शिक्षा नीति की समाप्ति को लेकर राज्यव्यापी महाआंदोलन का अरवल से होगा आगाज : संजय



**अरवल (एनएसबी)।** वित्त रहित शिक्षा नीति की समाप्ति, वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के समायोजन तथा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सम्मानजनक नियमित वेतनमान दिलाने की मांग को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नेतृत्व में राज्यव्यापी महाआंदोलन का शुभारंभ मंगलवार 30 जून को अरवल से होगा। आंदोलन की शुरूआत जिला समाहरणालय, अरवल के समीप आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन से होगी। धरना के उपरांत जिला पदाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम मांगपत्र सौंपा जाएगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य, रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद डॉ. संजय यादव ने बताया कि यह आंदोलन चार दशकों से अधिक समय से वित्त रहित शिक्षा व्यवस्था से जुड़े शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्त रहित शिक्षक समाज ने सीमित संसाधनों में लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा है, लेकिन आज भी नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन से वंचित है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के माध्यम से मुख्यमंत्री से वित्त रहित शिक्षा नीति की समाप्ति, वित्त रहित डिग्री कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के समायोजन, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सम्मानजनक नियमित वेतनमान, सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए पेंशन, दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों के लिए सामाजिक सुरक्षा, वित्त रहित शिक्षक समाज को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा तथा प्रखंड स्तरीय डिग्री कॉलेज स्थापना योजना में पहले से संचालित वित्त रहित महाविद्यालयों को प्राथमिकता देने की मांग की जाएगी। डॉ. संजय यादव ने कहा कि अरवल से प्रारंभ होने वाला यह आंदोलन चरणबद्ध रूप से बिहार के सभी जिलों तक पहुँचेगा। प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि सरकार तक वित्त रहित शिक्षक समाज की आवाज प्रभावी ढंग से पहुँच सके। उन्होंने बताया कि अरवल कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, वित्त रहित डिग्री कॉलेजों, इंटर कॉलेजों एवं विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्राचार्य, सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षा प्रेमी, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक भाग लेंगे। डॉ. संजय यादव ने अरवल जिले के सभी वित्त रहित शिक्षक साथियों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को ऐतिहासिक सफलता दिलाने की अपील की।

## राबड़ी ने फिर मांगी बंगले के सामानों की सूची

**पटना (एनएसबी)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास खाली कर दिया। अब वे 1 पोलो रोड स्थित अपने आवास में शिफ्ट हो गए हैं। बंगला खाली करने के नोटिस का आज आखिरी दिन था। इस बीच राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर 5 जुलाई तक आवास खाली करने का वक्त मांगा है। 5 जुलाई को ही राजद का स्थापना दिवस भी है।

पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखी गई है, उसमें कहा गया है कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया जा सका है। इस रजिस्टर में उन सभी सामानों की सूची दर्ज है, जिन्हें इस बंगले में शिफ्ट होते वक्त राबड़ी देवी को उपलब्ध करवाया गया था। ये चार्ज रजिस्टर राबड़ी देवी को साल 2006 में उपलब्ध करवाया गया था। राबड़ी देवी ने इस पत्र के जरिए चार्ज रजिस्टर दोबारा से उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सामानों के मिलान में किसी तरह का कन्फ्यूजन न हो। इधर, तेज प्रताप यादव राबड़ी आवास पहुंचे। जब मीडिया उनके पास पहुंची, तो उन्होंने खुद वीडियो बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, ये लोग सम्राट चौधरी के आदमी हैं। मेरी हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री का 5 देशरत्न मार्ग में गृह-प्रवेश

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार अब आधिकारिक तौर पर 5 देशरत्न मार्ग में गृह प्रवेश किया है। सोमवार को पूर्णिमा का शुभ दिन है। आज पूरे परिवार के साथ नए आवास में गृह प्रवेश और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे और पूजा में शामिल हुए। करीब 10 मिनट तक कार्यक्रम में मौजूद रहने के बाद वह अपने सरकारी आवास 7 सर्कुलर रोड के लिए रवाना हो गए। निशांत कुमार इस आवास में नहीं रहेंगे, यहां पर सिर्फ उनके स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा काम होगा, कार्यालय होगा।